CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, शुक्रवार 20 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 229 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी: अमित शाह पेज 2



बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने शतरंज में वर्ल्ड नंबर-1 को हराया खेल टाइम्स



ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे में मुलाकात पेज 12

### ईरान से 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजरायल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया कि वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी एरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद गुरुवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के एरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।

# रूस ने अमेरिका को चेताया

## कहा: ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, दखल दिया, तो होंगे गंभीर नतीजे

**मास्को, वार्ता**

**रूस ने गुरुवार** को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इजरायल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम खास तौर पर वाशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे।

उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान पर इजरायल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझाएं और युद्ध को रोके।



### चीन ने भी की शांति बनाए रखने की अपील, पुतिन और जिनपिंग ने इजरायल के हमलों की निंदा की

एएफपी ने चीनी समाचार एजेंसी के हवाले से कहा कि शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष में शामिल पक्षों, खासकर इजरायल को तुरंत हमले बंद कर देने चाहिए, ताकि हालात और न बिगड़ें और युद्ध दूसरे क्षेत्रों में न फैले। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों (रूस और चीन) का नजरिया एक जैसा है और दोनों ने इजरायल की कार्रवाई की कड़ी निंदा की हैं। दोनों नेताओं ने यह बात भी मानी कि पश्चिम एशिया में युद्ध -शेष पृष्ठ दो पर

### खामेनेई मॉडर्न हिटलर, उन्हें जीने का हक नहीं: इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिये इजरायल को खत्म करना चाहा है। ईरान ने गुरुवार सुबह इजरायल के चार शहरों तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर 30 मिसाइलें दागीं। इनमें 7 मिसाइलों को इजरायली डिफेंस सिस्टम रोकने में नाकामयाब रहा। इसमें 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। बीर्शेबा में एक अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर पर मिसाइल गिरी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान जानबूझकर इजरायली नागरिकों और अस्पतालों को निशाना बना रहा है। हम तेहरान में बैठे अत्याचारियों से इसकी -शेष पृष्ठ दो पर

# गले की फांस बना नोटों को जलाने का मसला

## खुलासा: जस्टिस वर्मा का ही था स्टोर रूम पर कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई है। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी संख्या में अधजले नोट मिले थे।

पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के बुरे व्यवहार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए समिति इस बात पर सहमत है कि सीजेआई के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।



### कैश केस- जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटाएं

### कर्नाटक में 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।


पतंजलि

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

योगमय भारत: स्वामी रामदेव जी का आह्वान

आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



विश्व के सबसे बड़े योग गुरु
योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें
आस्था LIVE प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे | INDIA TV रोज सुबह 7:56 बजे



"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को ''जागरण के देवता'' के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के ये प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। "Prosperity for Charity": पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराए। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।

शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।



## संक्षिप्त समाचार

### नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों के निस्तारण में आई तेजी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने एक जनवरी से 10 जून के बीच नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों की पेंडेंसी का गहन विश्लेषण किया। इस अवधि में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या एवं उनके निस्तारण की दर से स्पष्ट हुआ कि विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'पेपरलेस, फेसलेस और कैशलेस' अभियान के सकारात्मक नतीजे दिखाई पड़ रहे हैं। समीक्षा में पता चला कि राज्य के कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें गाजियाबाद में कुल 24,115 आवेदनों में केवल 15 आवेदन ही लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.06 प्रतिशत है। प्रयागराज (आरटीओ प्रयागराज) में कुल 23,914 में से केवल 33 आवेदन लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.13 प्रतिशत है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर में 13,523 आवेदनों में से केवल 20 आवेदन (0.15 प्रतिशत) ही लंबित हैं।

### उमर ने वंदे भारत ट्रेन से किया सफर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को श्रीनगर से कटरा तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। अब्दुल्ला के साथ उनके सलाहकार नासिर असलम वानी भी थे। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आज सुबह नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए वंदे भारत ट्रेन में सवार हुए। बाद में वह जम्मू जाएंगे। इससे पहले, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और उनके पिता फारूक अब्दुल्ला भी इसी ट्रेन से कटरा गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्घाटन के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस सात जून से कश्मीर घाटी और जम्मू के कटरा शहर को बनिहाल के रास्ते जोड़ते हुए शुरू हो गयी है। यह अर्ध-हाईस्पीड ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

# यूपी डिफेंस कॉरिडोर में सात इकाइयों ने शुरू किया संचालन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) में सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संचालन शुरू कर दिया है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 2018 में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा स्थापित और विकसित किया गया यह गलियारा कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में फैला हुआ है। यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों ने यूपीडीआईसी में संचालन और उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विभिन्न नोड्स में अब तक 28 हजार 809 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिसमें लगभग 47 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, इनमें से अधिकांश में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वहीं सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संचालन भी आरंभ कर लिया है, जिससे यह गलियारा अत्याधुनिक निर्माण और रणनीतिक उत्कृष्टता के केंद्र रूप में उभर रहा है।

# उपचुनाव: पांच विस सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा मतदान

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश के चार राज्यों गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। शाम पांच बजे केरल के नीलाम्बुर सीट पर सबसे अधिक 70.76 प्रतिशत और पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार गुजरात विधानसभा की दो तथा केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। अभी तक मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है। आयोग के अनुसार गुजरात की विसावादार सीट पर पांच बजे तक 54.61 प्रतिशत और कड़ी सीट पर 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76



■ केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76 प्रतिशत वोट पड़े

प्रतिशत, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर 49.07 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर 69.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। गुजरात विधानसभा चुनाव के समय विसावादार सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली थी। विधायक के पाला बदलने तथा इस्तीक्ता देने के कारण यह सीट रिक्त हुई थी। भारतीय जनता पार्टी ने उपचुनाव में इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंकी हुई है। कड़ी सीट भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के बाद खाली थी। पार्टी ने इस सीट पर राजेंद्र चावड़ा को उतारा है, जबकि कांग्रेस ने रमेश चावड़ा और आम आदमी पार्टी ने जगदीश चावड़ा को मैदान में उतारा है। पश्चिम बंगाल में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। राज्य की कालीगंज सीट पर उपचुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस-वाम गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अलीक्ता अहमद, भाजपा के आशीष घोष और कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

### इनके निधन से खाली हुई थी सीट

कालीगंज विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व अलीक्ता के पिता ने एक दशक तक किया था। इस साल की शुरुआत में तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा विधायक नसीरुद्दीन अहमद की मृत्यु के कारण यह सीट रिक्त पड़ी थी। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन से रिक्त हुई थी। इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने उद्योगपति और राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जीवन गुप्ता और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को चुनाव मैदान में उतारा है। केरल की नीलम्बुर विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी है। दूरदराज और शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं, जो मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत है। कुछ तकनीकी समस्याओं को छोड़कर चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी।

## हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं: गृह मंत्री

# अंग्रेजी बोलने वाले को जल्दी ही आएगी शर्म

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के मौके पर दिया।

शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा कि अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय



■ पूर्व आईएएस आशुतोष की पुस्तक के विमोचन पर बोले गृहमंत्री अमित शाह

समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे। अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है। पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है। शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए, क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

### सत्ता का दुरुपयोग करती है भाजपा: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों और नेताओं की छवि खराब करने के लिए भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था और बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं, जिसका नतीजा है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार है। हर कार्य में लूट मची है। आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का व्यवहार अलोकतांत्रिक और तानाशाही का है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को वह अपने नियंत्रण में करना चाहती है। भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां देश के उद्योग और व्यापार का नुकसान कर रही है। भाजपा-आरएसएस विपक्ष में रहने के दौरान स्वदेशी का नारा देते थे। बड़े-बड़े दावा करते थे। आरएसएस के लोग स्वदेशी अपनाने को लेकर लम्बे-लम्बे भाषण करते थे। इन लोगों ने सत्ता में आने पर ऐसी नीतियां बना दी है कि पूरा देश विदेशी सामानों से भरा पड़ा है। देश के बाजार चीनी सामानों से पटे है। अब ये स्वदेशी की बात नहीं करते है। इस सरकार की गलत नीतियों से देश के कुटीर और छोटे उद्योग बर्बाद हो गए।

# कानपुर के सीएमओ डा. नेमी को निलंबित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कार्य में अनियमितिता के आरोप में कानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरिदास नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर श्रावस्ती के मौजूदा एसीएमओ डा. उदय नाथ को कानपुर भेजा गया है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि कार्य में शिथिलता और अनिमियतिता बरतने के आरोप में डा. नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में उन्हे कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं संबद्ध किया गया है। चिकित्सा शिक्षा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सचिव रितु महेश्वरी ने आज एक अधिसूचना जारी कर डा. नेमी के निलंबन की पुष्टि की। डा. नेमी पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रीय

■ डा. उदय नाथ होंगे नए सीएमओ

स्वास्थ्य मिशन में रिक्त पदों पर की जाने वाली नियुक्तियों के संबंध में चयन प्रक्रिया के विपरीत पदों का विज्ञापन/प्रकाशन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर नहीं कराया। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों की भी अवहेलना की। उन्होने बताया कि श्रावस्ती के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. उदय नाथ को कानपुर का नया मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और डा. नेमी के बीच विवाद पिछले दिनों सुर्खियों में रहा है। डा. नेमी की पैरवी विधानसभा अध्यक्ष समेत भाजपा के तीन स्थानीय विधायकों ने की थी, जबकि उनके विरोध में भाजपा के एक विधायक सामने आए थे।

---

सेंसेक्स 81361.87
निफ्टी 24793.25

सोना रु. 98768
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 107343
प्रति किलो




# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सतर्क संकेतों और मध्य.पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, रियल्टी और सर्विसेज समेत 20 समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 82.79 अंक टूटकर 81361.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.80 अंक फिसलकर 24793.25 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,941.19 अंक और स्मॉलकैप 1.77 प्रतिशत लुढ़ककर 52,093.75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4117 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में बिकवाली जबकि 959 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में



कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 2363 में गिरावट जबकि 516 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में ऑटो की 0.42 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा।

इससे कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 0.73, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 1.10, आईटी 1.14, दूरसंचार 1.06, यूटिलिटीज 1.61, बैंलकग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.06, धातु 1.18, तेल एवं गैस 0.82, पावर 1.24, रियल्टी 1.63, टेक 0.64, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.95 लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर भी गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23, जर्मनी का डैक्स 0.32, जापान का निक्केई 1.02, हांगकांग का हैंगसेंग 1.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत कमजोर रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 41 अंक की गिरावट लेकर 81,403.94 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,191.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से इसके थोड़ी देर बाद ही यह 81,583.94 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,444.66 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 81361.87 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी नौ अंक फिसलकर 24,803.25 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,733.40 अंक के निचले, जबकि 24,863.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,812.05 अंक की तुलना में 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 अंक पर बंद हुआ।

### सोने का भाव 686 गिरकर 98,768 पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 686 गिरकर 98,768 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,454 पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है। चांदी की कीमत भी 2,069 गिरकर 1,07,343 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,09,412 पर बंद हुई थी। नई दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800, मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है, जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है।

# उठाव कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4077 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की गिरावट के साथ 54.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे

और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16849 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 15751 रुपए, सोया रिफाइंड 13919 रुपए, पाम ऑयल 13000 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

---

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रूस ने...**

रोकना फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता है। शिन्हुआ के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष विराम और हमलों को रोकना सबसे जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका हथियार नहीं, बातचीत है। पुतिन और जिनपिंग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच सैन्य झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने पहली बार सार्वजनिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई को खत्म करने की धमकी दी। अब तक चले इस संघर्ष के दौरान उनकी ओर से यह सबसे सख्त बयान माना जा रहा है। काट्ज ने तेल अवीव के पास होलोन शहर में एएफपी से बातचीत में कहा कि खामेनेई खुले तौर पर कहते हैं कि वह इजरायल का खात्मा चाहते हैं। वह खुद अस्पतालों पर हमला करने का आदेश देते हैं। इजरायल को मिटाना उनके लिए एक लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे इंसान को अब और जीने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**खामेनेई...** पूरी कीमत वसूलेंगे। ईरान और इजरायल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजरायल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वाशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने भी ईरान में अराक हैवी वाटर रिएक्टर पर हमला किया। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। हमले से कुछ घंटे पहले ही इजरायली सेना (आईडीएफ) ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है।

### डीपीआईआईटी ने किया योर स्टोरी मीडिया से करार

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने देश में समावेशी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और स्टार्टअप वातावरण को मजबूत करने के लिए निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म, योर स्टोरी मीडिया प्रा. लि. के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डीपीआईआईटी के उप सचिव राजेश कुमार और योर स्टोरी और द भारत प्रोजेक्ट की संस्थापक और सीईओ श्रद्धा शर्मा ने यहां दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह भागीदारी छोटे और मझोले दर्जे के शहरों में उभरती प्रतिभाओं का सहयोग करने के डीपीआईआईटी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए।

अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को यहां लैंगिक बजट पर एक परामर्श कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों एवं विभागों के सहयोगियों को योजनाओं की समीक्षा लैंगिक दृष्टिकोण से करनी चाहिए। योजनाओं का लाभ महिलाओं तक अधिक प्रभावी रूप से पहुंचाने के तौर तरीकों की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में स्पष्ट लैंगिक परिणाम संकेतक शामिल किए जाने चाहिए और लैंगिक बजट को अपनी दीर्घकालीन नियोजन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लैंगिक बजट के महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए राज्य स्तर पर सभी पक्षों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श शुरू करना चाहिए।

■ पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि लैंगिक बजट के निर्धारण और व्यय में राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और संबंधित आंकड़ों में पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही तय होनी चाहिए। सभी पक्षों को लैंगिक कार्रवाई की प्रतिबद्धता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साझेदारी को मजबूत करने, क्षमता में निवेश करने और अपने सफल मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए निवेश किया जाता है तो प्रगति, समृद्धि और अधिक न्यायसंगत और समतापूर्ण समाज के लिए निवेश किया जाता है। सरकार के महिला नेतृत्व में विकास के संकल्प का उल्लेख करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी है, जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं, बल्कि वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक, रसोई से लेकर बोर्डरूम तक, नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लोकदल की विरासत और सुनील की नई भूमिका, विपक्ष में उभरता एक छिपा केंद्र

( वीरेश तरार )

**लखनऊ।** गुरुवार को जब लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तो रानीति के गुरु पंडितों ने भी अपने अपने कयास लगाने शुरु कर दिये दर असल उनकी नजर में वहन बधाई संदेश सिर्फ एक औपचारिक शिष्टाचार नहीं था। राजनीति में प्रतीकों का बड़ा महत्व होता है और यह प्रतीक इस बार एक लंबे मौन के टूटने जैसा था।

उन्होंने लिखा कि ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और जनसेवा के मार्ग पर निरंतर नई ऊंचाइयां प्रदान करें। यह शुभकामना इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह ऐसे वक्त पर आई है जब जयंत चौधरी, जो राष्ट्रीय लोकदल का चेहरा माने जाते रहे हैं, अब भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। चौधरी सुनील सिंह केवल एक राजनीतिक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि एक वैचारिक धारा के उत्तराधिकारी हैं। यह वही धारा है जिसकी शुरुआत चौधरी चरण सिंह ने की थी ख्र भारतीय क्रांति दल से लेकर लोकदल और फिर जनता पार्टी तक। जब 1977 में देश में आपातकाल के खिलाफ माहौल बना और तमाम विरोधी दलों का एकीकरण हुआ, तब चौधरी चरण सिंह की भूमिका केंद्रीय थी। लोकदल, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी, भारतीय लोकदल, समाजवादी पार्टी और जनसंघ जैसे दलों के साथ मिलकर जनता पार्टी बनी और इसी के बल पर पहली बार कांग्रेस केंद्र की सत्ता से बाहर हुई। लेकिन उसी समय कुछ नेताओं ने उस विलय का विरोध भी किया था। अलीगढ के निवासी राजेंद्र चौधरी उनमें से एक थे। अलीगढ एक जमाने में चौधरी चरणसिंह के व्यापक प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यहीं के निवासी थे चौधरी राजेंद्र सिंह-- जो चौधरी चरण सिंह की राजनीति के लिए मजबूत स्तम्भ के रूप में जाने जाते थे। अलीगढ ही नहीं लखनऊश में भी उनकी सियासी पकड काफी मजबूत थी। उन्होंने चरण सिंह की स्वायत्त सोच का समर्थन किया और अलग रास्ता चुना। आज



उन्हीं राजेंद्र चौधरी की झंडाबरदारी वाली राजनीतिक विरासत को उनके बेटे चौधरी सुनील सिंह आगे बढ़ा रहे हैं। लखनऊ और अलीगढ़ की धरती पर उनका शैक्षिक और सामाजिक आधार है, और इसी आधार से अब वह फिर से सक्रिय हो रहे हैं। जयंत चौधरी जब से भारतीय जनता पार्टी के पाले में आए हैं, तब से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की किसान राजनीति में एक नया वैक्यूम पैदा हुआ है। चौधरी चरण सिंह के अनुयायी खासकर जाट वोट बैंक जो हमेशा से चौधरी चरण सिंह की विरासत के साथ रहा है, वह अब दोराहे पर है। भाजपा के साथ जाते ही जयंत को अपने परंपरागत समर्थन के खिसकने का खतरा है। इसी बीच राहुल गांधी को शुभकामना देकर सुनील सिंह ने अपने मौन को तोड़ा है और गठबंधन की ओर एक सांकेतिक संकेत दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि सुनील सिंह सपा-कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा बनते हैं, तो वे न केवल जयंत को टक्कर देंगे बल्कि भाजपा के समक्ष भी एक जमीनी चुनौती पेश कर सकते हैं। वे न तो नए नेता हैं और न ही बिना आधार के। उनका लखनऊ और अलीगढ़ जैसे शहरों में शिक्षण संस्थानों और किसान संगठनों से गहरा जुड़ाव है। यह गौर करने वाली बात है कि 2017 के विधानसभा चुनावों में भी सुनील सिंह के लोकदल ने कई सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिससे राष्ट्रीय लोकदल को नुकसान पहुंचा था। यह प्रतिस्पर्धा जयंत और सुनील के बीच 'विरासत की प्रामाणिकता' की लड़ाई बन गई थी। लेकिन अब परिख्रश्य बदल चुका है ख्र जयंत भाजपा के साथ हैं, जबकि कांग्रेस और सपा भाजपा के खिलाफ मोर्चा बना रही हैं।

ऐसे में यदि सुनील सिंह इस गठबंधन में शामिल होते हैं, तो यह त्रिकोणीय नहीं बल्कि एक नयी बदली हुई रूप रेखा का मुकाबला हो जाएगा। जहां सुनील सिंह के पास खोने को कुछ भी नहीं लेकिन पाने को बहुत कुछ भी हो सकता है। क्षलखनऊक्षक्ष और अलीगढ़ जैसे क्षेत्रों में सुनील सिंह की सक्रियता यह संकेत दे रही है कि वे न केवल संगठनात्मक तौर पर खुद को सशक्त कर रहे हैं, बल्कि गठबंधन के लिए एक निर्णायक आवाज भी बन सकते हैं। यदि उन्हें गठबंधन में उचित भूमिका दी जाती है, तो यह सीटों के समीकरण को भी प्रभावित करेगा और गठबंधन को जमीनी मजबूती भी प्रदान कर सकता है। सुनील सिंह के कांग्रेस-समर्थन वाले संकेत को केवल बधाई मान लेना राजनीतिक मासूमियत होगी। यह संकेत भविष्य की एक नई धुरी बन सकता है एक ऐसा ध्रुव जो न केवल जाट मतदाताओं को भाजपा से वापस खींच सकता है, बल्कि विपक्षी गठबंधन को एक जाट चेहरा भी प्रदान कर सकता है, जो भाजपा के समानांतर खड़ा हो। यह वही रणनीति हो सकती है, जिससे सन् 1977 में कांग्रेस को हटाया गया था। अगर कांग्रेस और सपा इस राजनीतिक अवसर को समय रहते पहचान लें और सुनील सिंह को रणनीतिक साझेदार बनाएं, तो यह गठबंधन जयंत और भाजपा दोनों को चुनौती देने की स्थिति में आ सकता है। विशेषकर पश्चिमी उत्तर जहां किसान, अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलित वोट भाजपा से छिटकने की संभावना में हैं। राजनीति में चुप्पी हमेशा निष्क्रियता नहीं होती कई बार वह तूफान से पहले की शांति होती है। सुनील सिंह की चुप्पी अब टूटी है, और उनके शब्दों में भविष्य की राजनीति का संकेत छिपा है। राहुल गांधी को बधाई देने की यह एक घटना शायद आने वाले चुनाव की दिशा तय करने वाली बन जाए।

# प्रेमी की कुल्हाड़ी से हत्या के बाद प्रेमिका ने भी दी जान

## लोकलाज और पारिवारिक बंधनों के सामने हार गया आध्यात्मिक प्रेम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जिस प्रेम के सामने न उम्र की सीमा थी, न समाज का डर, न जीवन-मरण की चिंता ख्र वही प्रेम अंततः हिंसा और और उससे उपजे सदमे की भेंट चढ़ गया। लखनऊ में एक मार्मिक प्रेम कथा का त्रासद अंत हुआ, जिसमें पहले एक महिला के प्रेमी की उसके ही पति और बेटे ने निर्मम हत्या कर दी, और तीन दिन बाद सदमे में डूबी प्रेमिका ने भी खुदकुशी कर ली।

चालीस पार की उम्र में जब अक्सर जीवन के सपनों की राख ठंडी हो चली होती है, मीरा और संजय का प्रेम उस राख में सुलगती हुई चिंगारी जैसा था। यह बचपन का प्रेम था, जो किशोरावस्था में अधूरा रह गया था। मीरा की शादी जबरन कर दी गई थी। विवाह से एक पुत्र भी हुआ, लेकिन वह वैवाहिक जीवन में कभी सुखी नहीं रही। वर्षों बाद जब संजय से दोबारा संपर्क हुआ, तो दोनों के बीच भावनाओं की तपिश फिर से जाग उठी। दोनों मिलने-जुलने लगे, और एक बार मीरा संजय के साथ भाग भी गई थी।

परिवार इस रिश्ते से खफा था। तीन दिन पूर्व जब संजय, मीरा से मिलने आया, तब मीरा के पति और बेटे ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला किया। संजय ने जान बचाने के लिए नाले में छलांग भी लगाई, पर बच नहीं सका। उसका क्षत-विक्षत शव बाद में मिला। मीरा ने उस समय थाने और मीडिया के समक्ष स्पष्ट कहा था कि उसके प्रेमी की हत्या उसके पति और बेटे ने मिलकर की है। उसने यह भी कहा था कि वह संजय के बिना नहीं रह सकती और उससे सच्चा प्रेम करती है। तीन दिन तक वह शोक और मानसिक अशांति से जूझती रही। और अंततः उसने अपने ही घर की छत में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। इस प्रेम कहानी की सबसे द्रवित करने वाली बात यह है कि यह प्रेम वासना नहीं, एक परिपक्व और आत्मिक जुड़ाव था ख्र उस उम्र में जब अक्सर जीवन थकने लगता है, इन दोनों ने फिर से प्रेम में जीवन तलाशा था। लेकिन लोकलाज, सामाजिक दवाब, और पारिवारिक क्रूरता ने इस प्रेम को न केवल अपमानित किया, बल्कि उसे मौत की सजा भी दे दी। यह सवाल छोड़ गया कि क्या आज भी प्रेम की स्वतंत्रता केवल युवा उम्र तक सीमित है? क्या सच्चा और परिपक्व प्रेम समाज को स्वीकार्य नहीं? मीरा और संजय की प्रेम कथा का अंत आत्महत्या और हत्या में हुआ, लेकिन यह प्रेम अमर हो गया, एक ऐसा प्रेम जो सांसारिक बंधनों से परे, आत्मा से आत्मा के मिलन की चाह रखता था। यह समाज के लिए चेतावनी भी है और सवाल भी ख्र कि क्या हम अब भी प्रेम को समझने और स्वीकार करने के लायक हुए हैं।

### कई पुलिस अधिकारियों के हुए तबादले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश कुमार शुक्ल को स्थानांतरित करते हुए बिसवां का क्षेत्राधिकारी बनाया है। मिश्रित सीओ दीपक कुमार सिंह को स्थानांतरित का महोली सीओ बनाया है। महोली सीओ विशाल गुप्ता को सदर सीओ बनाया है। वही आलोक प्रसाद को मिश्रित सीओ की कमान सौपी है। इधर एसपी अंकुर अग्रवाल ने बिसवां की सांडा पुलिस चौकी के प्रभारी श्यामू कनौजिया का कद बड़ा करते हुए उन्हें इमलिया सुल्तानपुर थाने का थानाध्यक्ष बनाया है।

# महिला की हत्या कर शव गुमटी के पास फेंका

## प्रेम नारायण उर्फ प्रेमी और विमला गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद के मऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियारी कलां में एक महिला की हत्या कर शव को गुमटी के पास फेंक देने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है।

घटना में शामिल नामजद एक पुरुष अभियुक्त प्रेम नारायण मिश्रा उर्फ प्रेमी और एक महिला अभियुक्ता विमला देवी को प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्ग विजय सिंह व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर 19 जून की सुबह गांव के हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि 17 जून की सुबह लगभग पांच बजे ग्राम बरियारी कलां निवासी रंची देवी का शव गांव के ही धर्मेन्द्र तिवारी की गुमटी के पास पाया गया था। मृतका के पति रामनरेश रविदास ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि गांव के ही प्रेमी मिश्रा और विमला देवी से पूर्व से ही उनका पारिवारिक विवाद चला आ रहा था और इन लोगों ने उन्हें धमकी भी दी थी। उसी रंजिश में रंची देवी की हत्या कर दी गई। तहरीर के आधार पर थाना मऊ में हत्या व एससी/एसटी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह व उनकी टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चोबीस घंटे के भीतर घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि आपसी झगड़े के चलते उन्होंने रंची देवी की हत्या कर शव को गुमटी के पास उसी की साड़ी से फंदा लगाकर लटका दिया था।

# अयोध्या में पटेल और अटल की याद में बनेगा स्मृति द्वार

**अयोध्या।** धार्मिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे के विकास में नए आयाम स्थापित कर रही अयोध्या में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 'स्मृति द्वार' का निर्माण कराया जाएगा।

शासन ने इसकी स्वीकृति देते हुए निर्माण के लिए पहली किस्त भी जारी कर दी है। इस परियोजना से अयोध्या की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गरिमा और बढ़ेगी। अम्बेडकरनगर मार्ग में बाकरगंज बाजार में लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार व अयोध्या गोण्डा मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास अटल बाजपेई द्वार का निर्माण कराया जाएगा। लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार की लागत 16.57 लाख रुपये आएगी, जिसके तहत 9.42 लाख रुपये की प्रथम किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी द्वार की लागत 17.17 लाख आएगी। जिसकी प्रथम किश्त के रुप में 10.302 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। अयोध्या धाम में फटिक शिला पार्किंग का निर्माण व पयर्टकीय सुविधाओं का विकास का कार्य, रामपथ व धर्मपथ पर मिस्टिंग फैन का कार्य, राम की पैड़ी पर आरती घर व पयर्टन विकास का कार्य, लता चौक के दाहिने तरफ राम की पैड़ी कैनाल रोड़ पर धर्मपथ के समानान्तर राष्ट्र की संस्कृति को प्रर्दशित करने वाले थीम वाल का सौन्दयीकरण प्रस्तावित है। इसके साथ नगर निगम क्षेत्र में 17 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। रीडगंज चौराहे से गुलाबबाड़ी तक मार्ग का चौड़ीकरण 9.50 करोड़, लगभग 33 करोड की लागत से रामपथ से गद्दोपुर होते हुए रायबरेली रोड तक चौड़ीकरण, 40 करोड की लागत से देवकाली से जेल रोड का चौड़ीकरण तथा सुदृढीकरण, लगभग 113 करोड की लागत से नियावां चौराहे से पाटेश्वरी देवी मंदिर होते हुए रामपथ तक फोरलेन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। रामकथा पार्क में नवीन पर्यटक आवास गृह का निर्माण कार्य, गुलाबबाड़ी पार्क का सौन्दयीकरण, गुप्तारघाट में यात्रियों की सुविधा के लिए बैंच व प्रकाश व्यवस्था, राजघाट के निकट एम्पिलिथिएटर एवं फूड कोर्ड का कार्य, किया जाएगा।

### प्रयागराज में सड़क किनारे मिला महिला का शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के हंडिया क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक महिला का शव सड़क किनारे पाया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र में जमशेदपुर गेट के पास सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लगती थी। वह अक्सर इस क्षेत्र में भटकती हुई दिखाई देती थी। संभवतः उसको किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी तलाशने में जुटी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई महिला को पहचानता है तो सैदाबाद पुलिस से संपर्क करे।

# सरकार महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े छिपा रही है: संजय सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सरकार पर महाकुंभ में मरने वाले श्रद्धालुओं के आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया है।



श्री सिंह ने सर्किट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि प्रदेश सरकार कुंभ में मची भगदड़ में मरने वालो के आंकड़े छिपा रही है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि एक मीडिया संस्थान ने महाकुंभ में मारे गए 82 परिवारों के घर जाकर बातचीत किया, जिसमें परिजनों ने भगदड़ में अपने परिजन की मौत की बात स्वीकार किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मृतकों के परिजनों का मुंह बंद रखने के लिए पश्चिम बंगाल, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों के मृतकों के घर पांच-पांच लाख रुपए नकद भेजे जा रहे हैं और कहा कि वे यह न/न कहें कि महाकुंभ भगदड़ में उनके परिजनों की मौत हुई है। उन्होंने यह सवाल उठाया कि सरकार यह पैसा कहां से और किस मद से दे रही है। सरकार मौत के आंकड़े क्यों छिपा रही है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात क्या हो सकती है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के 'चाणक्य[ कहे जाने वाले के-गोलवदाचार्य के सगे भाई वासुदेवाचार्य की भी महाकुंभ भगदड़ में मौत हो गई।

उनकी बॉडी को लावारिस घोषित कर दिया गया। भाजपा के इतने बड़े नेता के परिजन को भी प्रदेश पुलिस लावारिस घोषित कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार सिर्फ नाम बदलने की राजनीति कर रही है। नाम बदलने से कुछ नहीं होगा, धरातल पर काम करने से ही चीजें बदलेंगी। सरकार ने हाल ही में 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर[ खोला है, जिसमें कबाड़ एम्बुलेंस खड़ी है और चारों ओर गंदगी का अंबार है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता वहां जाकर सफाई कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने 2026 में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने किसी भी दल के साथ गठबंधन से इंकार किया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि पार्टी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी और किसी के साथ साझेदारी नहीं की जाएगी। पार्टी जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को तैयार कर रही है और संगठन को मजबूत किया जा रहा है। योगी सरकार द्वारा ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता से कराए जाने के प्रस्ताव पर संजय सिंह ने कहा कि यह सराहनीय कदम होगा और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद भी दिया।

# सुलतानपुर में बिजली कटौती के विरोध में सपा का प्रदर्शन

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने सुलतानपुर जिले में बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में बस स्टॉप से कलेक्ट्रेट तक बघी संख्या में सपाई नारेबाजी करते हुए निकले।

प्रदर्शन के दौरान सपाइयो ने हाथ से चलाने वाले पंखे हाथों में ले रखे थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पम्पलेट ले रखा था, जिस पर लिखा था हम बोलेगे नहीं, बल्कि गर्मी सहने की आदत डालेंगे। अनूप संडा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पूरा क्षेत्र और जनपद बिजली कटौती से परेशान है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को उठाना अगर साजिश है, तो वे यह साजिश करने के लिए तैयार हैं। संडा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा आम जनता के मुद्दों के लिए लड़ती रही है। गोलाघाट से कटका मार्ग के चौड़ीकरण पर भी उन्होंने सवाल उठाए। एक तरफ 64 फीट और दूसरी तरफ 8 फीट का चौड़ीकरण होने पर व्यंग्य करते हुए उन्होंने इसे डबल इंजन का विकास बताया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका भ्रष्टाचार में लिप्त है। शहर में सफाई व्यवस्था का अभाव है। कमीशनखोरी और छुट्टा जानवरों की समस्या भी है।

# कोविड कम हुआ, पर खत्म नहीं, मिले नए मरीज

## हफ्ते भर में सक्रिय मामले घटे, हजरतगंज के शोरूम संचालक भी पॉजिटिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य में कोविड संक्रमण की गति धीमी होने के संकेत तो मिले हैं, लेकिन कोरोना वायरस का संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है।



सोमवार को शहर में ही छह नए मरीजों की पुष्टि हुई, जिनमें हजरतगंज क्षेत्र स्थित एक रेडीमेड कपड़ों के शोरूम के मालिक भी शामिल हैं, जो स्वयं पेशे से चिकित्सक हैं। यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पुनः सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। पिछले सप्ताह जहां राज्य में कुल सक्रिय संक्रमितों की संख्या दो सौ सड़सठ थी, वह अब घटकर दो सौ सत्तावन हो गई है। विशेषज्ञ इसे संक्रमण दर में मामूली गिरावट के रूप में देख रहे हैं, किंतु साथ ही यह चेतावनी भी दे रहे हैं कि यदि सावधानी में ढील दी गई, तो हालात फिर से बिगड़ सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकार। डॉ. एन.बी. सिंह ने जानकारी दी कि सभी नए संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है और उनकी निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें उनके संपर्क में आए लोगों की तलाश कर रही हैं। फिलहाल सबसे ज़रूरी है कि लोग अनावश्यक रूप से सार्वजनिक स्थानों पर न जाएं और मास्क, दूरी तथा स्वच्छता के नियमों का कड़ाई से पालन करें। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने भी एक सार्वजनिक अपील जारी करते हुए कहा भले ही वर्तमान में अधिकतर मामलों में लक्षण मामूली हैं, लेकिन बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगों से ग्रस्त लोगों को सतर्क रहना होगा। कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन जारी रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। राजधानी के प्रमुख अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है। सभी जगह टेस्टिंग बढ़ाई गई है और होम आइसोलेशन की निगरानी तेज़ की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने ज़िला स्तर पर टीमों को निर्देश दिए हैं कि वे संक्रमण की कड़ियों की तत्काल पहचान कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या अभी भी दो सौ सत्तावन बनी हुई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी हल्की वृद्धि देखी जा रही है, हालांकि किसी भी जिले में स्थिति नियंत्रण से बाहर नहीं है।

# प्रयागराज में लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के थरवई क्षेत्र में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने पिछले दिनों एक लाख रूपए से अधिक की लूट का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाख 23 हजार 952 रूपए बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुठ्ठीगंज निवासी दाल व्यापारी अमर केसरवानी ने अपने ही कर्मचारी दिवाकर गुप्ता पर कूटरचित लूट की आशंका पर थरवई थाने में सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कराया था। कर्मचारी दिवाकर पैसा कलेक्शन का काम करता था। उसने केसरवानी को फोन कर सूचित किया कि उससे वसूली के एक लाख 33 हजार 952 रूपए थरवई थाना क्षेत्र के ग्राम नाहरपुर तिल्हापुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार लोगों ने लूट लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कर्मचारी दिवाकर गुप्ता से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पूछताछ में बताया कि उधारी चुकाने के लिए अपने साथी सोरांव के कलंदरपुर निवासी मनीष विश्वकर्मा, विवेक कुमार और थरवई थाना के पूरेजीत की चकिया निवासी सुनील कुमार के साथ मिलकर फर्जी लूट दिखाया। पुलिस ने दिवाकर, विवेक और सुनील को थरवई क्षेत्र के बनकेश्वरी शनिदेव मंदिर के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर एक लाख 23 हजार 952 रूपए बरामद किए।

# मूंगफली की खेती से बुंदेलखंड के किसानों को होगा सर्वाधिक लाभ

**लखनऊ।** पोषक तत्वों के कारण गरीबों का बादाम कही जाने वाली मूंगफली की खेती से बुंदेलखंद के किसानों को सर्वाधिक लाभ होने की उम्मीद है। सर्वाधिक आबादी होने के नाते उत्तर प्रदेश खुद सबसे बड़ा बाजार है।

मूंगफली के निर्यात की भी संभावना है। इसी सबके नाते योगी सरकार मूंगफली की खेती को लगातार प्रोत्साहन दे रही है। सरकार के प्रयासों के चलते प्रदेश में मूंगफली की खेती का रकबा पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। डायरेक्टर्स ऑफ इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिक्स मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर एंड फॉर्मर्स वेलफेयर के अनुसार 2013-2016 के दौरान यूपी का मूंगफली के कुल रकबे में योगदान केवल 2 फीसद था, उस समय देश में मूंगफली का उत्पादन करीब 7-9 मिलियन टन था। इसकी तुलना में उत्तर प्रदेश का कुल उत्पादन 01 मिलियन टन था जो करीब ढाई गुना बढ़कर 4-7 फीसद तक पहुंच गया है। अधिकांश वृद्धि बुंदेलखंड और इससे सटे इलाकों में हुई है। सरकार का फोकस भी बुंदेलखंड पर ही है। विश्व बैंक की मदद से शुरू यूपी एग्रीज (उत्तर प्रदेश कृषि विकास और ग्रामीण उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र सुदृढ़ीकरण) परियोजना में बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी सात जिले (झांसी, जालौन, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट) शामिल हैं। इसके तहत सरकार झांसी को मूंगफली के क्लस्टर के रूप में विकसित कर रही है। इससे इसके निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। निर्यात के दाम अच्छे मिलने से उत्पादक किसानों को भी लाभ होगा। भारत में मूंगफली उत्पादन में गुजरात पहले स्थान पर है।

देश के उत्पादन में अकेले गुजरात की हिस्सेदारी करीब 47 प्रतिशत है। इसके बाद राजस्थान (16 प्रतिशत) और तमिलनाडु (10 प्रतिशत) का नाम आता है। उत्तर प्रदेश में मूंगफली का उत्पादन प्रमुख रूप से बुंदेलखंड और इसके आसपास के जिलों में होता है। झांसी इसमें अग्रणी है। इसके अलावा बांदा, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर, मैनपुरी, हरदोई, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, अलीगढ़, कासगंज, औरैया, कानपुर देहात, बदायूं, एटा, उन्नाव, लखनऊ, कानपुर नगर और श्रावस्ती आदि हैं। हालंकि करीब एक दशक से उत्तर प्रदेश में मूंगफली का रकबा और प्रति हेक्टेयर उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। पर, डायरेक्टर्स ऑफ इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिक्स मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर एंड फॉर्मर्स वेलफेयर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 2013-2016 में देश में मूंगफली का कुल उत्पादन 7-67 मिलियन टन था। तब देश में प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन 1542 किलोग्राम था। इसकी तुलना में उत्तर प्रदेश का उत्पादन मात्र 809 किलोग्राम था। यह देश के औसत उत्पादन से 733 किलोग्राम कम था। उस समय प्रति हेक्टेयर 2679 किलोग्राम उत्पादन के लिहाज से तमिलनाडु देश में नंबर एक था। देश और तमिलनाडु के औसत उत्पादन का यह गैप ही उत्तर प्रदेश के लिए संभावना है। बेहतर तकनीक, उन्नत प्रजातियों का चयन और फसल संरक्षा के सामयिक उपायों के जरिये यूपी में मूंगफली की उपज बढ़ाने की भरपूर संभावना है। किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली योगी सरकार ऐसा कर भी रही है। उसके नतीजे भी दिख रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश की उपज देश के उस समय के राष्ट्रीय औसत से ऊपर (1688 किग्रा/हेक्टेयर) पहुंच चुकी है। वर्तमान में उत्पादन का यही राष्ट्रीय औसत भी है।

# फर्रुखाबाद में हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के अमृतपुर थाना क्षेत्र में कप्तान सिंह कुशवाहा हत्याकांड के सिलसिले में पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

अपर पुलिस अत्राीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरपुर गहरवार के निवासी कप्तान सिंह कुशवाहा (65) की 14 जून की रात सिर कुचल कर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी ओमवती ने छह लोगों के विरुद्ध्त्रा मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आज सुबह मिर्जापुर बॉर्डर के समीप से नाकेबंदी कर उत्रारनपुर लीलापुर निवासी अक्षय कुमार (45) तथा उसके पुत्र सेबी उर्फ स्वदेश (20) को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद किया। दोनों अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि 60 -65 वर्ष पहले उनके परिजनो ने कप्तान सिंह कुशवाहा को रहने बसने के लिए जमीन दी थी। जिसे कप्तान सिंह कुशवाहा अपनी गोद ली हुई लड़की वैजयंती को देना चाहते थे जबकि वह लोग अपनी जमीन वापस लेना चाहते थे। इस मामले को लेकर कप्तान सिंह कुशवाहा ने एक मुकदमा फतेहगढ़ सिविल न्यायालय में दायर किया था।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नगर में पानी की टंकी का पाइप फटा और रिसाव शुरू, जिम्मेदार कौन ?



**अंकित कुमार गुप्ता शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर में ब्रह्मचारी बाबा मंदिर के सामने पानी की टंकी का पाइप फट गया है और रिसाब शुरू हो गया है जिससे पानी सड़क पर पसर गया है और गंदगी फैल रही है। सड़क पर जल जमाव होने से राहगीरों व आम जनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है ऐसे में कई वार साइकिल का बाइक सवार इस रास्ते से गुजरने के दौरान फिसल कर जख्मी हो चुके हैं बता दें कि इसी मार्ग से लोगों का ब्रह्मचारी बाबा मंदिर,पुलिस चौकी, नेहरू इंटर कॉलेज, सर्वोदय स्कूल समेत लोगों व बच्चों का आना-जाना लगा रहता है जबकि सामने नगर पंचायत कार्यालय है फिर भी नगर की चेयरमैन की आंखें बंद है।

एक तरफ भाजपा सरकार ने पेयजल योजना अभियान चलाकर हर-घर का जल पहुंचने के लिए पानी टंकी का निर्माण करा रही है तो वहीं दूसरी ओर करोड़ों रुपए की लागत से बिछाई गई पेय जल पूर्ति पाइप जगह-जगह फट जाने के कारण पानी रोड पर भय रहा है। नगर की मौजूदा चेयरमैन सीमा चौधरी व अधिशासी अधिकारी नहीं ले रहे हैं सुध।

# फैमिली आईडी के कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में गुरुवार को फैमली आईडी के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए फैमली आईडी के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी लाभार्थी पहचान के माध्यम से योजनाओं और सेवाओं के सक्रिय वितरण को सक्षम करेगा और नागरिकों की सरकारी प्रणालियों तक पहुंच में सुधार करेगा। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी सरकार से लाभ प्राप्त करने के लिए एक बहुत शक्तिशाली निर्माण साबित होगा। पंजीकरण पोर्टल का उपयोग करके इसकी जांच कर सकते हैं। यह पोर्टल उन परिवारों को 12 अंकों की विशिष्ट परिवार आईडी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिलाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी

इस कार्रवाई से अनुपस्थित कार्यकत्रियों में मचा हड़कंप

कार्य कत्रीको बक्सा नहीं जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र की 77 ग्राम पंचायत में बाल विकास परियोजना द्वारा सचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर तैनात 100 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शासन की मनसा के अनुसार ब्लॉक मुख्यालय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।



दो दिवसीय प्रशिक्षण में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अधिकारी गण।

प्रशिक्षण कार्यक्रम उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विकास परियोजना अधिकारी सलारपुर सुनील कुमार ने प्रशिक्षित करते हुए अवगत कराया कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम लाभार्थी सत्यापन, मोबाइल सत्यापन, ई केवाईसी फेस कैपचरिंग सत्यापन एवं बाल विकास से जुड़ी जानकारीयो से प्रशिक्षित किया गया बाल विकास अधिकारी द्वारा कार्यत्रियों को अवगत कराया गया कि उक्त कार्य तीन दिन के अंदर पूर्ण किया जाना है निहित समय के अंदर कार्य पूर्ण नही किया गया।

विभागीय कार्यों में शिथिलता पाई गई तो संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिलाफ सेवा समाप्ति की पत्रावली जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार को प्रेषित की जाएगी लापरवाह कार्य शान द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं के लाभार्थी को शतप्रतिशत लाभ मिलना चाहिए प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार, सुपरवाइजर ब्लॉक सलारपुर संतोष कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

# नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक का प्रधनाचार्य परिषद ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने जनपद के समस्त प्रधानाचार्यो की ओर से नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक लाल जी यादव को माल्यार्पण व गुलदस्ता देकर औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने सहयोग प्रदान करने की बात कही। जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वासन दिया कि प्रधानाचार्यों को किसी भी समस्या के लिए कार्यालय में बार-बार चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे। प्रतिनिधि मंडल में डॉ संदीप भारती, डॉ शिशु पाल सिंह,डॉ योगेश त्रिपाठी, आलोक पाठक,अब्दुल शकूर साहब,डॉ नरेंद्र पाल सिंह,राजकुमार शर्मा,राजीव कुमार शर्मा अमिता आलोक,आदि प्रधानाचार्य शामिल रहे।

# डीएम ने की सोत नदी के पुर्नद्धार जीर्णोद्धार के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को सोत नदी के जीर्णोद्धार व पुनरुद्धार के कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा गत दिनों की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिकारियों को एक जनपद एक नदी को चिन्हित कर उस पर कार्य करने के निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम में जनपद बदायूं में सोत नदी के जीर्णोद्धार व पुनरुद्धार को लक्ष्य मानकर कार्य कराया जाना है उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में नदी की कुल लम्बाई 177 कि0मी0 है। नदी के किनारे स्थित 11 ब्लॉकों के 94 ग्राम हैं। नदी जनपद की सहसवान तहसील के अलावा बाकी समस्त तहसीलों से गुजरती है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त दो नगर पंचायतें भी सोत नदी के किनारे पर हैं। उन्होंने मनरेगा आदि मदों से कार्य कराने तथा परस्पर विभागीय समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त सम्बंधित उपजिलाधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायतों आदि अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि सोत नदी जनपद बिजनौर से प्रारंभ होकर जनपद अमरोहा, सम्भल होते हुए जनपद बदायूँ में तहसील बिसौली के ग्राम बझेड़ा से प्रवेश करती है तथा ब्लॉक उसावां के ग्राम नौली फतुआबाद पर सोतनदी का जनपद बदायूँ में अंतिम छोर है। इसके बाद जनपद शाहजहांपुर में सोतनदी रामगंगा नदी में मिल जाती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 20 जून से कार्डधारकों को होगा खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीय राय ने बताया कि पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह जुलाई 2025 के सोपक्ष आवंटित खाद्यान्न तथा अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण 20 जून से 10 जुलाई 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने खाद्यान्न के उठान एवं वितरण के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा निर्देश निर्गत किये है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 21 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के मध्य 02 कि0ग्रा0 गेहूं तथा 03 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल प्रति यूनिट निःशुल्क वितरित कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून 2025 के सापेक्ष 03 कि0ग्रा0 चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति कि0ग्रा0 की दर से कुल 54 रुपए में वितरण कराया जाएगा।

# नकली रिफाइंड तेल के सेवन से पेट की बीमारियों की चपेट में जनता

बाजार में खाद्य वस्तुएं इस नकली रिफाइंड से हो रही है तैयार

**कैलाश भारती, शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** नगर एवं क्षेत्र के लोगों में पेट की बीमारियां भयंकर रूप से फैलती जा रही हैं। जनता नकली तेल से इस कदर पीड़ित है, कि डॉक्टर से इलाज कराते कराते परेशान हैं।

ज्ञात हो भूखे लोग भूख को शांत करने के चक्कर में नकली रिफाइंड से बनी चांट, पकौड़ी, पूरी, खस्ता, भटूरे आदि पकवानों को खा जाते हैं। लेकिन यह नकली रिफाइंड तेल अपना असर दिखाने लगता है। तो पेट संबंधित तमाम बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं। जब पीड़ित डॉक्टर के पास जाते हैं, तब चिकित्सक पूछते हैं। क्या तुमने बाजार में नकली तेल से बने पकवान खाए। तब मरीज लाचार होकर बेबसी में भूख शांत करने का माध्यम बताता है। और जितने का खाता नहीं, उससे ज्यादा परेशान हो जाता है। और अक्सर डॉक्टर को अलग से मोटी रकम चुराता है। जबकि प्रदेश व केंद्र सरकार स्वस्थ भारत का अभियान चला रही है। और यह तेल माफिया व दुकानदार थोड़े से लालच में लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। क्या प्रशासन इस समस्या पर संज्ञान लेगा। स्वास्थ्य निरीक्षक नगर क्षेत्र में नकली व मिलावटी खाद्य सामग्री पर अंकुश लगा पाएंगे। या फिर यह गोरख धंधा यूं ही बदस्तूर जारी रहेगा। विदित हो भाजपा के सुशासन मे भ्रष्टाचारी व हरामखोर कैसे अपने काले धंधे को चांद लगाते जा रहे हैं। और रातों रात अमीरों की श्रृंखला में अपना नाम दर्ज करवा रहे हैं।

नगर व क्षेत्र की जनता को नकली रिफाइंड के रूप में जहर परोस रहे हैं। जिससे सैकड़ो लोग मौत के मुंह में समा गए हैं। और हजारों लोग इस नकली तेल के इस्तेमाल से पेट संबंधी भयंकर बीमारियों को लिए घूम रहे हैं। यह नकली तेल नगर व क्षेत्र के लोगों में महामारी को जन्म दे रहा है। सूत्रों के अनुसार पूरी, पकौड़ी, खस्ता, भटूरे, समोसे एवं नकली मिलावटी मिष्ठान जैसे रसगुल्ला, सोन पापड़ी, बालूशाही, जलेबी आदि मिष्ठानों में इस नकली रिफाइंड का इस्तेमाल भी बेरोक-टोक धड़ल्ले से हो रहा है। जिसे खाकर लोग हैजा, पीलिया, आंत संबंधी बीमारियों की चपेट में आते चले जा रहे हैं।

पीड़ितों के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है। नगर एवं क्षेत्र के समाजसेवियों ने स्वास्थ्य विभाग व चिकित्सा अधिकारी, खाद्य निरीक्षक टीम इन मिलावटी भ्रष्टाचारी लोगों सहित नकली तेल बेचने वाले व्यापारियों की जनहित में गोपनीय जांच करे। और दोषी लोगों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराए। लोगों को मौत के मुंह में धकेलने वाले मौत के सौदागरों को अभिलंब जेल भेजा जाए। जिससे लोगों के जीवन को बचाया जा सके।

# कोटेदारों एवं स्टाफ का दिया सम्मान व सहयोग कभी भूल नहीं पाऊंगी: शुभ्रा मिश्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली तहसील की जिम्मेदारी संभाल रही पूर्ति निरीक्षक शुभ्रा मिश्रा का गैर जनपद स्थानांतरण होने पर उनके शुभचिंतकों ने बदायूं एवं बिसौली में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक शुभ्रा मिश्रा के कार्य की सराहना की। इस दौरान शुभ्रा मिश्रा का कोटेदारों के प्रति अच्छा व्यवहार व सहयोग रहा। शुभ्रा मिश्रा ने कहा कि स्टाफ एवं कोटेदारों का मुझे जो प्रेम - स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला है मैं उसे कभी भूल नहीं पाऊंगी। हमेशा यह महसूस करती रहूंगी। मैं अपने परिवार के सदस्यों के साथ हूं। इस दौरान उपस्थित शुभचिंतकों के आंखों में आंसू छलक गए। इस अवसर पर पूर्ति लिपिक सोनू कुमार, सोनदीप, रोहताश, सौरभ, राजन, परवेज खां, महावीर सिंह, चंद्रपाल शर्मा, पवन शर्मा, रिजवी अहमद, महेंद्र शर्मा, श्याम सिंह, बब्बू अग्रवाल, संजय, त्रिजीत आर्य, उमेश, पंकज अग्रवाल आदि तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

## एक नजर

# डीएम ने की राजस्व व कर करेत्तर वसूली के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को जनपद के राजस्व एवं कर करेत्तर वसूली के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय लक्ष्य के प्रति सचेत रहने तथा योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रैंकिंग में सुधार करने तथा मुख्य प्रदर्शन घटक (केपीआई) को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आर0सी0 के सापेक्ष संबंधित से वसूली करने के निर्देश भी दिए। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (जिला अनुश्रवण पुस्तिका) के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने न्यायालयों में पुराने वादों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। राजस्व मामलों के धारा 37, धारा 34 व धारा 80 के मामलों को भी गंभीरतापूर्वक निस्तारित करने के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसलिए राजस्व व भूमि विवाद के मामलों का निस्तारण मौके पर जाकर कराए। जिलाधिकारी ने बाट-माप विभाग, उद्योग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(आईटीआई), मण्डी परिषद, स्टाम्प एंव पंजीयन, जीएसटी सहित विभिन्न विभागों की विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति की समीक्षा करते हुए लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्त हो चुके व निकट भविष्य में सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के देयकों के भुगतान व पत्रावली के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समय सीमा के उपरांत कोई भी आवेदन लंबित न रहे यह सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिलाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# भाजपा ने जो विकास कर दिया, अन्य पार्टियां पचास साल में भी नहीं कर पाईः राजीव कुमार सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत।** विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत करीमनगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पंचायत घर पर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने जो विकास किया है वह अन्य सरकारें पिछले पचास वर्ष में भी नहीं कर पाई।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में हर व्यक्ति दिन या रात कभी भी स्वच्छंद रूप से निर्भय हो कर घूमता है जबकि अन्य सरकार के गुण्डे स्वयं बसूले करते थे जो अब या तो जेल में हैं या प्रदेश छोड़कर चले गए हैं उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य करें।

# अहमदाबाद विमान व केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए उप्र हिन्दी साहित्य सेवा समिति ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश हिंदी साहित्य सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने वीरांगना चौक पर दो मिनट का मौन रखकर एवं कैंडल जलाकर विमान हादसे में दिवंगत यात्रिओं की आत्माओ की शान्ति के लिए कैंडल जलाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रदांजलि दी। समिति के अध्यक्ष श्री विष्णु असावा जी ने कहा अहमदाबाद विमान हादसे एवं केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति समिति का प्रत्येक पदाधिकारी और



सदस्य गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है तथा प्रभु से प्रार्थना करता है।

कि वह मारे गए दिवंगत आत्माओं के लिए मोक्ष प्रदान करें। भाजपा नेता एवं बदायूं गौरव क्लब के मुख्य सचिव अमन मयंक शर्मा ने कहा कि विमान दुर्घटना जैसी घटनाएं जिंदगी पर बहुत बड़ा खतरा है।प्रभु मृतकों को अपने श्री चरणों में स्थान दे। साथ ही युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने कहा विमान दुर्घटना में इतने सारे लोगों का एक साथ मरना बहुत बड़ी जनहानि है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अहमद अमजदी, समिति उपाध्यक्ष प्रभाकर सक्सेना, ओजस्वी जौहरी सरल, अमन मयंक शर्मा, ललितेश कुमार ललित, अमित वर्मा अम्बर, विवेक यादव अज्ञानी, विपिन शर्मा, सूरज मिश्रा, सुमित मिश्रा, अचिन मासूम, मोहित रस्तोगी, कृष्ण शर्मा, ऋषभ शर्मा, एकांश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गड्ढों से भरी सड़कों से राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़-मेरठ मार्ग सड़क के गड्डे हादसों की वजह बने हुए हैं, जिनकी वजह से कई राहगीरों की मौत होने के बाद भी अधिकारी कोई सुध लेने को तैयार नहीं है।



समय समय पर सीएम योगी ने जर्जर हो चुकीं सड़कों को पूरी तरह गड्डा मुक्त कराने की घोषणा की थी, जिस पर गढ़ क्षेत्र में महज नाम मात्र को ही अमल हो पाया है। वजह गढ़ मेरठ मार्ग सड़क में कई जगह गहरे गड्डे होने के साथ ही गड्डे हादसों को न्यौता दे रहे हैं। सड़क के गड्डे में टायर गिरने से लगातार हादसे होते आ रहे हैं। अलग अलग स्थानों से आने वालों को परेशानी झेलने के साथ ही हादसों का शिकार भी होना पड़ रहा है। उक्त हाइवे पर गहरे गड्डे होने की एक वजह हजारों ओवरलोड वाहनों की आवाजाही न थम पाना भी है। भूपेंद्र, नकुल त्यागी हैदरपुर,दीपक सुमित आदि ने सड़कों में हुए गड्डे को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम अंकित वर्मा का कहना है कि सड़कों में हो रहे गड्डों को शीघ्र ही ठीक कराया जाएगा।

# राहुल गांधी देश के सबसे बड़े संविधान रक्षक :ओमकार सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुन्नालाल सागर की अध्यक्षता में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी का जन्मदिन संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन कर राहुल जी के 55 वें जन्म दिवस के उपलक्ष में मिष्ठान वितरण किया, उसके बाद कांग्रेसियों ने परशुराम चौक कांग्रेस कार्यालय से रोडवेज बस स्टैंड, प्राइवेट बस स्टैंड, बदायूं क्लब तक एक संविधान बचाओ मार्च निकाला तथा प्राइवेट बस स्टैंड पर उपस्थित लोगों को फल एवं मिष्ठान वितरण किया। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संविधान बचाओ गोष्ठी के अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह ने कहा कि आज हम अपनी भावनाओं के अनुरूप राहुल गांधी के जन्मदिन को संविधान बचाओ दिवस के रूप में भी देखते हैं अगर आज भारत में देश का संविधान सुरक्षित है तो उसके मुख्य बिंदु हमारे नेता लोकसभा में विपक्ष के नेता



आदरणीय राहुल गांधी जी ही हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले ही कह दिया था कि भारतीय जनता पार्टी के लोग जो यह कहते हैं कि लोकसभा चुनाव में हम 400 सीटें लेकर आएंगे और तो अपने हिसाब से संविधान बनाएंगे, लेकिन देश की जनता में उन्हें ऐसा करने नहीं देगी और उनकी यह बात सत्य साबित हुई और आज निश्चित रूप से देश का संविधान सुरक्षित है। संविधान बचाओ गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी जी ने देश में जो भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा हक मिलने तक, निकाली उससे देश के लोगों का विश्वास राहुल गांधी जी के प्रति बढ़ा है। संविधान बचाओ गोष्ठी को जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वीरेश तोमर, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव जाविर जैदी ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इगलास हुसैन, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अशोक कश्यप, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाहिद सिद्दीकी शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हरीश कश्यप ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के गरीब मजलूम, पीड़ितों की अगर हक की आवाज उठाने वाला कोई नेता है तो वह केवल और केवल राहुल गांधी जी ही हैं। आज हम सभी लोग उनके 55 वें जन्मदिन पर ईश्वर से उनकी दीर्घायु की प्रार्थना करते हैं।

# धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिन




**अमेठी।** केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय गौरीगंज के केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय गौरीगंज में केक काटकर वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी जी के दीर्घायु की ईश्वर से कामना करते हुए एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया वहीं स्थानीय मिश्रौली गांव में बड़ी संख्या में उपस्थित दलित परिवार के महिलाओं बच्चों एवं बेटियों के बीच केक काटते हुए ईशानी सरोज ने कहा कि हम लोग अभी तक अपना केक काटती थी आज राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर केक काटने व जन्म दिन मनाने का हमें अवसर मिला हम लोगों के बीच अमेठी कांग्रेस के इस ऐतिहासिक व अविस्मरणीय पल जीवन भर याद रहेगा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं ने बड़ी खुशी और आ]लादित मन से कार्यक्रम में शामिल रही वहीं गांव में खुशी का माहौल रहा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तर प्रदेश पूर्वी के आवाहन पर जन नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर आज 19 जून 2025 दिन बृहस्पतिवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने आज 19 जून को राहुल जी के जन्मदिन पर जिले के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान प्रत्येक माह के 19 तारीख को स्वच्छता अभियान के रूप में मनायेगा।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला अध्यक्ष सुमित तिवारी ने बताया कि हम अमेठी छात्र संगठन के सभी पदाधिकारी संगठन के निर्देशानुसार अपने नेता माननीय श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिन 19 तारीख को प्रत्येक माह के संबंधित महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाएंगे। अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया गया। आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस जनोंके साथ,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी मौजूद रहें।

## दुर्घटना में वाहन की टक्कर से दो की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज क्षेत्र में दो बाइको की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी जबकि पचोखरा क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की जान चली गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिरसागंज क्षेत्र में सुबह गांव करहरा के समीप दो बाइकों की टक्कर हो गयी। हादसे में घायल नवीन कुमार (45) को स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी दुर्घटना में पचोखरा क्षेत्र में मंगलवार रात गांव इमलिया के हुआ जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बंटू सिंह (45) के रूप मे की गई। युवक रात मे टूंडला से गांव की ओर जा रहा था।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर सेवा कार्यक्रम

### कुष्ठ आश्रम में फल वितरण, कांग्रेस कार्यालय पर बधाई समारोह



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आशियाना स्थित आदर्श कुष्ठ आश्रम में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फल और खाद्य सामग्री वितरित की। इसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

अविनाश पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी आज देश के युवाओं, किसानों और शोषित वर्गों की आवाज बन चुके हैं।

अजय राय ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और जातीय जनगणना जैसे मुद्दों पर उनका संघर्ष जनता में भरोसे का आधार बना है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रभारी राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, सेवादल के प्रमोद कुमार पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन सी. पी. राय, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, प्रियंका गुप्ता, अलीमुल्लाह खान, शुचि विश्वास, सुधा मिश्रा, अनामिका यादव, प्रतिभा अटल पाल, हनीफ खान, राघवेन्द्र नारायण, शिफा खान, कनिष्का राफेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग ने की छापेमारी

### मौके पर 55 लीटर अवैध शराब बरामद व चार अभियोग पंजीकृत

**अमेठी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जनपद अमेठी में गठित टीम द्वारा सरैया कनू तथा छोटी धरौली, मवई आलमपुर, साहबगढ़ तथा सैठा में आकस्मिक दबिश दी गयी।

दबिश के दौरान क्षेत्र-2-अमेठी में थाना- संग्रामपुर के अन्तर्गत ग्राम सरैया कनू तथा छोटी धरौली से लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए करीब 100 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया, साथ ही ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फी नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2, व आबकारी स्टाफ मोहम्मद साबिर सिद्दीकी, राम नाथ मौर्या ( प्र. आ. सि.) अभय प्रताप सिंह, प्रेम शंकर, (आबकारी सिपाही) एवं बृजेश चन्द्र पाण्डेय (वाहन चालक) सम्मलित रहें।

# डीएम की अध्यक्षता में योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम जनपद स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीब 500-600 लोग प्रतिभाग कर सामूहिक रूप से योगाभ्यास करेंगे, कार्यक्रम प्रातः 6रू00 बजे से 8:00 तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जनपद की सभी तहसीलों, नगर निकायों, विकासखंडों, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, विद्यालयों, पंचायत भवनों, अमृत सरोवर, स्टेडियम आदि जगहों पर भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की योग दिवस को लेकर सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी-अपनी तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर लें साथ ही सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मा. प्रभारी मंत्री जी भी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि योग दिवस वाले दिन योगाभ्यास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण के कार्यक्रम में भी चलाया जाए तथा सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि योग के प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित होने वाले योगाभ्यास के कार्यक्रम को लेकर समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो। जिला. धिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई दुरुस्त किया जाए।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिक. ारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला. धिकारी ने ऋण आवेदन मामलों में बैंकर्स को निर्देश दिए कि बगैर कारण बताये एक भी आवेदन निरस्त नहीं करेंगे।

जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति के बारे में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि जिले में कार्यरत बैंकों की कुल जमा धनराशि का ऋण जमानुपात भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानक से कम न होने पाए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाये, कोई आवेदन लंबित न रहने पाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी ऋण आवेदन स्वीख्रत हो गए हैं, उन्हें शीघ्र वितरित करें। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, एक जनपद-एक उत्पाद एवं स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने तथा स्वीख्रत आवेदनों को वितरित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित करते हुये कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की संबंधित विभाग एवं ब्रांच मैनेजरों के साथ वर्कशॉप कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि लाभार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़ें। फार्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इण्टरप्राइजेज योजना के जो भी आवेदन आयें, उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये ताकि लोगों को ऋण मिल सके तथा इस योजना के तहत आवेदनों को बढ़ाया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल आदि आधिकारी मौजूद रहे।

# बहराइच में तेंदुए ने किया मजदूर पर हमला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के चहलवा ग्राम में गुरुवार दोपहर एक तेंदुए ने एक मजदूर पर हमला कर दिया। यह घटना उस समय घटी, जब रामू नामक मजदूर किसान शेर सिंह के गन्ने के खेत में मेढ़ बांत्राने गया था।

सूत्रों के अनुसार, रामू अपने गांव के साथियों , रमेश, इंद्रेश, छोटे, कौशल, सलाम और ध्रुव के साथ खेत पर काम कर रहा था। तभी अचानक, गन्ने के खेत से एक तें. दुआ निकला और उसने रामू पर हमला कर दिया। तेंदुए के अप्रत्याशित हमले से खेत में अफरा-तफरी मच गई। रामू के साथी मजदूरों ने तुरंत शोर मचाना शुरू किया और लाठियां लेकर तेंदुए की ओर दौड़े। मजदूरों के शोर से तें. दुआ डर गया और पास के गन्ने के खेत में भाग गया। इस हमले में रामू के पैर में चोट आई है। ाटना की सूचना मिलते ही वन रक्षक अब्दुल सलाम अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल घायल रामू को सुजौली स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। प्राथमिक उपचार के बाद रामू को घर भेज दिया गया है। वन विभाग की टीम घटना की जांच कर रही है और तेंदुए को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे।

## चित्रकूट में भतीजे को कुल्हाड़ी से काटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के थाना पहाड़ी के ग्राम ओरा में भैंस धोने के विवाद में चाचा ने कुल्हाड़ी मारकर अपने सगे भतीजे की हत्या कर दी। थाना पहाड़ी प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि सरकारी हैंड पंप में भैंस धोने को लेकर चाचा भतीजे के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घनश्याम यादव ने भतीजे रामचंद्र यादव के सर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, चाचा ने मौके से फरार होने का प्रयास किया तो भतीजे के घर वालों ने चाचा को पकड़ लिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

# रेहड़ी-पटरी व्यापारियों पर सरकार की नई नीति का माकपा ने किया विरोध

### धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और संविधान के विरूद्ध है नयी नीतिः मिश्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी ने योगी सरकार द्वारा रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों के लिए लागू की गई नई नीति का विरोध करते हुए इसे भेदभावपूर्ण और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों के विरुद्ध बताया है।

पार्टी का आरोप है कि सरकार का उद्देश्य गरीब मुसलमान व्यापारियों को लक्षित कर उनकी आजीविका छीनना है, जिससे समाज में धर्म और जाति के आधार पर ग्राहकों के व्यवहार में भेदभाव की भावना को बल मिलेगा। सरकार की नई नीति के अंतर्गत सभी पटरी दुकानदारों के लिए नेमप्लेट लगाना और अपनी पहचान प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। पार्टी का कहना है कि यह आदेश पहचान की राजनीति को बढ़ावा देगा और इसकी आड़ में सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों के चलते लोगों के रोजगार पर कुठाराघात होगा। पार्टी ने चेताया है कि इस नीति के चलते दुकानों के सामने नाम देखकर ग्राहक धर्म या जाति के आधार पर खरीददारी करने लगेंगे, जो किसी धर्मनिरपेक्ष लो. कतंत्र में अस्वीकार्य और असंवैधानिक है। पार्टी ने बताया कि आगरा नगर निगम समेत कुछ अन्य नगर निकाय इस आदेश के अनुपालन की दिशा में सक्रिय हो गए हैं और प्रदेश भर में रेहड़ी-पटरी वालों को जबरन हटाया जा रहा है। कई जगहों पर बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानदारों को उजाड़ा गया है, जिससे वे बेरा. ेजगार हो गए हैं। देवरिया जिले की सलेमपुर तहसील में फ्लाईओवर के नीचे वर्षों से चलती आई दुकानों को हटवा दिया गया है, जबकि प्रयागराज के फाफामऊ में शहर के प्रवेश द्वार पर रेहड़ी-पटरी वालों को हटा दिया गया और उस स्थान पर गंगा की मूर्ति लगाकर एक पार्क बना दिया गया है, जहां अब दुकान लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। पार्टी ने प्रदेश सरकार से इस नीति को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा है कि यह कदम जनविरोधी, लोकतंत्र विरोधी और छोटे व्यापारियों की आजी. विका को नष्ट करने वाला है।

## चौराहा पर दर्दनाक सड़क हादसा एक मरा, एक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** जिले के शुकुल बाजार क्षेत्र स्थित अंबेडकर चौराहा पर बृहस्पतिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी घटना में बाइक सवार रामनिवास (30 वर्ष), निवासी भीखनशाह का पुरवा, और रामश्री (45 वर्ष), निवासी गडेहरी थाना मोहनगंज, गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय व्यापारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया रामनिवास को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था,

लेकिन अधिक रक्तस्राव के चलते रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थाना अध्यक्ष अभिनेश कुमार ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार पिकअप वाहन की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# यीडा बदलेगा ग्रेटर नोएडा समेत समूचे अधिकृत क्षेत्र की तस्वीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 85वीं बोर्ड बैठक में 54 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किए गए, जो ग्रेटर नोएडा समेत समूचे यीडा अधिकृत क्षेत्र को भविष्य की जरूरतों के आधार पर विकसित करने के रोडमैप को प्रस्तुत करते हैं। यीडा के अध्यक्ष आलोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ- अरुणवीर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान पेश किए गए प्रस्तावों में सुरक्षा, पर्यटन, औद्योगिक निवेश, बिजली आपूर्ति, ग्रामीण विकास और भूखंडों के आवंटन से जुड़े अहम फैसले लिए गए। ये निर्णय यमुना क्षेत्र में विकास को नई दिशा देने वाले माने जा रहे हैं और मास्टर प्लान-2041 के उद्देश्यों को पूरा करने के हिसाब से निर्मित किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा व आगरा के 1149 राजस्व गांव यीडा अधिकृत कुल क्षेत्र में आते हैं। इनमें से गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर मास्टरप्लान-2041 के अंतर्गत आते हैं। वहीं, अन्य 4 जिले प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में फेज-2 कहलाते हैं। बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्षेत्र में 1000 वर्गमीटर भूमि पर एक नया पुलिस थाना बनाए जाने को मंजूरी दी गई। यह थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगा। वहीं, सेक्टर 22एफ और 23बी में रिक्रिएशनल ग्रीन क्षेत्रों के अंतर्गत गोल्फ कोर्स, जिमखाना क्लब, यमुना हाट जैसे पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना को स्वीकृति मिली। इसके अलावा लकगडम ऑफ ड्रीम्स, ओलंपिक विलेज, थीम पार्क, एविएशन म्यूजियम, ऑक्सफोर्ड गोल्ड रिजॉर्ट, दिल्ली हाट, कब्बन पार्क तथा दिल्ली जिमखाना क्लबजैसे बड़े प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित किए गए हैं, जिन्हें पीपीपी मोड पर विकसित किया जाएगा और इनकी स्थापना के लिए नियम व शर्तों के प्रारूप को अंतिम रूप देने पर फोकस किया जा रहा है। बैठक में अर्बन सेंटर के बाहर पड़ने वाले कृषि भूमि के उपयोग तथा ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में विकास के लिए मास्टर प्लान-2031 के फेज-2 (संपूर्ण क्षेत्र-रीजनल लेवल योजना) तैयार की गई है। इसमें ग्रामीण आबादी के 200 मीटर की त्रिज्या में रेजिडेंशियल, पब्लिक, इंस्टीट्यूशनल व आवश्यक कमर्शियल एक्टिविटी के संचालन के लिए भी एक फेमवर्क तैयार किया गया है। बैठक में केंद्र सरकार के सहयोग से सेक्टर-10 में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चलरग क्लस्टर (ईएमसी 2-0) की स्थापना को मंजूरी दी गई, जिसके लिए 200 एकड़ भूमि चयनित की गई है। इसमें अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए विशेष सुविधाएं जैसे डाटा सेंटर, हॉस्टल, स्किल डेवलपमेंट सेंटर आदि विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा, सेक्टर-18 और 32 में अग्निशमन केंद्र (फायर स्टेशन) की स्थापना के लिए लगभग 7485 वर्गमीटर भूमि चिन्हित की गई है। सेक्टर-29 में नेशनल एग्जीक्यूटिव एविएशन क्लस्टर के तहत 82 सदस्यों को भूखंड दिए गए हैं, जिनमें से 61 भूखंडों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। पहले चलाई गई ओटीएस योजना से प्राधिकरण को करीब 551 करोड़ रुपये की आय हुई थी। ऐसे में, इसे फिर से 1 जुलाई से 31 अगस्त 2025 तक लागू किया जाएगा, ताकि डिफॉल्टरों को दोबारा मौका मिल सके और बकाया राशि जमा हो सके। इसके साथ ही, सेक्टर 16, 17, 18, 20 और 22डी में इन्फॉर्मल सेक्टर के लिए 30 वर्गमीटर वाले लगभग 28,900 भूखंड विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा 4288 भूखंडों की पहचान कर ली गई है। साथ ही, स्टील इंडस्ट्रियल क्लस्टर के लिए 2 हेक्टेयर भूमि आरक्षित की गई है, जिससे पावर इंटेंसिव इंडस्ट्रीज को बढ़ावा मिलेगा।

## एक नजर

### यूपी में बढ़ रही है विकास की रफ्तारः स्वतंत्र देव

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में विकास की रफ्तार को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। जिले के गंजरी क्षेत्र ग्राम कानराखी एवं बंगाली पुरवा में बाढ़ खंड बाराबंकी एवं सिंचाई खंड सीतापुर की 168-60 करोड़ लागत की सात परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए उन्होने कहा कि यहां पर बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को प्रदेश सरकार सुविधा लाभ एवं मकान उपलब्ध करा रही है। सरकार का प्रयास है कि सीतापुर के गंजरी क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप शारदा एवं घाघरा नदी के द्वारा होता है, उसको कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत का यह अमृत सेवा कॉल है। सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर पंचायत चौपाल में उन्होंने नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिवानी मौर्य को सम्मानित किया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगो का पंजीकरण कर आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लाभार्थियों माधवराव अशोक कुमार सहित कई लोगों को सम्मानित किया इसके बाद बागस्ती गांव में सरयू नदी के दाएं तट पर स्थित चहलारी घाट गणेश. पुर के किलोमीटर 18-920 से किलोमीटर 19-670 के मध्य बाल सुरक्षात्मक कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

### अयोध्या हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत

**अमेठी।** एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जिसमें अलीपुर गांव निवासी 45 वर्षीय राजेश गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार देर रात करीब 8रू30 बजे अयोध्या हाईवे पर उस समय हुआ जब वह अपनी डड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजेश गुप्ता हाईवे पार कर रहे थे, तभी अयोध्या की ओर से तेज़ रफ्तार में आ रही एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि राजेश गुप्ता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों ने तत्काल भाले सुल्तान थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना प्रभारी तनुज पाल ने जानकारी दी कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक राज. ेश गुप्ता अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, जिससे उनके असमय निधन से परिवार पर गहरा संकट टूट पड़ा है।

### मैनपुरी में तीन ठग गिरफ्तार, 60 लाख बरामद

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी पुलिस ने ऑन लाइन गेलमग से ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गुरुवार को धर दबोचा और उनके कब्जे से 60 लाख रुपये,एक लैपटॉप,सात मोबाईल फोन बरामद किए है। पुलिस अधीक्षक नगर अरुण कुमार ने पत्रकारों को बताया कि नगला नरिया थाना जसबन्तनगर निवासी शिवम यादव और अंकुश यादव के अलावा अंगोथा गांव निवासी अरुण यादव को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मैनपुरी शहर की पंजाबी कालोनी निवासी रामदुलारे ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि अरुण यादव ने उसका खाता बैंक में खुलवाया था। खाता खुलवाने के बाद बैंक पास बुक,एटीएम कार्ड आदि अपने पास रख लिए। अरुण यादव ने बैंक में जमा धनराशि गायब कर दी। पुलिस जांच पर पता चला कि नोएडा से एक गिरोह का संचालन किया जा रहा है,जो गरीब लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उन्हें ऑन लाइन गेलमग के जाल में फंसाता था। गिरफ्तार ठगों ने स्वीकार किया कि वह किसी सेलिब्रिटी की घेटो लगाकर ऑन लाइन गेम तीन पत्ती, एविएटर, बेट 69 आदि की ललक लोगों को भेजते थे,शुरू में उन लोगों को जिता दिया जाता था और बाद में बघी रकम लगाने पर उनके खाते से पैसा निकाल लिया जाता था। ठगी का काम इस गिरोह के लोग उत्तर प्रदेश,मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, केरल,जम्मू- कश्मीर आदि प्रान्तों में करते थे।

### वाहन की चपेट मे आने से बाइक सवार की मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बाइक सवार की मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर छानबीन मे जुटी। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित अलीनगर गांव के निकट बीती रात घटना उस वक्त घटी जब अलीनगर गांव निवासी राजेश गुप्ता उम्र लगभग 45 वर्ष जो किसी कार्यवश बाइक द्वारा जा रहे थे इसी बीच सड़क पार करते समय अयोध्या की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया इस दौरान राहगीरो ने सड़क पर राजेश को घायल देख मदद के लिए आए तो उसकी सांसे थम चुकी थी घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर अग्रिम कार्यवाई मे जुट गई।

### रानीगंज बाजार में सोफा शॉप में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**जगदीशपुर।** अमेठी रानीगंज बाजार स्थित रॉयल सोफा शॉप में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई, जिससे दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक मोहम्मद शाहरुख खान, जो माहे मऊ थाना क्षेत्र के निवासी हैं, ने आरोप लगाया है कि आग जानबूझकर लगाई गई है आग लगने की सूचना पर जगदीशपुर, शुकुल बाजार और मुसाफिरखाना के अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन अधिकारी ए.पी. सिंह के अनुसार, चार दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया घटना में दुकान में रखे सभी फर्नीचर और सामग्री जलकर खाक हो गई है।

# साम्प्रदायिक हिंसा में 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

## पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर भेजा जेल, अन्य की तलाश में दबिश दे रही पुलिस



अमरोहा: साम्प्रदायिक हिंसा के चार आरोपी पुलिस हिरासत में।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कार व बाइक की टक्कर के बाद बुधवार को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में भड़की हिंसा के मामले में 19 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हरकत में आई पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में हालात अब सामान्य है, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती को बरकरार रखा गया है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र का गांव दौलतपुर बुधवार शाम अचानक सुलग उठा था। दरअसल, इस ग्राम पंचायत में पृथीपुर व मझरा दो गांव और जुड़े हुए हैं। गांव दौलतपुर निवासी इब्ने हसन ने बीती 10 जून को अपनी बेटी शबाना की शादी डिडौली के गांव कमालपुर निवासी जावेद के साथ की थी। शबाना इन दिनों अपने मायके आई हुई थी। बुधवार को जावेद पत्नी शबाना को लेने अपनी ससुराल आ रहा था। जब उसकी कार मझरा में पहुंची तो

**■ गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पीएसी तैनात, तनावपूर्ण शांति**

वहां गांव निवासी बब्लू सिंह व उसका दोस्त बाइक से कहीं जा रहे थे। कार और बाइक की मामूली टक्कर हो गई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों हुई कहासुनी ने बड़े बवाल का रूप ले लिया था। बाइक सवार युवकों ने जावेद के साथ मारपीट की थी। कार में भी तोड़फोड़ की थी। बमुश्किल जान बचाकर वहां से भागा जावेद अपनी ससुराल पहुंचा था। इसके बाद मझरा गांव के युवकों और महिलाओं ने इब्ने हसन के घर पर धावा बोल दिया था। परिवार के लोगों को दौड़ा कर पीटा था, खुद को बचाने के लिए परिजनों ने घर से भागकर अपनी जान बचाई थी। हमलावरों ने घर व कारखाने में आग लगा दी थी। वाहनों में भी तोड़फोड़ की थी। आरोप है कि हमलावर नकदी, जेवरात व मोबाइल भी लूट कर ले गए थे। करीब पंद्रह



अमरोहा: सुरक्षा के लिहाज से गांव में तैनात पीएसी जवान।

मिनट तक हमलावर तोड़फोड़ करते रहे थे। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल बेकाबू होते हालात संभाले थे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का जायजा लिया था। तनाव को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया था। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में महेंद्र, अमन, काविंद्र, मीकू, जोगेंद्र, वीरेंद्र, नन्हे, खिद्दू, नौबहार, अक्षय, विक्की, महिलाल, शिवम, राजू, अजयपाल, हाजिराम, वीर सिंह, ठेकेदार राजेंद्र व अज्ञात के खिलाफ तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चालान कर जिन्हें दोपहर में अदालत में पेश किया जाएगा।

# बाइक-मोपेड की टक्कर में युवक की मौत

## घटना से परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाइक मोपेड की भीषण टक्कर में युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा तहेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बृहस्पतिवार को आदमपुर निवासी इंतजार पुत्र मुख्तार अपने तहेरे भाई आसिम पुत्र सईद के साथ जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से गमी में शामिल होकर अपनी मोपेड से घर लौट रहे थे। आदमपुर ढवारसी मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे जैसे ही मोपेड पहुंची तो सामने से तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों तहेरे चचेरे भाई सड़क पर गिर गये। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक मौके से फरार हो गई। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को उठाकर



एंबुलेंस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां इंतजार आयु 40 वर्ष को देखते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गये। हालत गंभीर होने पर आसिम को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रोशन समेत चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हिंसा के आरोपियों पर एनएसए लगे

## एमआईएम ने सौंपा ज्ञापन



अमरोहा: आरोपियों पर एनएसए लगाने की मांग को एसपी कार्यालय में ज्ञापन देते एमआईएम पदाधिकारी।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दौलतपुर गांव में मुस्लिम कारोबारी के घर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ करने के विरोध में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई के लिए 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

बृहस्पतिवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के जिला अध्यक्ष एडवोकेट साजिद अली चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां ज्ञापन देकर बताया कि दौलतपुर गांव में कार और बाइक की मामूली टक्कर के बाद दूसरे समुदाय के लोगों ने इब्ने हसन के घर में घुसकर जानलेवा पर हमला किया। उनके घर में आग लगा दी गई। घर में रखा सामान जलकर रात हो गया। जबकि, दो मवेशी जलकर मर गए। आरोपियों ने घर में लूटपाट भी की। इस दौरान पीड़ित परिवार ने भाग कर अपनी जान बचाई। कहा कि इस घटना में इब्ने हसन का भारी नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई के लिए पचास लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए। कुछ असामाजिक तत्व अराजकता फैलाने के लिए भूमिका बना सकते हैं। जिस माहौल को खराब किया जा सके। ऐसे तत्वों के असामाजिक संगठनों को प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए की कार्रवाई की जाए। घटना के बाद से क्षेत्र में भय और अशांति का माहौल है। शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए खड़े इंतजाम किए जाएं। ताकि किसी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान हाजी शहजाद खान एडवोकेट, डॉ. टीपी सिंह, आदिल अंसारी, साजिद चौधरी, नईम अहमद मंसूरी, चमन अंसारी, फैसल तुर्की, नबी हसन सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

# बजरंग दल ने किया थाने का घेराव

## साम्प्रायिक हिंसा में दूसरे पक्ष की रिपोर्ट की मांग



नौगांवा सादात: थाने में धरने पर बैठे बजरंग के कार्यकर्ता।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगांवा थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में घर में घुसकर मारपीट और आगजनी के मामले में पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के पदाधिकारियों ने गुरुवार दोपहर थाने पर जमकर हंगामा किया।

करीब 12 बजे बजरंग दल के जिला और प्रांत स्तर के पदाधिकारी नौगांवा थाने पहुंचे और दलित समाज की शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज होकर थाने के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया और चेतावनी दी कि जब तक दलित समाज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। बजरंग दल पदाधिकारियों का कहना है कि पृथ्वीपुर सराय निवासी महेंद्र और उनके परिजनों पर मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया और अपने ही घर में आग लगाकर उन्हें फंसाने की साजिश रची। इसके बावजूद पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए सिर्फ दलित पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जबकि उनकी ओर से दी गई तहरीर पर अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस दौरान प्रांत सुरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जिला संयोजक कुशल चौधरी, अखिलेश भाटी, विपिन शर्मा, विपिन चौधरी, राजेंद्र चौधरी, अभिषेक, पीयूष शर्मा, विनय सैनी, सुरजीत सिंह, आंसू, सनी, विकास और रकम सिंह सहित कई बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन फिलहाल प्रदर्शनकारियों को शांत कराने और मामले की जांच में जुटा है।

## एक नजर

### मारपीट में दम्पति के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भाभी को रोककर देवर-देवरानी ने मारपीट की। मामले में आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना डिडौली कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के गांव इकोंदा की है। यहां अली अहमद का परिवार रहता है। बुधवार सुबह उनकी पत्नी शबनम शौचालय की तरफ जा रही थीं। आरोप है कि देवर अली शेर ने शौचालय जाने से रोक दिया और गाली-गलौज करने लगा। उसी दौरान अली शेर की पत्नी शाहीन भी वहां आ आ गई। दोनों ने मिलकर शबनम को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसियों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी अलीशेर व उसकी पत्नी शाहीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### हाइवे पर पिकअप में घुसी कार, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** हाइवे पर कार अनियंत्रित होकर खड़ी पिकअप से टकरा गयी। जिसमें दो लोग घायल हो गये। जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी निर्मल सिंह अपने साथी सचिन के साथ शाहजहांपुर से कार द्वारा दिल्ली लौट रहे थे। जिस समय वह अम्हेड़ा दरगाह के सामने पहुंचे तो अचानक कार अनियंत्रित हो गयी तथा हाइवे पर खड़ी पिकअप में पीछे से घुस गयी। इस दौरान मुरादाबाद दिशा से आ रही दूसरी कार ने भी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में निर्मल सिंह व सचिन गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

### बिजली दरें बढ़ीं, तो जनता पर पड़ेगा बोझ: महबूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि सरकार बिजली दरों को दोगुनी करने की तैयारी में लगी है जिससे गरीब जनता पर इसका भारी बोझ पड़ेगा। मीडिया को जारी बयान में सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि इस समय महंगाई से जनता में हाहाकार मचा है। लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। उधर प्रदेश सरकार बिजली की दरें दोगुनी करने की तैयारी कर रही है। इससे गरीब जनता पर भारी बोझ पड़ जायेगा। उन्होने सरकार से बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी ने करने की मांग की।

### मैंथा काटते समय महिला पर गीदड़ का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गीदड़ो के हमले से आए दिन पब्लिक शिकार हो रही है लेकिन वन विभाग इनके खिलाफ कुछ भी करने को तैयार नहीं है। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में कई मामले गीदडो के काटने से अभी तक आ चुके हैं। और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। थाना रहरा क्षेत्र के गांव कसाईपुरा निवासी चन्द्रा पति राजेश अपने खेत में मेंथा काट रही थी। तभी अचानक उस पर गीदड़ ने हमला बोल दिया। गीदड़ के हमले से महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी।आसपास के खेत में काम कर रहे किसानों ने उस गीदड़ को व मुश्किल भगाया। परिजन घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी रहरा में ले आए जहां उसका उपचार चल रहा है। इससे पहले भी थाना क्षेत्र के गांव गरगज की मढैया निवासी एक इंजीनियर की गीदड़ के काटने से मौत हो चुकी है। लेकिन वन विभाग द्वारा गीदडो को पकड़ने के लिए कोई भी अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिससे क्षेत्रौ के किसानों में दहशत का माहौल है।

# ताला तोड़कर शराब की पेटियां ले गए चोर

## अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुकान का ताला तोड़कर शराब की पेटियां चोरी करने का मामला सामने आया है। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव धनौरी में बीती 17 जून की रात की है। जोया रोड स्थित आरजू कॉलोनी निवासी बृजेश चौधरी की गांव में शराब की दुकान है। डिडौली क्षेत्र के गांव चुबका निवासी मिसम दुकान पर सेल्समैन की नौकरी करता है। 17 जून की रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। रात में किसी समय दुकान के ताले तोड़ चोर शराब की पेटियां चोरी कर फरार हो गए। बृजेश चौधरी को घटना की जानकारी अगले दिन आसपास के दुकानदारों से हुई। सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही। घटना का जल्दी खुलासा करने का दावा किया।

# पुलिस से मिले सर्राफ, घटना के खुलासे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्वैलर्स की दुकान से तीन लाख रूपये की कीमत की सोने की चार चूड़ियां लेकर

**■ दो महिलाएं तीन लाख की कीमत की सोने की चार चूड़ियां लेकर हुई थीं फरार**

फरार हुई दो महिलाओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर के सर्राफ और अन्य व्यापारी प्रभारी निरीक्षक से मिले और घटना के खुलासे की मांग की। बता दें कि नगर के बस्ती स्थित अग्रसेन मार्केट में सचिन अग्रवाल की 'अग्रवाल ज्वेलर्स' के नाम से दुकान है। 17 जून की शाम को करीब 4:00 बजे आभूषण खरीदने के बहाने से आई दो बुर्कानशीं महिलाएं मौका पाकर तीन तोले सोने से निर्मित चार चूड़ियां लेकर फरार हो गईं थीं। घटना का एहसास होते ही सर्राफ ने आसपास के सभी



सर्राफ व अन्य दुकानदारों को बुलाकर बताया था और पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। गुरूवार को भेंट करने पहुंचे व्यापारियों को प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने घटना के शीघ्र खुलासे का भरोसा दिया। इस मौके पर अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, सचिन अग्रवाल, नितिन बंसल, नितिन अग्रवाल, गजेंद्र, अर्जुन वर्मा, गौरव रस्तौगी, प्रदीप अग्रवाल, आकाश बंसल, विट्ठल गोयल, सचिन वर्मा, राजीव मित्तल, अमित गर्ग, केशव सिंघल आदि मौजूद रहे।



■ गजरौला। नगर के बस्ती स्थित तालाब भूमि का निरीक्षण करते टीम में शामिल अधिकारीगण।

# लखनऊ से आई टीम की पालिका के कार्यों की जांच

## सभासदों द्वारा शासन स्तर पर की गई थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका के सभासदों की शिकायत पर शासन से आई दो सदस्यीय टीम ने शिकायत में उल्लेखित किए गए तालाब, सड़क आदि का निरीक्षण किया। चार घंटे से अधिक समय तक नगर में जांच पड़ताल करने के बाद टीम ने यहां से प्रस्थान किया।

बता दें कि नगर पालिका के सभासद कपिल चौधरी उर्फ भानू, विनीता अग्रवाल, पुष्पा चौधरी आदि ने शासन स्तर पर मोहल्ला भानपुर में सड़क पर मिट्टी आदि का भराव दिखाकर पैसे निकालने, आजाद नगर के कब्रिस्तान मार्ग पर स्थित तालाब

**■ टीम ने कई स्थानों पर किया स्थलीय निरीक्षण**

परिसर की मिट्टी की बिक्री करने समेत अन्य सड़क निर्माण व नाला निर्माण आदि विकास कार्यों में मानक के अनुरूप काम नहीं करने की शिकायत की थी। जिसके बाद गुरूवार को उत्तर प्रदेश निकाय लखनऊ से सहायक निदेशक रश्मि सिंह व वरिष्ठ अभियंता कमलजीत सिंह की दो सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने सभासदों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर उल्लेखित किए गए उपरोक्त सभी स्थानों का स्थलीय निरीक्षण भी किया तो वहीं पालिका दफ्तर में बैठकर शिकायतकर्ता सभासदों का पक्ष भी जाना और नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह से भी पक्ष पूछा। करीब चार घंटे से अधिक समय तक जांच पड़ताल करने के बाद टीम यहां से रवाना हुई। टीम ने जहां जहां पर भी जांच पड़ताल की, उसकी वीडियोग्राफी भी कराई। टीम ने हालांकि सीधे तौर पर मीडिया से ज्यादा बातचीत नहीं की मगर टीम का कहना था कि जांच की रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। जांच के दौरान टीम के साथ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य भी मौजूद रहे।

# आम के बाग में तेंदुए ने किया कुत्ते का शिकार

## वन विभाग ने पकड़ने को लगाया पिंजरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आम के बाग में तेंदुए ने कुत्ते का शिकार कर लिया। वन विभाग कीी टीम ने उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है।

गौरतलब है कि पीठखेड़ा गांव में कई दिन से तेंदुए को विचरण करते हुए देखा जा रहा था। जिसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है स मंगलवार रात गांव निवासी रामवीर सिंह व उनका बेटा विपिन आम के बाग की रखवाली कर रहे थे स इस दौरान उनका पालतू कुत्ता भी उनके साथ था। शिकार की तलाश में जंगल में घूम रहे तेंदुए ने उनके कुत्ते की गर्दन पकड़ ली थी और उसे घसीटते हुए अपने साथ ले गया था। दिन निकलने पर कुत्ते के अवशेष जंगल में कुछ ही दूरी पर मिट्टी के टीले पर पड़े हुए मिले थे स जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 व वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी स जहां उन्होंने तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में काफी देर तक सर्च अभियान चलाया गया था लेकिन तेंदुआ कही दिखाई नहीं दिया था। बुधवार दोपहर वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगवा दिया था जिसमें अब बकरी को शिकार के रूप में बांधा गया है। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है स इससे इलाके में डर का माहौल बना है।वहीं, वन विभाग को उम्मीद है कि बकरी के लालच में तेंदुआ पिंजरे की तरफ जरूर आएगा। दूसरी तरफ नौगावां सादात क्षेत्र में तेंदुए को लेकर मचा शोर बीते तीन-चार दिन से शांत है। वन विभाग ने जंगल में लगाए गए पिंजरे हटा दिए हैं। गौरतलब है कि गांव में बीते दिनों तेंदुए ने हमला कर छह किसानों पर हमला कर दिया था। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने घेराबंदी करने के बाद तेंदुए को पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

# हर पात्र को योजनाओं का मिले लाभ:जितिन

## केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने दिव्यागजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

**■ सहायक यंत्र पाकर खिल-खिला उठे दिव्यांगजनों के चेहरे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** विधानसभा बहेड़ी के द किंग ग्रांड रिसॉर्ट में एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने अपने हाथों लाभार्थियों को सहायक यंत्र वित. रित किए। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बहेड़ी के ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, शेरगढ़ के ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्थानीय नेताओं ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को बुके देकर स्वागत किया।

इस दौरान विकासखंड शेरगढ़, बहेड़ी तथा दमखोदा के 503 लाभार्थियों को तकरीबन 44 लाख रुपये के सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसमें ब्लॉक शेरगढ़ के 61 दिव्यांग लाभार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने दिव्यांगजनों से बात कर उनका हाल जाना, तथा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास का मंत्र लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर पात्र तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण दिव्यांगजनों के जीवन में सहायक बनेंगे। इसके पश्चात उन्होंने सीबी सिंह बैंकेट हॉल में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुकर वितरित किए। उन्होंने एडिप योजना के अधिकारियों से उपकरण वितरण के बावत बात की। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, अमरेंद्र सिंह गोल्डी, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा समेत भाजपाईयों ने बुके देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ब्लाक प्रमुख शेरगढ़ भूपेंद्र कुर्मी, सुनील रस्तोगी, राहूला गुप्ता, राजीव गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जसवाल, प्रतिनिधि बॉबी जसवाल ,ब्लॉक प्रमुख बहेड़ी अमरिंदर सिंह गोल्डी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी आराम सिंह, जिलामंत्री सुनील गंगवार, जिला उपाध्यक्ष कुंवरसेन मौर्य, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव, बीडीओ शेरगढ़ सुखपाल सिंह, तकनीकी सहायक राजेंद्र सिंह, अमित पटेल अज्जू, पंचायत सहायक श्रद्धा श्रीवास्तव, सचिन गंगवार, योगेंद्र मौर्य, जेई प्रेम सिंह, बीडीओ दमखोदा,बीडीओ बहेड़ी आदि समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोहर्रम-श्रावण और चुनाव को लेकर एसएसपी ने कसी कमर

**■ पुलिस लाइन सभागार में हुई समीक्षा बैठक, कानून व्यवस्था पर रखा गया जोर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले में आने वाले मोहर्रम, श्रावण मास और चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी अनुराग आर्य की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक हुई, जिसमें कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए गए।

एसएसपी ने सभी थानों को संवे. दनशील इलाकों की पहचान कर नियमित गश्त और सीसीटीवी-ड्रोन से निगरानी के निर्देश दिए। मोहर्रम के जुलूस और श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर फोर्स तैनाती और रूट की भौतिक जांच के आदेश दिए गए। डीजे संचालकों की सूची बनाकर नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को भी कहा गया।

सभी क्षेत्राधिकारियों को धर्मगुरुओं और उपजिलाधिकारियों से समन्वय बनाकर लगातार फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर अफवाहों पर नजर रखने और तत्काल कार्रवाई के आदेश भी बैठक में दिए गए। गंभीर अपराधों की जांच में तेजी, आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित मुकदमों के समयबद्ध निस्तारण पर एसएसपी ने खास जोर दिया। साथ ही गैंगस्टर एक्ट व अन्य निरोधात्मक कार्रवाई तेज करने के लिए कहा गया। जनता से बेहतर संवाद और थानों में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। आईजीआरएस रैंकिंग की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने कहा कि कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर अधिकारी जिम्मेदारी से काम करे, ताकि शांति, सुरक्षा और जनता का भरोसा कायम रहे। इस दौरान एसपी नगर, एएसपी दक्षिणी, उत्तरी, यातायात, सभी सीओ, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक ने बातों में फंसाकर महिला से बनाए शारीरिक संबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**महिला की तहरीर पर हुआ मुकदमा दर्ज**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में एक युवक ने मोहल्ले की एक महिला को प्यार मोहब्बत में फसाकर अवैध संबंध बनाए।युवक के स्मैक के धंधे की जानकारी होने पर संबंध खत्म करने पर अवैध संबंध की वीडियो दिखाकर ब्लैक मेल करके अपने भाईयों और एक मौलाना से अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा।परेशान होकर महिला ने थाना में तहरीर दी।जिस पर पुलिस ने मौलाना समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक युवक ने मोहल्ले की एक महिला को मोहब्बत के जाल में फंसाकर उसके साथ कई साल अवैध संबंध बनाए।महिला ने बताया जब उसको पता लगा कि युवक मो आजम उसके दोनों भाई आशिम,आसिफ और मौलाना सलमान स्मैक का धंधा करते है।तब उसने मो आजम से दूरी बना ली।जिससे वह बौखला गया।अवैध संबंध की वीडियो उसे भेजकर और वायरल करने की धमकी देकर चारों के साथ अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा।रास्ते में रोककर परेशान करनें लगा।जब महिला ने सम्बन्ध बनाने से मना कर दिया तब जान से मारने की धमकी देने लगा।दुखी होकर पीड़िता ने बरेली जाकर एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने बुधवार देर रात चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खाली पड़ी भूमि पर कब्जा करने करने की नियत से डलवाई मिट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिकायत पर तहसीलदार ने दिए जांच के आदेश**

**नवाबगंज।** बस्ती के रहने वाले लोगों ने भूमि पर कब्जा करने की नियत से खाली पड़ी भूमि पर मिट्टी का पटान करा डाला। मिट्टी डाले जाने की शिकायत तहसीलदार से की गई है, जिसपर उन्होंने राजस्व निरीक्षक को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। कस्बे के मोहल्ला बहोर नगला के स्व सुरेश चन्द मिश्रा के पुत्र राजीव मिश्रा के घर के सामने उसकी पड़ी खाली जमीन पर बस्ती के कुछ लोगों ने कब्जा करने की नियत से उसपर मिट्टी का पटान करा डाला है। राजीव मिश्रा ने इसकी शिकायत तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से करते हुए कार्यवाही की मांग की, जिसपर उन्होंने कानूनगो को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

### ओवरटेक करने पर बाइक सवार चाचा भतीजा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव खतौआ के अब्दुल मजीद का पुत्र मो. इमरान अपने भतीजे नईम के साथ बाइक से दो दिन पहले अपनी रिश्तेदारी में हाफिजगंज जा रहे थे कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ई-रिक्शा ने हरदुआ किफायतुल्ला मोड़ पर उनकी बाइक को ओवरटेक किया, और तेजी से टुकटुक को मोड़ दिया। जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए थे। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मो. आशिक ने इस मामले में दो दिन बाद नवादा इमामावाद के ई-रिक्शा चालक श्याम लाल पुत्र मेवाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### महिला से कुंडल लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रेमनगर थाना पुलिस ने बुधवार रात रेलवे हॉस्टल के पास हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता लगा है कि दोनों बदमाश मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों से लूट व छिनैती की वारदात करते थे। एक महिला से कुंडल लूट की वारदात भी कबूल की है। सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि रात में प्रेमनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक धर्मकांटा से कुदेशिया फाटक की ओर जा रहे हैं। इसपर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश जितिन पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने जितिन और उसके साथी शिवा को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश का उपचार कराया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीओ सिटी प्रथम ने बताया कि जितिन के खिलाफ तीन और शिवा के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दोनों बदमाश मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों को निशाना बनाते थे। दोनों ने बताया कि उन्होंने 15 जून की सुबह गांधीपुरम फेस द्वितीय निवासी तारावती से कुंडल लूटे थे। इस संबंध में स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपियों से नकदी, तमंचा-कारतूस और बाइक बरामद हुई है।

### जिले में 45 लेखपालों के सहारे 81 गांवों की चकबंदी, कानूनगो भी कम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** चकबंदी विभाग स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। जिले के 81 गांवों की चकबंदी 45 लेखपालों के भरोसे चल रही है। गांवों की संख्या के मुताबिक 45 कानूनगो की जरूरत है, पर तैनाती महज 32 की है। हाल ही में लेखपाल रेखा गोले नौकरी छोड़ गईं। अब एक-एक व्यक्ति के पास कई-कई क्षेत्रों का भार है। इस मामले में डीएम भी दो बार चकबंदी आयुक्त को पत्र लिखकर अतिरिक्त लेखपालों की मांग कर चुके हैं, पर अब तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। इस वजह से भी यहां की चकबंदी पिछड़ रही है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी (एसओसी) पवन कुमार सिंह का कहना है कि 81 गांवों में 32 कानूनगो की तैनाती नाकाफी है। कर्मचारियों की कमी काफी खल रही है। अब एक बार फिर तीन जून को डीएम ने चकबंदी आयुक्त को पत्र लिखकर बताया कि जिले में चकबंदी लेखपाल के 120 पद स्वीकृत हैं। पदोन्नति एवं उसके बाद स्थानांतरण के फलस्वरूप केवल 45 लेखपाल ही कार्यरत हैं। चार लेखपाल निलंबित चल रहे हैं, और एक ने नौकरी छोड़ दी है। इसलिए कम से कम 30 अन्य लेखपालों की जरूरत है। लेखपाल रेखा गोले 13 अप्रैल 2023 से लगातार गैरहाजिर चल रही थीं। इन्हें एसओसी ने कई नोटिस देकर कार्रवाई की हिदायत दी थी। इस पर रेखा ने छह जून को स्पीड पोस्ट से अपना त्यागपत्र भेज दिया। फोन कॉल पर उन्होंने एसओएसी को बताया कि उन्होंने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिया है। अब वह नौकरी नहीं करेंगी। इस पर एसओसी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

# माता पिता के साथ पुत्र और पुत्र वधु ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज के गांव औरंगाबाद के रहने वाले वृद्ध माता-पिता अपने ही पुत्र और पुत्र बधु से अपनी जान बचाते फिर रहे हैं। पुत्र ने अपने पत्नी और बच्चों के साथ मिलकर खूब पिटाई की। घटना की रिपोर्ट पिता ने अपने पुत्र और पुत्र वधु सहित कई लोगों के खिलाफ थाना हाफिजगंज में दर्ज कराई है।

ग्राम के खेमकरन द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 17 जून की शाम 8 बजे उनका बड़ा पुत्र सतीश, पुत्र वधु सरोजा, नाती दिनेश उसकी पत्नी मयकीया, और रवि एक राय होकर उसे लाठी डंडों से मारने पीटने लगे, जब उनकी पत्नी राजो उसे बचाने आए तो पुत्र और पुत्र वधु व उनके पुत्रों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि खेमकरन का पुत्र सतीश कब्जा करना चाहता है। उन्होंने अपने इस पुत्र और पुत्र वधु से अपनी और अपनी पत्नी कि जान को खतरा बताते हुए इनके खिलाफ कार्यवाही न होने पर पलायन की धमकी दी है। घटना की रिपोर्ट पिता खेमकरन द्वारा अपने पुत्र सतीश, पुत्र वधु सरोजा सहित परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### कोतवाली देवरनियां क्षेत्र की सम्वेदनशील और महत्वपूर्ण पुलिस चौकी रिछा फिर विवादों में

# दोबारा चौकी में दिखी, तो मुंह दिखाने लायक नहीं छोडूंगा...

**■ चौकी इंचार्ज पर महिला और डॉक्टर ने लगाया अभद्रता करने का आरोप**

**■ दोनों मामलों में एसएसपी से शिकायत कर चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** एक तरफ सूबे की योगी सरकार महिलाओं को सम्मान दे रही है, वहीं दूसरी ओर कोतवाली देवरनियां की रिछा चौकी का इंचार्ज महिला को अपमानित कर योगी सरकार को खुली चुनौती दे रहा है। चौकी इंचार्ज पर एक महिला और एक डॉक्टर से अभद्र व्यवहार समेत कई गंभीर आरोप लगे हैं। दोनों मामलों की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई है।

कोतवाली देवरनियां क्षेत्र की सम्वेदनशील और महत्वपूर्ण पुलिस चौकी रिछा के इंचार्ज की कार्यशाली और बिगड़े बोल महकमे में फजीहत का सबब बन रहा है। चौकी इंचार्ज पर एक डॉक्टर और एक महिला से अभद्र व्यवहार करने समेत कई गंभीर आरोप लगे हैं।

जिले की कमान संभाले ईमानदार और तेजतर्रार एसएसपी अनुराग आर्य लापरवाही और अन्य मामलों को लेकर कई पुलिस कर्मियों को निलंबित कर चुके हैं। फिर भी देवरनियां कोतवाली के पुलिसकर्मी अपनी कार्यशैली में कोई भी परिवर्तन करने को तैयार नहीं है। ऐसे ही दो मामले रिछा चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार राठी के सामने आए हैं। आजकल चौकी इंचार्ज अपनी कार्यशैली को लेकर जमकर सुर्खियों में है। चौकी इंचार्ज पर एक महिला सहित एक डॉक्टर ने अभ्रद व्यवहार करने का आरोप लगाया है। दोनों ही मामलों में शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई है।

पहली शिकायत के अनुसार गांव गरगईया निवासी महिला मैसर जहां का आरोप है कि वह अपनी शिकायत लेकर बीते 15 जून को रिछा चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राठी के पास गई थी। महिला ने शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि चौकी इंचार्ज ने उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए चौकी से धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। धक्का लगने की वजह से महिला जमीन पर गिर गई, और उसके चोट भी लग गई। महिला का यहां तक आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने उसे बहुत बेइज्जत किया, और कहा कि तू दोबारा यहां दिखी, तो तेरे साथ वह हाल करूंगा कि तू कहीं मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेगी। महिला ने शिकायती पत्र में बताया है कि शिकायत करने गई थी उसके विपक्षी से चौकी इंचार्ज ने मोटा पैसा ले रखा था, और जबरन समझौता करने का दावा बना रहा था। इसके न मानने पर महिला के साथ अभ्रद व्यवहार का प्रयोग किया गया, और उसकी तहरीर फाड़कर फेंक दी गई।

वहीं दूसरे मामले में रिछा चौकी क्षेत्र के गांव बकैनिया स्वाले निवासी डॉक्टर संजीव कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह रात्रि करीब 2:20 बजे अपने गांव बकैनियां स्वाले से अपने क्लीनिक कुंडरा कोठी पर जा रहे थे, जहां वह डॉक्टरी की प्रैक्टिस करते हैं, तभी रास्ते में गश्त कर रहे चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राठी ने उन्हें रोक लिया, और पूंछताछ करने लगा, जिसपर संजीव ने अपना परिचय बताया, और कहा कि वह कुंडरा कोठी स्थित अपने क्लीनिक पर जा रहा है, जहां इमरजेंसी में किसी मरीज की तबीयत ठीक नहीं है। इस दौरान डॉक्टर संजीव ने चौकी इंचार्ज को अपने आधार कार्ड सहित अन्य डॉक्यूमेंट भी दिखाए, लेकिन चौकी इंचार्ज ने संजीव से कहा कि तू डॉक्टर नहीं चोर लग रहा है। डॉ0 संजीव का कहना है कि गश्त के दौरान चौकी इंचार्ज नशे में था, और वह उसके साथ गाली-गलौज कर अभ्रद व्यवहार करने लगा। जब उसने चौकी इंचार्ज से कहा कि मैं आपकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करूंगा तो इसपर वह आग बबूला हो गया, और कहने लगा तूने मेरी शिकायत अगर कहीं की तो तेरे ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दूंगा।

वहीं चौकी इंचार्ज के व्यवहार से क्षेत्र की जनता ही नहीं जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं। उन्होंने भी शिकायती पत्र पर अपने हस्ताक्षर कर चौकी इंचार्ज के प्रति अभ्रद व्यवहार पर कार्रवाई की मांग की है।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हुई नई नियुक्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर विधायक और प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां ने सत्येंद्र दिवाकर को छात्रसभा का विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया।

इस मौके पर विधानसभा कोषाध्यक्ष हरस्वरूप मौर्य और अन्य पदाधिकारियों ने सत्येंद्र दिवाकर को बधाई दी, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में युवजन जिला उपाध्यक्ष राजू मौर्य, युवजन सभा महासचिव रिजवान शानू, कार्यालय प्रभारी इरशाद अली और कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें कपिल गुर्जर, करण दिवाकर, आयुष राठौर, विकास गुर्जर, आर्यन गुर्जर, शिवम रस्तोगी और कई अन्य लोग शामिल थे। नियुक्ति के बाद सत्येंद्र दिवाकर ने कहा कि वह छात्रसभा के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करेंगे, और समाजवादी पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे।

# सेमिनार: मौजूदा वक्त और बेटियों के बहकते कदम

**■ हम भी कुछ अपनी जिमेदारी निभाएं, अपनी बहन-बेटियों के ईमान बचाएं**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** तहरीक- ए- तहफ्फुज-ए-सुन्नियत (टीटीएस) की ओर से कंगी टोला में दरगाह-ए-आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती मोहम्मद अहसन रजा खां कघदरी (अहसन मियां) की सरपरस्ती में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था ष्मौजूदा दौर और बेटियों के बहकते कदम।ष इस सेमिनार का मकघ्सद वक्त की नजाकत और आज के समाजी हालात को देखते हुए खघस तौर पर अपनी बहन-बेटियों के ईमान की हिफाजत करना है। यहां से इसको लेकर मुहिम भी शुरू की गई जिसका नारा है हम भी कुछ अपनी जिम्मेदारी निभाएं, अपनी बहन बेटियों के ईमान बचाएं।

सेमिनार का आगाज तिलावत ए कुरान से मौलाना बिलाल रजा ने किया। इसके बाद सेमिनार के आयोजक टीटीएस के वरिष्ठ सदस्य परवेज खान नूरी ने कहा कि एक साजिश के तहत हमारी बहन बेटियों को बहकाकर उनका जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हमने अपनी बेटियों को बचाने के लिए मुहिम शुरू कर दी है। मुहल्ले-मुहल्ले जाकर अवाम को जागरूक करने का काम टीटीएस के जिम्मेदार करेंगे। मंथन करेंगे कि कैसे हम अपनी बच्चियों को गैरों के चंगुल से बचाएं। साथ ही कोई भी काम संवैधानिक दायरे में रह कर ही करें। कानून अपने हाथ में न लें। कहीं गलत हो रहा है तो प्रशासन को इत्तिला करें।

दरगाह के नासिर कुरैशी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी बच्चियों को तालीम (शिक्षा) के साथ अच्छी तरबियत (संस्कार) देने की जरूरत है। बच्चियों की समय समय पर काउंसलिंग करें। उनको अच्छे बुरे की पहचान बताएं। ताकि वो नादानी में जो कदम उठा रही हैं उससे बचें। डॉक्टर अब्दुल माजिद खान ने कहा कि हमारे समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई की वजह से भी लड़कियां गलत कदम उठा रही हैं। इसलिए दहेज हटाएं और बेटी बचाएं। आज का नौजवान दहेज रहित शादियां करें। वहीं टीटीएस के वरिष्ठ सदस्य शाहिद नूरी व अजमल नूरी ने कहा कि हमें अपने स्कूल-कॉलेज खोलने की बेहद जरूरत है।

सोशल मीडिया के इस दौर में बच्चियों पर पैनी निगाह रखी जाए। टीटीएस के मंजूर रजा खान व नफीस खान ने कहा कि निकाह को आसान कर ही बेटियों को बचाया जा सकता है। संचालन करते हुए इशरत नूरी ने कहा कि इस सेमिनार का मकसद है कि मुसलमान अपनी घर की औरतों को गुमराही से बचाएं। आखिर में दुआ मौलाना गुलफाम रजा ने की।

इस सेमिनार में ताहिर अल्वी, हाजी शरिक नूरी, सय्यद शावेज, अदनान बेग, साजिद नूरी, नईम नूरी, इरशाद रजा, मुस्तकीम रजा, आकिब रजा, सय्यद माजिद अली, साकिब रजा, आले नबी, कघशिफ सुब्हानी, सय्यद एजाज, जावेद खान, मुजाहिद रजा, नदीम खान, फिरोज खान, अब्दुल अहद, आरिफ रजा, आदिल रजा, अरवाज रजा आदि मौजूद रहे

# अब फिर से दोबारा शुरू हुई चकबंदी

**■ रहपुरा जागीर में फर्जी पट्टों की वजह से 45 साल से उलझी रही चकबंदी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मीरगंज तहसील क्षेत्र के रहपुरा जागीर गांव में फर्जी पट्टों की वजह से चकबंदी प्रक्रिया 45 साल से उलझी रही। यहां आठ जुलाई 1973 को अधिकारियों ने ग्राम समाज की जमीन पर 18 लोगों के नाम फर्जी पट्टे कर दिए थे। इसका खामियाजा पूरे गांव के भू-स्वामी भुगत रहे हैं।

वर्ष 1980 में चकबंदी प्रक्रिया शुरू होने पर चकबंदी अधिकारियों ने तहसील से खतौनी व अन्य अभिलेख लेकर पुराने बंदोबस्त से मिलान किया। तब यह फर्जीवाड़ा सामने आया। चकबंदी अधिकारियों ने फर्जी पट्टों को निरस्त किया तो पट्टेदार हाईकोर्ट चले गए। इसके बाद चकबंदी प्रक्रिया आठ साल तक थमी रही। चकबंदी अधिकारियों ने हाईकोर्ट में पैरवी कर स्टे आदेश को खारिज कराया तो गांव में दोबारा चकबंदी चालू हुई है।

अधिकारी अक्टूबर तक प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद जता रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई पट्टेदारों ने उस जमीन को बेच भी दिया था। विमला देवी ने एक पट्टेदार से बंजर श्रेणी की जमीन खरीदी थी। जब इसका पट्टा निरस्त हुआ तो वह भी हाईकोर्ट चली गई थीं।

तहसील प्रशासन ने बाबूराम, उसकी पत्नी रेशमदेई एवं उनके दो बेटों जगदीश व जयराम और बहू गुड्डो रानी को जमीन पट्टे पर बांटी थी। बच्चन सिंह की पत्नी स्वर्ण कौर को तो चार पट्टे दिए गए थे। रमेश चंद्र को 1.138 हेक्टेयर जमीन दी थी। महानगर में इज्जतनगर डिफेंस कॉलोनी निवासी मूलचंद्र को 1.669 हेक्टेयर जमीन पट्टे पर मिली थी। बलकार सिंह को तीन पट्टे दिए गए। हरदयाल, रमवती, होरीलाल, राम. वती, बालक राम, नरायन, राम भरोसे, भगवान दास, सोहनलाल को जमीन पट्टे पर बांटी गई थी।

> रहपुरा जागीर गांव की चकबंदी रफ्तार पकड़ गई है। पैमाइश करा रहे हैं। सोमवार को मैंने गांव में जाकर किसानों की बात सुनी और जल्दी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। यहां फर्जी पट्टों को निरस्त कराने के चक्कर में चकबंदी प्रक्रिया में काफी विलंब हुआ है।
>
> **पवन कुमार सिंह, एसओसी**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9456212547 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# गौ संरक्षण, चारागाह व हरे चारे की व्यवस्था को की बैठक

**■ आंवला तहसील में नई बड़ी फैक्ट्रियां खोली जाएं जिससे कि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके: पशुधन मंत्री**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने गुरुवार को सर्किट हाउस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारिक के साथ गौ संरक्षण, चारागाह व हरे चारे की व्यवस्था आदि के संबंध में बैठक की।

बैठक में मंत्री ने कहा कि विकास एवं सुरक्षा राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। बरेली जनपद में पूंजी का निवेश अधिक से अधिक हो इसके लिए फर्नीचर, साड़ी, सुरमा आदि के व्यापार को बढ़ावा दिया जाए, जिससे कि बरेली की पहचान बनी रहे।

बैठक में निर्देश दिए गए कि आंवला तहसील में नई फैक्ट्रियां खोली जाएं, जिससे कि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को एक सामान्य यात्रा की भांति नहीं बल्कि पूर्ण श्रद्धा भाव से यात्रा निकाली जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का मानना है कि कांवड़ यात्रा को व्यवस्थित तथा शांतिपूर्ण ढंग से निकला जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक नगर को निर्देश दिए कि पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा में कांवड़ ले जा रहे श्रद्धालुओं के साथ उचित तथा शांतिपूर्ण व्यवहार किया जाए। पशुधन मंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध कराई जाए, इसके लिए उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सप्ताह में एक बार गौशालाओं का निरीक्षण कर यह अवश्य देखा जाये कि गौशालाओं में गायों के खाने हेतु हरा चारा, भूंसा, गायों को गर्मी से बचाने हेतु टीन शेड तथा ठंडे पानी की उचित व्यवस्था रहे। गौशालाओं में साफ-सफाई उचित प्रकार से रखी जाए। गौशाला में बीमार गायों को पूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाये। हर गौशाला में एक अतिरिक्त पशु शेड बनाया जाए जिससे अधिक से अधिक गाय उसमें रखी जा सकें। बैठक में निर्देश दिए गए कि चारागाह की भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराकर वहां हरा चारा उगाया जाए। किसानों को अधिक से अधिक देसी गाय दी जाएं, जिससे कि वह उस गाय के दूध को बेचकर रोजगार कर सकें। गाय केवल पशु ही नहीं बल्कि इसे गौ माता का दर्जा दिया गया है।

# बारिश के दौरान कच्चा मकान गिरा, दंपती समेत आठ सदस्य घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना आंवला क्षेत्र में बुधवार रात बारिश के दौरान हादसा हो गया। रामनगर चौकी क्षेत्र के गांव भीमलौर में रात करीब 12 बजे चंद्रपाल का कच्चा मकान अचानक से भरभरा गिर गया। जिसके मलबे के नीचे दबकर दंपती समेत परिवार के आठ लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक गांव भीमलौर निवासी चंद्रपाल (45 वर्ष) व उनके परिवार के सदस्य कच्चे मकान में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे बारिश के दौरान उनका पूरा मकान गिर गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना देने के साथ मलबा हटाना शुरू कर दिया।

इस बीच थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से भोजराम पुत्र ढाकनलाल, चंद्रपाल पुत्र ढाकनलाल, सुनीता पत्नी चंद्रपाल , रवि पुत्र चंद्रपाल, बलवीर पुत्र चंद्रपाल, मंजू पुत्री चंद्रपाल, ज्योति पुत्री चंद्रपाल और संजीव पुत्र चंद्रपाल को मलबे से निकाला और एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीओ आंवला नितिन कुमार ने बताया कि चिकित्साधिकारी के अनुसार सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

# पटवाई के वाटिका रिजॉर्ट में हुई लायंस क्लब रामपुर एलिट की पारिवारिक सभा

**भीषण गर्मी में सभी ने लिया पूल पार्टी का लिया आनंद**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** लायंस क्लब रामपुर एलिट के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सभी साथी परिवार की जिम्मेदारी के साथ घ्समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा से बढ़ा कोई और धर्म नहीं है।

पटवाई स्थित वाटिका रिजॉर्ट में पारिवारिक सभा हुई।जिसमें महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न गेम खेले। हाऊजी, सिंगिंग और डांस का भरपूर आनंद लिया। भीषण गर्मी के चलते सभी ने स्विमिंग पूल में डुबकी लगाई। अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह कहा कि यह पारिवारिक सभा इस सत्र की आखिरी सभा है।वह नई कार्यकारिणी के साथ मिलकर क्लब को और अधिक ऊँचाई तक ले जाने में सहयोग करेंगे।

सचिव मनीष खुराना ने कहा कि नए सत्र की पीएसटी जो भी कार्य करेगी, उसको पूरा सहयोग दिया जाएगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि नई पीएसटी क्लब और समाजसेवा के कार्यों में बेहतर कार्य करेगी। कोषाध्यक्ष गौरव जैन ने कहा कि यह इस सत्र की आखिरी सभा है, अगले सत्र में सारा लेखा-जोखा नए कोषाध्यक्ष को प्रदान किया जाएगा।नई कार्यकारिणी के गठन में विनोद कुमार एडवोकेट को अध्यक्ष, शोभित गोयल को सचिव और अथर खान को कोषाध्यक्ष चुना गया।



नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सभी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुकुल अग्रवाल, शैलेंद्र गोयल, शोभित गोयल, एडवोकेट जितेंद्र प्रधान, विनोद कुमार, एडवोकेट विनीत कुमार, एडवोकेट भीकम सिंह यादव, डॉक्टर सुशील कुमार, अथर खान, राधेश्याम, आदिश गुप्ता, रजनीश कुमार, प्रीति सिंह, अल्पना खुराना, पूजा जैन, श्वेता अग्रवाल, अंजली गोयल, सोनी अग्रवाल, अर्चना गोयल, रितु सिंह, अर्चना विनोद, नीरू प्रधान, रानी, सुनैना गुप्ता, निधि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दूध व तेल के 5 नमूने जांच को भेजे प्रयोगशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने और मिलावट की जांच हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष छापामार अभियान में राम-रहीम चौक ज्वालानगर स्थित दूधिया फरीद पुत्र सलीम, पटवाई स्थित दूधिया नवासे पुत्र इमाम बक्श और दूधिया सरवर अली पुत्र मंसूर अली से दूध का एक-एक नमूना लिया गया।

रामपुर चौराहा शाहबाद स्थित दूधिया नवाब हुसैन पुत्र नौसे से दूध का 01 नमूना लिया गया और शादी की मडैया, शाहबाद स्थित मैसर्स अकरम किराना स्टोर के अकरम पुत्र मो. हुसैन से सरसों का तेल का 01 नमूना लिया गया।



इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 05 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, अशोक कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# पौधरोपण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** कांग्रेस नेताओं ने मिलक के धमोरा मे राहुल गांधी जी के जन्मदिन कि खुशी मे पौधरोपण किया। कांग्रेस नेताओं ने पीपल, नीम और पाखड़ के पेड़ लगाकर राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया।

पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा राहुल गांधी देश के लिए ऑक्सीजन जैसे है राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

संसद से लेकर भारत जोड़ो यात्रा तक आपकी यात्रा साहस, करुणा और सत्यनिष्ठा की मिसाल रही है। आपने किसानों, युवाओं, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए जो अडिग संघर्ष किया है, वह करोड़ों लोगों की आवाज बन चुका है। नफरत और अन्याय के खिलाफ आपका संकल्प, देश को एकजुट करने की आपकी प्रतिबद्धता, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में नया विश्वास जगाती है। आपका यह सत्य और प्रेम का मार्ग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहे। आपको उत्तम स्वास्थ्य और लंबी उम्र की शुभकामनाएं।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ अल्वी ने कहा राहुल गांधी इस देश के लिए एक ऊर्जा है उन्होंने देश के करोड़ों पिछड़ों, दलितो, शोषित वंचितों और अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई लड़ी है वह देश के हर मजलूम के साथ खड़े हैं जहा जिसके साथ अन्याय होता है राहुल गांधी जी उसके साथ खड़े हो जाते है और उसकी लड़ाई लड़ते हैं और न्याय दिलाते हैं राहुल गांधी ने हमेशा सड़क से संसद तक मजलूमों लोगों की आवाज उठाई है यही वजह है कि भारत सरकार को मजबूर होकर जातीय जनगणना करानी पड़ी। इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, मिलक नगर अध्यक्ष हसीब खां, सभासद आसीब खां, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार,ब्लॉक अध्यक्ष जिवेन्द्र गंग. वार, रियाज अहमदाबाद, अकरम सुलतान, तसलीम खां, मुन्ने खां और देवकी नंदन गंगवार आदि मौजूद रहे।



# तानाशाही के अंधकार में राहुल गांधी ही आशा की किरणः बेगम नूरबानो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** भारतीय लोकतंत्र के आकाश पर तानाशाही के घने काले बादल छाए हुए हैं। आज समूचा देश इस अंधकार से मुक्ति के लिए जननायक राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। यह विचार आज शाम पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने आईसीसी सदस्य मुतिउर रहमान बब्लू के आवास पर आयोजित जननायक राहुल गांधी के जन्मोत्सव समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वह आवाज हैं जो संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अडिग खड़ी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुरादाबाद से पधारे पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस समन्वयक फूलकुंवर ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में जो भारत जोड़ो यात्रा चली, वह सिर्फ यात्रा नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जोड़ने का आंदोलन है। वे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की राजनीति कर रहे हैं, और यही भारत की असली संस्कृति है।

प्रमिल कुमार शर्मा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश को राहुल गांधी जैसे ईमानदार और दूरदर्शी नेता की जरूरत है। हर कांग्रेस कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वे राहुल गांधी के विचारों, संघर्ष और मोहब्बत के संदेश को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाएं।

एआईसीसी सदस्य मुतिउर रहमान बब्लू ने कहा कि राहुल गांधी का विचार युवाओं को प्रेरित करता है। आज हमारी प्राथमिकता है कि युवाओं को कांग्रेस के सिद्धांतों से जोड़ें, ताकि एक न्यायपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण हो सके।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा कि शहर कांग्रेस राहुल गांधी के संदेश को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हम मोहब्बत, भाईचारे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

समारोह का संचालन जिला कांग्रेस महासचिव उमेश दुबे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष नुसरत अली खां उर्फ साहिर रजा खां, पूर्व प्रधान मोज्जम अली खां, जिला कार्यालय प्रभारी शकील मंसूरी, आउटरीच जिलाध्यक्ष फरीद खां, याकूब खां, नुसरत अली खां, आसिफ अली, शहर कार्यालय प्रभारी राजेश कुमार, शावेज खां, मोहम्मद रफी, वासिक अली, मेहंदी हसन, जमील मियां, वकील अहमद, इरफान पाशा, गुड्डू खां, वाहिद खान फ्लैक्सी, यामीन सैफी, सहित अन्य सम्मानित कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि वे राहुल गांधी के मोहब्बत और एकता के संदेश को हर गांव, हर गली तक लेकर जायेंगे और नफरत की राजनीति का डटकर मुकाबला करेंगे।

# विधायक ने ओवर लोड व खनन के ओवर लोड डम्पर पर लगवाया अंकुश

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** गुरुवार कुछ दिन पहले अपना दल एस के केम्प कार्यालय पर जनता द्वारा विधायक शफीक अहमद अंसारी जी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था की क्षेत्र में आये दिन ओवरलोड वाहन व ओवरस्पीड गाड़ियां और कम उम्र के युवक रोड पर अपनी गाड़ियां दौड़ा रहे हैं।इसी वजह से क्षेत्र में काफी मौते हो चुकी हैं कल ही ग्राम मधुपुरी की एक छोटी बच्ची जो की स्वार मदरसे से पढ़कर जा रही थी तभी वक तेज गति वाहन ने उसके रिक्शा में टककर मार दी और उस बच्ची की मौके पर ही मौत हो गयी इसी बात का संज्ञान लेते हुए माव विधायक शफीक अहमद अंसारी पुलिस अधीक्षक महोदय व जिला अधिकारी महोदय को एक पत्र लिखा. जिसका संज्ञान लेते हुऐ पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारी समस्त थाना प्रभारी 'प्रभारी उपनिरीक्षक यातायात' को आदेशित किया है कि मुख्य मार्गो पर आय दिन ओवरलोडिंग वाहनों एवं खनन के ओवरस्पीड वाहनों के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने हेतु उपरोक्त वाहनों पर कानूनी रूप से कार्यवाही करें एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही कर दण्डित करें।

# योग केवल एक दिन करने की चीज नहीं है, इस दिनचर्या में शामिल करना जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रतिदिन की तरह जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने अपने निवास स्थान नर्मदा मंदिर पर योग किया साथ ही साथ जन समस्या लेकर आए कार्यकर्ताओं को भी साथ में योग कराया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने योग और योग दिवस के बारे में कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरुआत 21 जून 2014 से हुई लेकिन इसका इतिहास पांच हजार वर्ष से भी पुराना है। ऋग्वेद के दसवें मंडल के अनुसार हिरण्यगर्भ को योग का उत्पत्तिकर्ता माना गया है। इस साल योग दिवस की थीम योगा फॉर वन हेल्थ, वन अर्थ रखी गई है। जिसका अर्थ है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। पूरे विश्व के साथ देश में एक बार फिर से योग के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। अपने शहर के युवा भी योग के दक्ष साधक है। जिला से लेकर मंडल और प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हरीश ने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने आप से जुड़ते हैं और अपने जीवन को सफल बनाते हैं। योग अब सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि लोगों की दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। अगर सही तरीके से और नियमित रूप से योग किया जाए तो कई बीमारियों से बिना दवा के भी निजात पाई जा सकती है।



योग केवल एक दिन करने की चीज नहीं है। इसे तो दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है, हम सभी जानते है कि योग भारतीय संस्कृति की देन है। यह हजारों सालों से मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करता आ रहा है। योग शब्द का संस्कृत के युज से आया है, जिसका अर्थ जोड़ना होता है। इसमें मन, शरीर और आत्मा का मिलन होता है। पतंजलि के अनुसार योग का उद्देश्य है चित्त वृत्ति निरोध यानि मन के विचारों का नियंत्रण। जिला पंचायत सदस्य टेकचंद गंगवार, मोनू कुमार, देवराज गंगवार ,छत्रपाल गंगवार, शांति स्वरूप, चंद्रपाल, महेंद्र पाल, अंशु कुमार, हिमांशु कुमार, गुलाबी लाल, मनोहर लाल, कल्याण राय आदि लोगों ने योग किया।

# लापरवाही ने ली नवजात की जान, जच्चा की हालत गंभीर, झोलाछाप अस्पताल पर उठे सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी इकरार बेग के पुत्र सलमान की आठ माह की गर्भवती पत्नी उमरा को प्रसव पीड़ा होने पर सैफनी के अनजाना हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां कथित तौर पर अस्पताल संचालक और एक अन्य डॉक्टर की घोर लापरवाही के चलते असमय डिलीवरी कराई गई, जिससे नवजात की तुरंत मौत हो गई।

वहीं, उमरा की हालत भी नाजुक बनी हुई है और उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। पीड़ित इकरार बेग ने बताया कि उनका पुत्र सलमान अपनी आठ माह की गर्भवती पत्नी उमरा को लेकर गुरुवार सुबह सैफनी स्थित अनजाना हॉस्पिटल आया था। अस्पताल संच. ालक ने उमरा को तुरंत भर्ती कर लिया और सैफनी के ही चांद हॉस्पिटल के डॉ. फहीम को बुलाकर उमरा का बड़ा ऑपरेशन कर दिया, जिससे असमय डिलीवरी हो गई और नवजात ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



ऑपरेशन के बाद से ही उमरा की हालत बिगड़ने लगी। सलमान ने जब अपनी पत्नी को किसी अच्छे अस्पताल में ले जाने के लिए गुहार लगाई, तो अनजाना हॉस्पिटल प्रबंधन ने उसे डिस्चार्ज करने से साफ इनकार कर दिया। इकरार बेग रुपयों का इंतजाम करने गए थे, तभी अनजाना हॉस्पिटल की डॉक्टर ने एंबुलेंस बुलाकर उमरा को मुरादाबाद के एक अस्पताल भेज दिया। जहां उमरा की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इकरार बेग ने यह भी बताया कि जिस अनजाना हॉस्पिटल में यह घटना हुई है, वह बाहर से भारतीय मेडिकल स्टोर के नाम से चलता है, जबकि अंदर अस्पताल संचालित किया जा रहा है।

इस घटना ने एक बार फिर से क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस के चल रहे अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को तेज कर दिया है। पीड़ित परिवार ने इस मामले की सैफनी थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी हमवीर सिंह जादौन ने बताया मामले की जाँच की जा रही।

# भूबरा एहतमाली के प्रधान पति की ज्यादतियों से परेशान सीता समूह

## महिलाओं ने प्रधान पति पर डराने और धमकाने का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के किशनपुर आर पी की सीता समूह की महिलाओं ने स्वार खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिकायत की है की भूबरा एहतमाली के ग्राम प्रधान पति जानबूझकर परेशान कर रहे हैं और सरकारी योजनाओं से वंचित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रधान पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को किशनपुर आर पी की सीता सहायता समूह से जुड़ी तमाम महिलाएं स्वार खंड विकास कार्यालय पहुंची और खंड विकास अधिकारी से ग्राम प्रधान पति के खिलाफ ज्ञापन सौंपा आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान पति ग्राम पंचायत में फर्जीबाड़ा करने में जुटे हुए हैं विरोध करने पर सहायता समूह की महिलाओं को डराते और धमकाते हैं और सरकारी योजनाओं को बंद करने की धमकी देते हैं जिससे महिलाएं काफी परेशान है और खंड विकास अधिकारी से इस मामले की शिकायत कर प्रधान पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और त्यागपत्र दिलाने की जबरन धमकी दे रहे हैं जिससे महिलाएं प्रधान पति के आतंक से परेशान है।



# कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा/रामपुरा।** थाना टांडा में बुधवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्टर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सवार बाइक को रोड पर घसीटता ले गया। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी टांडा पहुंचा।

टांडा क्षेत्र के गांव मुंडी मिलक में टांडा बाजपुर रोड पर इंटर कॉलेज के समीप एक तेज रफ्तार आ रही कार के चालक ने सामने से बाइक सवार भूप सिंह पुत्र जयराम निवासी गांव मुंडी मिलक को जोरदार टक्कर मार रोड पर घसीटा चला गया। इस हादसे में भूप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। पंकज कुमार हल्का दरोगा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही थाना टांडा पुलिस मौके पर पहुंची और कार और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया।



# मायके से नहीं आई पत्नी, तो फांसी पर लटका पति

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैदनगर/रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। चार माह पहले ही दोनों की शादी हुई थी और नाराजगी के चलते पत्नी मायके चली गई थी। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

मामला थाना क्षेत्र के कुम्हारिया गांव का है। गांव निवासी युवक विनीत उम्र 22 वर्ष का थाना भोजपुर के हुमायूं पुर गांव निवासी एक युवती के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद दोनों में अनबन रहने लगी। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद होता रहता था। आपसी विवाद के चलते 15 दिन पहले पत्नी अपने मायके चली गई। इस दौरान युवक ने नाराज पत्नी को मनाने की काफी कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी।



बताते हैं बुधवार देर रात तक युवक अपनी नाराज पत्नी को मनाने की को. शिश करता रहा। नाकाम होने पर युवक ने आत्महत्या करने की ठान ली। रात करीब 11बजे युवक अपने कमरे में पहुंचा और फांसी का फंदा लगाकर छत में लटक गया। परिजनों ने युवक को घर की छत में लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। चीख पुकार सुन आस पड़ोस के तमाम लोग भी घटनास्थल पर आ गए। युवक के फांसी लगाने की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए मृतक के शव का पीएम कराया जा रहा है। परिजन जो भी तहरीर देंगे उसी के आधार पर कार्यवाही होगी।

# सुन्नी औकाफ के मुतवल्ली बने नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां

- हमजा मियां शिया शाही औकाफ के भी मुतवल्ली हैं
- शिया औकाफ पर भी उनका नियंत्रण हैं



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां को 12 औकाफ का मुतवल्ली नियुक्त किया है। बोर्ड के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी की ओर से जारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां को जिन औकाफ का मुतवल्ली बनाया है उनमें वक्फ संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 8, 9, 10, 11, 12, 13 व 146 शामिल हैं। 14 जून 2025 को जारी बोर्ड के आदेश पर अध्यक्ष के अलावा सदस्य नईमउर्रहमान सिद्दीकी और अदनान फर्रुख शाह के भी हस्ताक्षर हैं।

### सपा शासन में मुतवल्ली बनाए गए लोगों को हटाया गया

**रामपुर।** सपा शासन में 2014 में औकाफ के मुतवल्ली बनाए गए अजहर खां, परवेज खां, दानिश अली खां, नासिर खां और इसके बाद 2021 में फहद अहमद खां जमाली को अलग अलग वक्फ का मुतवल्ली बनाए जाने के आदेश को बोर्ड ने वापस लेते हुए सभी को हटा दिया है।

बोर्ड ने अपने आदेश में कहा है कि शाही रियासत रामपुर के वक्फनामे के मुता. बिक शाही घराने के लोग ही इन औकाफ के मुतवल्ली हो सकते हैं, इसलिए अन्य किसी को मुतवल्ली बनाये रखना उचित नहीं है। बोर्ड ने न्यायालय में स्थगन आदेश वाले वक्फ संख्या 157 को छोड़कर शेष सभी 12 वक्फ का प्रबंधक नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां को नियुक्त कर दिया है।

### वक्फ पर दोबारा नियंत्रण से शाही परिवार में खुशी

सपा शासन में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां से औकाफ के मुतवल्ली का ओहदा छीन लिया गया था। अब एक बार फिर वक्फ पर दोबारा नियंत्रण से शाही परिवार में खुशी है। मुतवल्ली बनाए गए हमजा मियां नवेद मियां के बेटे हैं। उनके दादा पूर्व सांसद नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां भी औकाफ के मुतवल्ली रहे हैं। हमजा मियां ने बोर्ड के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि वक्फ सम्पत्तियों के उचित प्रबंधन पर ध्यान देंगे।

# कावड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर हुई गोष्ठी

मुफीद हुसैन
शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के गांव चंद्रपुर कला एवं चकफेरी में थाना प्रभारी हमवीर सिंह जादौन ने आगामी मोहर्रम, कावड़ यात्रा के दृष्टगत जन चौपाल का आयोजन कर चौपाल में उपस्थित ग्राम प्रधान, धर्मगुरु संभ्रांत व्यक्ति एवं जन सामान्य को आगामी त्यौहारों को सद्भाव एवं भाईचारे से मनाने, आपस में मिलजुल कर रहने, विवाद एवं झगड़ा न करने, गांव में जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ एवं शराब आदि कुरीतियों को दूर करने,अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण में स्थानीय पुलिस का सहयोग करने की अपील के साथ साथ यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट, शीटबेल्ट का प्रयोग करने, साइबर अपराध से बचाव एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर आदि प्रसारित न करने आदि के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही अपराधियों को अपराध छोड़कर सामान्य जीवन व्यतीत करने की सख्त हिदायत दी गई।



गोष्ठी में उपस्थित जन समूह ने सहयोग का खुले दिल से आश्वासन दिया गया।

# धामपुर शुगर मिल में मॉक ड्रिल

## आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों को दिया सुरक्षा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल एवं डिस्टिलरी यूनिट में अर्धवार्षिक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने की। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने हेतु प्रशिक्षित करना तथा कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के अनुरूप सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना रहा।

ड्रिल के दौरान यह परिदृश्य रचा गया कि ई.टी.पी. प्लांट के मोलासेस टैंक नंबर 2 के पास कटिंग वेल्डिंग कार्य के समय आग लग गई। आग पर नियंत्रण पाने हेतु फायर सेफ्टी टीम ने मौके पर पहुंचकर फायर उपकरणों का प्रयोग किया। घायलों की भूमिका निभा रहे कर्मचारियों को एंबुलेंस द्वारा ओएचसी सेंटर भेजा गया।

फायर अधिकारी दीपक चौधरी और उनकी टीम ने फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग बुझाने का प्रैक्टिकल



रिहर्सल किया। इस अवसर पर रानी बाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार खोखर तथा धामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम भी मौके पर मौजूद रही। एच.आर. हेड विवेक सिंह यादव ने जानकारी दी कि मिल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर सेफ्टी टीम को नए उपकरणों से लैस किया जा रहा है। मॉक ड्रिल के दौरान फायर सेफ्टी टीम के सदस्य सौरभ प्रताप सिंह ने फायर सूट और ऑक्सीजन सिलेंडर पहनकर आग के बीच से 'घायल' कर्मचारियों को बाहर निकालने का प्रदर्शन कर सुरक्षा के महत्व को दर्शाया।

इस मौके पर कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, सेफ्टी ऑफिसर श्री भरत भूषण बर्नी सहित मिल के सभी वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजय कुमार गुप्ता ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी सुरक्षा जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही।

प्रमुख उपस्थितजनों में उपेन्द्र तोमर, तरुण राणा, अजय पांडे, मोहित वशिष्ठ, धीरज कुमार सक्सेना, दुर्गेश राठौर, अर्पण सैनी, उज्ज्वल सिंह, आबिद हुसैन एवं करणवीर सिंह आदि शामिल रहे।

# महाराणा प्रताप के संघर्ष और चेतक की वीरगाथा पर प्रकाश डाला

## 'नमन हल्दी घाटी' कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में आयोजित 'नमन हल्दी घाटी' कार्यक्रम ने महाराणा प्रताप के शौर्य, चेतक की वीरता और हल्दी घाटी युद्ध के ऐतिहासिक महत्व को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का उद्‌घोष स्वाभिमान का प्रण था, हल्दी घाटी का रण था ने सभी को राष्ट्रीय गौरव से ओत-प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम का प्रथम चरण ओम फार्म हाउस के सभागार में आरंभ हुआ, जहाँ विचार गोष्ठी के माध्यम से हल्दी घाटी युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, महाराणा प्रताप के संघर्ष और चेतक की वीरगाथा पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ताओं में पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, संरक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, जिला क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के अध्यक्ष धर्मेश चौहान, डॉ. आर.के.



चौहान, डॉ. वी.के. सिंह आदि ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का सर्वाधिक भावुक पल तब आया जब महासंघ के संरक्षक डॉ. लोकेंद्र सिंह चौहान हल्दी घाटी की पावन मिट्टी लेकर पधारे। मिट्टी से तिलक करते ही पूरा सभागार 'मेरे देश की पावन माटी को, नमन है, हल्दी घाटी को।' के जयघोष से गूँज उठा।

वीर रस से ओतप्रोत काव्य गोष्ठी में डॉ. पूनम चौहान, डॉ. अनिल शर्मा, राजकुमार वर्मा, गीतक. ार नरेंद्र जीत अनाम, डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत और जगदीश सिंह चौहान ने महाराणा प्रताप के बलिदान, चेतक की वीरता और घास की रोटियों की गाथा को काव्य के माध्यम से जीवंत कर दिया।

इस अवसर पर कुंवर आशीष राजपूत (युवा अध्यक्ष), धनंजय सिंह (महामंत्री), भूपेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर रविकांत, नागेश्वर दयाल गहलोत, इंजीनियर डी.बी. सिंह, रेखा सिंह, ज्योति सिंह, भाजपा धामपुर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रवेन्द्र सिंह ने सभी आगंतुकों, कवियों और संगठनकर्ताओं का आभार जताया।

# आशा कार्यकर्ताओं को योग प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एएनएम प्रशिक्षण केंद्र नहटौर पर 125 एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को सामूहिक योग प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग गुरुवार को देकर 21 जून हेतु योग वॉलिंटियर्स के रूप में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया।

योग सहायक हिमानी द्वारा ग्रीवा चालान, स्कंद चालान, कटी चालान, घुटना चालान क्रियाओं का अभ्यास प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु ज्यादा से ज्यादा योग वॉलिंटियर्स बनाए जा सके और प्रत्येक गांव, पार्क, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टेडियम आदि में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम संचालित किया जा सके। इस अवसर पर ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, अर्धुस्त्रासन, भुजंगासन, साल्वेशन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अमित कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण लेने वालों में अनुज कुमारी, गीता, पूजा देवी, साधना चौहान, हिमांशी, ममता देवी, दयावती, उषा देवी, उर्मिला देवी, मिथिलेश, कविता, मोनिका, सपना, हेमा कुमारी, उमेश कुमारी, सुनीता रानी, लियो देवी, नीतू, अनीता, अनीता, शोभा देवी, कमलेश देवी आदि उपस्थित रही।

# धामपुर में मौहल्ला चौपालों का आयोजन

## मोदी सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के विभिन्न मोहल्लों में आयोजित मोहल्ला चौपालों में सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया गया।

नगर के बाड़वान मोहल्ला स्थित होली चौक पर आयोजित मोहल्ला चौपाल में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसौदिया ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मोदी सरकार ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के 206 देशों में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां 60 करोड़ से अधिक नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष ने बताया कि 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस



कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को घर जैसी कई योजनाएं इस सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की इन उपलब्धियों को प्रत्येक घर तक पहुंचाएं। उन्होंने चौपालों में वितरित सरकारी पत्रकों में उल्लेखित योजनाओं की जानकारी जनसाधारण तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया।

# बिजली का बकाया बिल जल्द जमा करें उपभोक्ता : एसडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विद्युत विभाग के एसडीओ नाजिम अहमद ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर अपने बिजली के बकाया बिलों का भुगतान करें। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया है। उनके कनेक्शन काटने की कार्यवाही जल्द ही शुरू की जाएगी। एसडीओ ने कहा कि विभाग बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कई उपभोक्ता बिल जमा नहीं कर रहे हैं, जिससे विभाग को राजस्व हानि हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बकायेदारों को नोटिस भेजे जा चुके हैं और अब जल्द ही विजिलेंस टीम के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नाजिम अहमद ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जो उपभोक्ता बकाया बिल जमा करेंगे, उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। वहीं जो उपेक्षा करेंगे उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। बिजली



का बकाया बिल जल्दी जमा करें और एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनकर विद्युत विभाग का सहयोग करें। हमारा लक्ष्य की नगर में क्षेत्र के लोगों को बिजली से संबंधित कोई भी परेशानी नहीं आए और विद्युत व्यवस्था सही मिलती रहे। नाजिम अहमद ने कहा कि यदि किसी भी उपभोक्ता का बिजली का बिल में किसी प्रकार की कोई कमी है या उसके मीटर में किसी प्रकार की कोई परेशानी आ रही है तो जानकारी तुरंत विद्युत कर्मचारी को दें, उसका समाधान तुरंत किया जाएगा।

# राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

## कार्यकर्ताओं ने की दीर्घायु की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कुरी हाउस में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी एवं कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष चौधरी फहीम उर रहमान के निवास पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने केक काटकर राहुल गांधी के दीर्घायु की कामना की।

वक्ताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की नीतियों और जनहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र संविधान और भाईचारे की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर



स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित कर समाज सेवा का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत करने के लिए संकल्प लिया।

वहीं कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष चौधरी फहीम उर रहमान व कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल संयुक्त रूप से कहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी को नई दिशा मिली है और कांग्रेस पार्टी देश की जनता के हित के लिए काम कर रही है। बिना किसी भेदभाव के देश की जनता को बढ़ती महंगाई एवं युवाओं को बेरोजगारी के मुद्दे को विधानसभा से लेकर लोकसभा तक प्रमुखता से कांग्रेसी नेता उठा रहे हैं, जिससे आज देश की जनता फिर से कांग्रेस को उम्मीद की नजरों से देख रही है।

इस मौके पर कांग्रेस आईटीआई विभाग के जिला चेयरमेन रिफाकत चौधरी, डॉ. यज्ञदत्त गौंड, आसिफ कुरैशी, पूर्व सभासद मुस्तकीम अहमद, वली उर रहमान, नय्यर चौधरी, बबलू अहमद, नजाकत चौधरी, हाजी गफ्फार आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों का एकीकरण देगा निजीकरण को बढ़ावा: चंद्रहास सिंह

## बेरोजगारी को मिलेगा बढ़ावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालय में मर्ज करना सरकार का खेदजनक कदम है।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पेयरिंग (एकीकरण) से शिक्षा व्यवस्था में नवाचार एवं सुधार के अपार संभावनाएं व भौतिक संसाधन बढ़ेंगे आदि सपने दिखा कर प्रदेश के 2700 से अधिक विद्यालयों को मर्ज कर सरकार गरीबों से शिक्षा छिनने का काम कर रही है। साथ प्रदेश के योग्य डिग्रीधारी बेरोजगारों को रोजगार से दूर कर रही है। सरकार को यह आदेश वापस लेना चाहिए और बेसिक शिक्षा विभाग में नए पद



सृजित कर भर्ती निकालनी चाहिए, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी का ग्राफ कम होगा। देश की शिक्षा पर पूंजीपतियों का कब्जा है और यह कदम भी निजी विद्यालयों को और मजबूत करने का रास्ता है। सरकार को बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के पेयरिंग (एकीकरण) के शासनादेश को वापस लेते हुए शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए और अच्छे संसाधनों को देना चाहिए।

## एक नजर

### पुराने विवाद में बारातियों से मारपीट

**न्हटौर।** गांव बेगराजपुर में पुराने विवाद को लेकर बारातियों व ग्रामीणों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें चार बाराती घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस को एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। ग्राम बेगराजपुर में दत्तियाना से बारात आई थी। बताया जाता है कि एक साल पहले हुए एक मामले को लेकर बारात पक्ष के कुछ लोगों की एक ग्राम निवासी व्यक्ति से कहासुनी हो गई। जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हों गयी। बारात में आये लोगों ने आरोप लगाया कि ग्रामीण पक्ष के लोगों ने बारात में आये छिन्दोक निवासी तोसिर पुत्र मोहम्मद यामीन 48 वर्ष, जाकिर पुत्र साबिर निवासी दतियाना 30 वर्ष, बाबू पुत्र छिद्दू ढकिया चांदपुर 51 वर्ष आदि के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। मामले में दोनों पक्षो ने बुधवार की देर रात्रि को थाने पहुंच गए और दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया मामले में दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### जीवन में योग का महत्व बताया



**स्योहारा।** सीएचसी में डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि शासन के आदेशों के क्रम में 21 जून को मनाए जाने वाले 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त आशा संगिनी व एएनएम आदि को सरकार की गाइड लाइन के अनुसार जिले से आए योग प्रशिक्षको संदीप दुबे और सरिता रानी द्वारा सभी को योगा प्रोटोकोल के तहत योग कराया और योग का दैनिक जीवन में महत्व भी बताया। उनके द्वारा कई महत्वपूर्ण बीमारियों में योग के महत्व को भी बताया गया। इसके बाद योग क्रियाओं जैसे ताड़ासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, उत्तानमण्डुक, उष्ट्रासन, वक्रासन, मक्रासन, शलभासन, सेतुबंध, अनुलोम विलोम, कपालभाती, भ्रामरी का अभ्यास करवाते हुए इन क्रियाओं के लाभों की भी जानकारी दी गई। इस दौरान हैल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र रावत, योगेश कुमार, प्रदीप रावत, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डीओ राशि, अनम, ब्लॉक लेखा प्रबंधक हरिओम के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### पत्रकार डा.सुआलेह के निधन पर शोकसभा

**शेरकोट।** मोहल्ला शेखान स्थित बृहस्पतिवार को अबरार मंसूरी के आवास पर पत्रकारो की हुई बैठक में स्योहारा के वरिष्ठ पत्रकार डा.सुआलेह उर्फ शब्बू के अचानक निधन पर क्षेत्र भर के पत्रकारों में शोक व्याप्त किया। शोक सभा में पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पत्रकारिता के क्षेत्र में दिये गये योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डा. शब्बू न केवल एक पत्रकार थे बल्कि



एक मजबूत स्तंभ थे, जिन्होंने कई संस्थानों में अपनी ईमानदारी और निष्टा के बल पर लोहा मनवाया। पत्रकारिता जगत के लिए बड़ी हानि है। इस मौके पर डाक्टर शहनावाज, विजय वर्मा, बोनी रस्तोगी, सुहैल इदरीसी, धर्मवीर राजपूत, शफाकत भारती, विपिन कर्णवाल, अदनान राईन, अनीस खान, अबरार अहमद, गुफरान राजा, शारुख मलिक, रणजीत उर्फ दारा सहित आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# विकास भवन गेट पर भाकियू का धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत आज एआर कोऑपरेटिव विकास भवन में हुई। पूर्व में भी भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से एआर कोऑपरेटिव को अवगत कराया था कि शासन आदेश अनुसार समितियों में जो किसान ऋण लेते थे उस पर 3% ब्याज दिया जाता था लेकिन अब बिना अवगत कराए उसे 7% कर दिया गया, जिससे किसानों में भारी रोष है।

इसी प्रकरण को लेकर भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल एआर कोऑपरेटिव बिजनौर से मिला। ए आर कोऑपरेटिव ने कहा कि मैं उच्च अधिकारियों से मिलकर इसमें कोई ना कोई सकारात्मक रास्ता निकालूगा लेकिन समय बीतने के बाद भी कोई समाधान ना होता देख आज भारतीय किसान यूनियन के लोग बिजनौर विकास भवन में आए। एआर के व्यवहार को देखते हुए मजबूरन विकास भवन के मेन गेट पर धरना प्रदर्शन करना पड़ा, जिसकी मध्यस्थता करने नायब तहसीलदार राजकुमार, सीओ सिटी किसानों के बीच आए और वार्ता की पहले दौर की वार्ता में कोई सहमति नहीं बनी। दोबारा फिर एसडीएम सदर अवनीश त्यागी, सीडीओ पूर्ण बोरा और सीओ सिटी विकास भवन में पहुंचे और किसानों से वार्ता की।

आज के धरना प्रदर्शन में ठाकुर राम अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, जितेंद्र पहलवान, नरदेव सिंह, दिनेश कुमार, मुनेंद्र काकरान, डॉ. विजय सिंह, रोहित राणा, कोमन सिंह, विजय पहलवान, संदीप चौधरी, मनप्रीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# पोर्टल बंद होने के बावजूद अवैध खनन

## डंपर स्वामियों से की जा रही उगाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तराखंड प्रदेश के जनपद पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत कोटद्वार से डंपर खनन सामग्री लेकर उत्तर प्रदेश के भागूवाला रायपुर एवं वीरू वाला में स्थित स्टोन क्रेशर पर खनन सामग्री उतारते हैं। इन डंपरों पर कोई भी वैध प्रपत्र नहीं होता है। सभी डंपर कौड़या रेंज से होकर नजीबाबाद थाना एवं रायपुर थाने की सीमा में प्रवेश करते हैं।

सूत्रों की माने तो वन विभाग भी मासिक एंट्री लेकर खूब वारे के नियारे कर रहा है। जबकि कोटद्वार में भी खनन पट्टे के पोर्टल 15 तारीख से पूर्ण रूप से बंद हो गए हैं। सूत्रों का कहना है कि फॉरेस्ट रेंज ऑफीसर राजेश (साहनपुर रेंज) 15 जून से पोर्टल बंद होने का फायदा उठाकर डंपर स्वामियों से अनावश्यक कारण बताकर अवैध उगाही कर रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि जिन डंपर स्वामियों द्वारा मासिक एंट्री करवाली गई है। उनकी तरफ सहानपुर रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर राजेश नजर उठा कर भी नहीं देखते। बिना मासिक शुल्क एंट्री दिए गए डंपरों को टारगेट बनाकर उनको रोक कर अवैध उगाही करते हैं। 16 जून को भी एक डंपर को रोककर उससे अवैध तरीके से 10000 रुपए वसूल कर छोड़ दिया गया था। उसको कोई जुर्माना या कोई रसीद नहीं दी गई थी। 17 जून को भी साहनपुर रेंजर राजेश ने एक डंपर को रोका और बिजोरी गांव के पास ले जाकर उसको खड़ा करवा दिया। उससे भी अवैध वसूली के रूप में 50000 रुपए मांगे जा रहे थे। सूत्रों के मुताबिक इसकी खबर मीडिया कर्मियों को लग गई। मीडियाकर्मी साहनपुर रेंज रेंजर ऑफिस पहुंचे और यह जानकारी करने की कोशिश की गई कि आप डंपर पकड़कर 50000 रुपयों की मांग रहे थे। तो उन्होंने इस बात को बदलते हुए यह कह डाला कि हां हमने 50000 रुपये मांगे हैं। लेकिन जुर्माने के रूप में मांगे हैं और मीडिया कर्मियों के साथ जितनी उनसे हो सकी अभद्रता की। क्योंकि मीडिया कर्मियों की वजह से उनके खेल में डंडा लग रहा था और रात को किसी वक्त दिखावे के रूप में जुर्माने के तौर पर रुपए 30000 की रसीद काट कर डंपर को छोड़ दिया गया।

इस संबंध में जब डीएफओ नजीबाबाद से बात करनी चाहिए, तो उन्होंने बार-बार फोन करने के बावजूद भी फोन उठाना गवारा नहीं समझा। इससे यह प्रतीत होता है कि डीएफओ नजीबाबाद भी इस कार्य में रेंजर राजेश के साथ सम्मिलित हैं। यह एक गंभीर चिंता का विषय है, अवैध खनन को रोकने के लिए और अधिक प्रभावी उपाय करने की जरूरत है। अवैध खनन यानी बिना अनुमति के खनन एक ऐसा काम है, जो ना केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि स्थानीय समुदायों और अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। अवैध खनन के कारण अक्सर वनों की कटाई मिट्टी का कटाव पानी और वायु प्रदूषण जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। राजस्व विभाग को भी लाखों रुपए का चुनाव लगता है। इस संबंध में जब एसडीएम नजीबाबाद से मीडिया कर्मियों द्वारा रूबरू होकर बात की गई, तो उन्होंने भी यह बात कहकर पल्ला झाड़ लिया कि इस संबंध में मैं कुछ नहीं बता सकता। उप जिलाधिकारी नजीबाबाद ही मीडिया कर्मियों के साथ जब इस तरह की बात कर रहे हैं, तो आखिर मीडियाकर्मी किस से जवाब ले। इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। आखिर किसके इशारे पर खेला जा रहा है। अवैध खनन का खेल। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार चाहे कितने ही प्रभावी रूप से कठो कदम उठा ले, लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों को सस्पेंड और निलंबित तक कर दिया गया है। इसके बावजूद भी भ्रष्ट अधिकारियों को सरकार का खौफ बिल्कुल नहीं है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो कि आईना दिखाने का काम करता है। लेकिन यदि पत्रकार इनसे सवाल और जवाब कर ले, तो उसी के साथ अभद्रता करने में यह कोई कमी नहीं छोड़ते। अब देखना यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार अवैध खनन को लेकर और पत्रकारों के साथ अभद्रता को लेकर क्या कार्यवाही करती है। जबकि 15 जून से पोर्टल पूर्ण रूप से बंद हो चुके हैं। इसके बावजूद भी अवैध खनन जारी है, तो अवैध खनन में सम्मिलित अधिकारियों पर क्या कार्यवाही होगी। रेंजर राजेश द्वारा पत्रकारों के साथ अभद्रता को लेकर क्षेत्र के पत्रकारों में रोष व्याप्त है।

# दिव्या ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया

## 19 साल की दिव्या देशमुख ने ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में होउ यिफान को पराजित कर शतरंज जगत में सबको चौंका दिया



**लंदन, वार्ता।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर वन होउ यिफान को हरा कर शतरंज जगत में सबकों चौंका दिया है। नागपुर निवासी 19 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंतिम गेम में 74 चालों में जीत दर्ज की।

डब्ल्यूआर शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली यिफान ने राउंड-रॉबिन सेमीफाइनल मुकाबले के पहले चरण में दिव्या को हराया था, लेकिन दिव्या ने दूसरे चरण में जोरदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआती लाभ का फायदा उठाया। दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि पर जमकर तरीफ बटोरी हैं। दिव्या ने हेक्सामाइंड शतरंज क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्लिट्ज सेमीफाइनल मैच के दूसरे चरण के वन होउ यिफान को हराया। टीम ने ब्लिट्ज प्रतियोगिता में कांस्य पदक और रैपिड प्रारूप में रजत पदक जीता। दिव्या ने व्यक्तिगत पदकों में टीम रजत (रैपिड), टीम कांस्य (ब्लिट्ज) और व्यक्तिगत कांस्य शामिल हैं। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती, इसके बाद 2014 में डरबन में अंडर-10 और वर्ष 2017 में ब्राजील में अंडर-12 श्रेणियों में विश्व युवा खिताब जीते। दिव्या जल्दी ही महिला एफआईडीई मास्टर बन गईं और अक्टूबर 2021 तक उन्होंने महिला ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल कर लिया। दिव्या ने 2024 में बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत की टीम स्वर्ण पदक दिलाया और विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज चैम्पियनशिप के ब्लिट्ज सेगमेंट में 2600 से अधिक प्रदर्शन रेटिंग प्राप्त करके व्यक्तिगत सम्मान अर्जित किया।

### यिफान को हराने पर पीएम ने दिव्या को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीएम ने गुरुवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में चीन की दिग्गज और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान पर ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज प्रतियोगिता के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर वन खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। पीएम की इस पोस्ट पर दिव्या देशमुख ने लिखा कि धन्यवाद, आदरणीय पीएम द्वारा मुझे सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी। इससे पहले इस सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। गुरुवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के अनावरण की घोषणा की। बोर्ड ने बताया कि पटौदी की विरासत को कोई हानि नहीं पहुंचेगी।

इस सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा।इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब इसका नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया है। इस मौके पर जेम्स एंडरसन ने कहा- मेरे और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि इस प्रतिष्ठित सीरीज का नाम सचिन और मेरे नाम पर रखा गया है। हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही कुछ खास रही है, जो इतिहास, तीव्रता और अविस्मरणीय क्षणों से भरपूर है। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट जीवन का प्रतीक है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं और अगर चीजें गलत हो जाती हैं तो यह आपको फिर से संगठित होने, सोचने, भूलने और वापसी करने के लिए एक और दिन देता है।



● सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईपीएल-2025 ने तोड़े व्युअरशिप के रिकॉर्ड

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 ने व्युअरशिप के कई रिकॉर्ड तोड़े। इसे टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्म 840 बिलियन मिनट से ज्यादा देखा गया। इतना ही नहीं, पंजाब किंग्स और रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया फाइनल मैच अब तक सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना है। आईपीएल के आफिशियल ब्राडकास्टर जियोस्टार ने गुरुवार को पिछले सीजन के आंकड़े जारी किए। इसके अनुसार, इस भारतीय लीग के 18वें सीजन का वाच टाइम 840 बिलियन मिनट रहा। वहीं, पंजाब-बेंगलुरु फाइनल ने सभी प्लेटफार्म पर 31.7 बिलियन मिनट व्यूइंग टाइम हासिल किया। टीवी पर इसे 169 मिलियन लोगों ने देखा। जबकि डिजिटल प्लेटफार्म पर 892 मिलियन वीडियो व्यू और पीक समय में 55 मिलियन दर्शकों के साथ नए रिकॉर्ड बनाया। अहमदाबाद में 3 जून को खेले गए इस मुकाबले में बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रन से हराया था। आरसीबी की टीम ने पहली बार आईपीएल टाइटल अपने नाम किया था। जियोस्टार के स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरियंस के ब्म्० संजोग गुप्ता ने कहा- श्व्युअरशिप के नंबर्स फैंस के प्रति हमारा कमेंटमेंट दिखाते हैं। लाइव में डिजिटल व्युअरशिप 29 प्रतिशत बढ़ी, टीवी में 49 प्रतिशत पिछले साल की तुलना में जियो सटार ने डिजिटल व्यूइंग में 29 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। इसने 23.1 बिलियन से ज्यादा व्यूज और 384.6 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया। वहीं, लीग की कनेक्ट टीवी ग्रोथ 49 प्रतिशत रही। स्टार स्पोर्ट्स ने 456 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया।

### सूखे मौसम से बैटर्स को मदद की उम्मीद

# पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज से

● लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, फरवरी से यहा बारिश नहीं हुई और मैदान सूखा पड़ा है

**लीड्स, वार्ता।** भारत का बहुप्रतीक्षित इंग्लैंड टेस्ट दौरा अब बिल्कुल करीब है। पांच टेस्ट की इस सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से खेला जाएगा। इस बार लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, जो आमतौर पर इंग्लैंड दौरे का तीसरा टेस्ट होता है। इस बार यहां का मौसम भी कुछ अलग है।

फरवरी से यहां बारिश नहीं हुई है और मैदान एकदम सूखा पड़ा है। इससे पिच की तैयारी भी अलग तरीके से की गई है। पिच 3 दिन पहले तक देखने में हरी जरूर लग रही थी, लेकिन टेस्ट से पहले इसे अच्छे से काटा और रोल किया जाएगा। पिच क्यूरेटर रिचर्ड राबिन्सन कहते हैं, 'हम चाहते हैं कि पिच अच्छी और संतुलित हो, ताकि बल्लेबाज शाट खेल सकें। राबिन्सन की इस मैदान से जुड़ी कई यादें हैं। बचपन में यहीं पर उन्होंने 1981 की प्रसिद्ध एशेज सीरीज देखी थी, जिसमें लीड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड फालोआन खेलकर 18 रन से जीत गया था। अब राबिन्सन इस ऐतिहासिक मैदान पर एक और टेस्ट की जमीन तैयार कर रहे हैं। मेजबान टीम की कोशिश पहले गेंदबाजी की होगी मौसम विभाग के मुताबिक, टेस्ट के दौरान तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि, इतनी गर्मी के बावजूद पिच के टूटने की संभावना कम है। पहले दिन कुछ स्विंग या सीम मूवमेंट जरूर मिल सकता है, लेकिन उसके बाद यह पिच सपाट हो जाएगी। ब्रेंडन के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने 22 में से 16 बार टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है, जिनमें से उसे 9 मैचों में जीत मिली है। वहीं, 6 बार पहले बल्लेबाजी चुनने वाली टीम सभी मैच हार गई।

# रोहित-विराट के बिना ड्रेसिंग रूम सूना होगा

● साथियों की गैरमौजूदगी पर छलका केएल राहुल का दर्द



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना ड्रेसिंग रूम साझा करना मुश्किल होगा। उनके बिना ड्रेसिंग रूम का माहौल सूना होगा। बता दें कि, विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी।

उनसे पहले रोहित शर्मा ने भी लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। इससे भारत को दोहरा झटका लगा था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम का एलान किया। केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ बातचीत में कहा- श्विराट और रोहित पिछले एक दशक से भारतीय क्रिकेट के स्तंभ रहे हैं और उनका न होना बहुत बड़ी कमी होगी। अपने अब तक के पूरे करियर में, मैं कभी भी ऐसी टीम के माहौल में नहीं गया, जहां न तो विराट और न ही रोहित मौजूद हों। केएल राहुल ने आगे कहा कि मैंने अब तक जितने भी टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से विराट या रोहित या दोनों ही हमेशा टीम का हिस्सा रहे हैं। उनके बिना ड्रेसिंग रूम में जाना थोड़ा अजीब जरूर लगेगा। लेकिन निश्चित रूप से उनके फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को अपना सबकुछ दिया है और वे हमेशा भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बने रहेंगे। लेकिन अब समय आ गया है कि हम सभी आगे आएं। भारतीय टीम इस सीरीज से विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गंभीर और गिल के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन रहना वाला है। पिछले कुछ समय से भारत का टेस्ट प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। किसी भी सीरीज से पहले इंट्रा स्क्वाड या अभ्यास मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। भारतीय टीम ने इंट्रा स्क्वाड मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना था जिससे विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी।

# कोहली के रिटायरमेंट के बाद नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे गिल



● हेंडिग्ले टेस्ट से पहले पंत ने कन्फर्म किया, कहा कि मैं नंबर-5 पर खेलूंगा

**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। जबकि वे खुद नंबर-5 पर खेलेंगे। 27 साल के पंत ने हेंडिग्ले टेस्ट से पहले कहा कि मिुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि नंबर-3 पर कौन खेलेगा, लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं 5वें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे।

12 मई को विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद भारतीय टीम में नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन खाली थी। इस पर कई दावेदार सामने आ रहे थे। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में नंबर-4 की पोजिशन सबसे अहम है। पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। गिल के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे पंत ने गिल के साथ अपने संबंध के सवाल पर कहा- श्मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है।

# इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीता भारत

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया फिर एक बार कोशिश के लिए तैयार है। टीम इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले के लीड्स स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के अनुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

टीम इंडिया 25 साल के युवा कप्तान शुभमन गिल की लीडरशिप में उतरेगी। वहीं इंग्लैंड की कमान 34 साल के अनुभवी आलराउंडर बेन स्टोक्स संभाल रहे हैं। 1932 में भारत ने इंग्लैंड के लार्ड्स स्टेडियम से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सफर करियर शुरू किया, लेकिन टीम यहां 94 साल में 3 ही टेस्ट सीरीज जीत सकी। भारत ने अपना क्रिकेट सफर 1932 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेल कर ही शुरू किया। कर्नल सीके नायडू ने मुकाबले में भारत की कप्तानी की। हालांकि, टीम को लार्ड्स स्टेडियम में 4 दिन चले मुकाबले में 158 रन से हार का सामना करना पड़ गया।

● 94 साल में 3 ही बार जीते, द्रविड़ ने दिलाई आखिरी सफलता

1932 से 2025 तक 94 साल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेलीं। भारत ने 3 जीतीं, जबकि 2 ड्रा खेलीं। वहीं 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लिश कंडीशंस में इंग्लैंड के खिलाफ भारत महज 13: टेस्ट जीत सका है। भारत को इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने में 39 साल लग गए। 1971 में टीम इंडिया ने अजीत वाडेकर की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 2 मैच ड्रा कराए, वहीं आखिरी मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत को इंग्लैंड में पहली सीरीज जीतने से पहले 6 सीरीज गंवानी पड़ी थीं। 1971 के बाद भारत ने इंग्लैंड में 3 लगातार सीरीज गंवाई, फिर कपिल देव की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज 2-0 से जीत ली। इसके बाद भारत ने 2002 में सौरव गांगुली की कप्तानी में 4 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा खेली, फिर 2007 में अगली ही सीरीज राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत ली। 2007 में जीत के बाद भारत को एमएस धोनी की कप्तानी में लगातार 2 सीरीज गंवानी पड़ीं।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप के लोगो का किया अनावरण

**चेन्नई, वार्ता।** हॉकी इंडिया और तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप 2025 के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। यहां आयोजित समारोह में हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 की मेजबानी के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और टूर्नामेंट के लोगो का आधिकारिक अनावरण भी किया।

आगामी 28 नवम्बर से 10 दिसंबर 2025 तक होने वाला यह दो सप्ताह का टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै शहरों में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में पहली बार दुनिया भर की 24 टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हमें गर्व है कि तमिलनाडु को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह न केवल हमारे राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। इस तरह के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करना सभी स्तरों पर खेल को समर्थन और विकास देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हॉकी इंडिया के महासचिव ने कहा कि चौथी बार एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करना एक सम्मान की बात है और प्रमुख खेल आयोजनों के एक भरोसेमंद और जोशीले मेजबान के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

# निसांका दोहरे शतक से चूके

**श्रीलंका, वार्ता।** पथुम निसांका (187) की शतकीय और दिनेश चांदीमल (53) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय चार विकेट पर 368 रन का स्कोर खड़ा कर बांग्लादेश को करारा जवाब दिया। यहां सुबह के सत्र में बांग्लादेश को 495 रन के स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पथुम निसांका और लहिरू उदारा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। 22वें ओवर में लहिरू उदारा (29) तैजुल इस्लाम ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई।

इसे बाद बल्लेबाजी करने आए दिनेश चांदीमल ने पथुम निसांका के साथ दूसरे विकेट लिए 157 रन जोड़े। 51वें ओवर में नईम हसन ने दिनेश चांदीमल (54) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। एंजलो मैथ्यूज (39) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। हसन महमूद ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे पथुम निसांका को बोल्ड कर बांग्लादेश को बड़ी सफलता दिलाई। पथुम निसांका ने अपनी 187 रनों की पारी में 256 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और एक छक्का लगाया। यह दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका के लिए बड़ा झटका रहा। दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका ने 93वें ओवर में चार विकेट पर 368 रन बना लिये है। वह अभी भी बांग्लादेश के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 127 रन पीछे है। कालमडु मेंडिस (नाबाद 37) और कप्तान धनंजय डीसिल्वा (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम, नईम हसन, हसन महमूद और मोमिनुल हक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के नौ विकेट पर 484 रन आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में बांग्लादेश ने कल के स्कोर में 11 रन जोड़े थे कि असिता फर्नांडो ने नाहिद राणा (शून्य) को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश की पारी का अंत पांच सौ के आंकड़े से पहले 495 के स्कोर पर कर दिया। हसन महमूद सात रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले मुशफिकुर रहीम ने (163), कप्तान नजमुल शान्तो ने (148) रनों की शतकीय तथा लिटन कुमार दास ने (90) रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेलकर बांग्लादेश को बड़ा स्कोर खड़ा करने में अहम योगदान दिया। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। श्रीलंका की ओर से असिता फर्नांडो ने चार विकेट लिए।

# ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी जेमिमाह रॉड्रिग्स



● डब्ल्यूबीबीएल के हुए ड्राफ्ट के दौरान जेमिमाह रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 में हिट ब्रिस्बेन के लिए खेलेंगी। डब्ल्यूबीबीएल के गुरुवार को हुए ड्राफ्ट के दौरान रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें रिटेन कर अपनी टीम में बनाये रखा। पिछले वर्ष हीट के लिए खेलते हुए रॉड्रिग्स ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्द्धशतक सहित कुल 267 रन बनाए थे।

रॉड्रिग्स ने रिटेन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं अपने परिवार के साथ वापस जुड़ गई हूं और टीम से जुड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। यह रॉड्रिग्स का चौथा डब्ल्यूबीबीएल सत्र होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की ओर से खेल चुकी हैं। कुल मिलकर उन्होंने इस लीग में 30 मैच की 28 पारियों में 26 को औसत और 121 के स्ट्राइक रेट से 644 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

## चोटिल विंडीज खिलाड़ी हेले मैथ्यूज की होगी सर्जरी

**एंटीगुआ, वार्ता।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज कंधे की चोट की सर्जरी करवाने के लिए कुछ समय के लिए मैदान से बाहर रहेंगी। मैथ्यूज को इंग्लैंड दौरे के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी, जिसके कारण वह सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल पाई थीं। कैरिबियाई 27 वर्षीय मैथ्यूज दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए वापस लौटीं। हालांकि वह आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप में वेस्टइंडीज की टीम हिस्सा नहीं होगी। मैथ्यूज सर्जरी कराकर 2026 तक पूरी तरह से फिट होना चाहती हैं।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 20 जून 2025

# अमेरिका का आचरण

अमेरिका का एक बार फिर दोहरा चरित्र सामने आया है। इस समय पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर अमेरिका के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उनके सम्मान में न सिर्फ व्हाइट हाउस में लंच दिया, बल्कि उनकी जमकर तारीफ भी की। लंच देने से कुछ घंटे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रम्प के बीच 35 मिनट तक फोन पर बात हुई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाक सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीज फायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प मुनीर से मुलाकात के बाद मीडिया में एक बार फिर कह बैठे कि यह युद्ध उनके प्रयासों से ही समाप्त हुआ था।

यह बात अलग है कि उन्होंने इसके लिए आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री मोदी की यह कहकर प्रशंसा भी की कि इनकी सूझबूझ और दूरदर्शिता के बीच ही सीजफायर संभव हो पाया था। मतलब साफ है कि अमेरिका की नजर में भारत और पाक एक समान हैं। इनमें कोई अंतर नहीं है, जबकि दुनिया जानती है कि पाक किस तरह आतंकवाद की पनाहगाह बना हुआ है, लेकिन लगता है कि अमेरिका को इससे कोई मतलब नहीं है। उसके लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। निश्चित रूप से ट्रम्प का यह व्यवहार भारत के लिए किसी से झटके से कम नहीं है। जाहिर है, जिस तरह का वातावरण बना हुआ है, इससे भारत में राजनीति तो गर्मानी ही थी, जो गर्माती भी दिखाई दे रही है। विपक्ष भारत की विदेश नीति को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

आरोप लगा रहा है कि यह भारत की विदेश नीति में कमी ही कही जाएगी कि विश्व में हम अकेले पड़ते जा रहे हैं। जिस ट्रम्प का हम कल तक गुणगान करते नहीं थकते थे वह भारत पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की होड़ में पीएम मोदी को बार-बार असहज कर रहा है। एक नहीं बल्कि 13 बार वह ऐसा अनेक अवसरों पर कह चुके हैं। अमेरिका में नहीं जब वह अमेरिका के बाहर दौरे पर होते हैं, तब भी वह यह कहते नहीं थकते कि उन्होंने ही भारत पाक के बीच सीजफायर कराया और उसका कारण भी बताते हैं कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर दोनों को सहमत होने के लिए मजबूर किया।

पाक के आर्मी चीफ आसिम मुनीर तो ट्रम्प के मेजबानी से इतने गदगद हैं कि उन्होंने उनको नोबेल पुरस्कार भी देने की बात कह डाली। उनकी नजर में जिस तरह उन्होंने शांति के लिए भारत-पाक के बीच युद्ध रोकने में मदद की उसके चलते ट्रम्प नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं। ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह भी चौंकाने वाले हैं। जैसाकि उन्होंने आसिम मुनीर की मौजूदगी में कहा कि इन दो बहुत चतुर लोगों ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था। जाहिर है, यह पूरा परिदृश्य बताता है कि भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। जहां तक बात भारत सरकार की है चाहे वह इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करे या न करे लेकिन उसकी तरफ से जिस तरह के संकेत आए हैं वह भ्रम की स्थिति ही पैदा कर रहे हैं और विपक्ष को हमलावर होने का मौका दे रहे हैं।

## भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर ध्यान



पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उनके मतभेद हैं, वे लोग कौन हैं, जिनके बारे में मैं बात कर रहा हूं। उन्हें आप (मीडिया वाले) अच्छे से जानते हैं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं, कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्धांत उन्हें पसंद हैं, 16 साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें अपना करीबी दोस्त और भाई मानते हैं, ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में जो डेलीगेशन कई देशों में गए थे और वहां क्या चर्चा हुई, इस बारे में हमारी पीएम से बात हुई, जब वे संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने थे, तब उन्होंने साफ कर दिया था उनका ध्यान भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर है, न कि कांग्रेस-भाजपा की विदेश नीति पर। **-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

# जीवनरक्षक घोल ने दुनिया को बदल दिया

हाल ही में एक गांव में फूड पॉइजनिंग हुआ। एक सामूहिक भोज में साफ-सफाई न होने की वजह से कई लोग बीमार हो गए और अगले ही दिन दर्जनों लोगों में अतिसार जैसे लक्षण दिखने लगे। इससे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। कई लोगों को अस्पताल ले जाना पड़ा, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में आए अधिकतर रोगियों को पाउडर का एक छोटा पैकेट दिया गया और उसे पानी में घोलकर पीने की विधि बताकर घर वापस भेज दिया गया।

आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व ऐसा कोई भी हादसा लोगों में दहशत और हताशा फैला देता था। उस समय अतिसार से विश्व में हर वर्ष 50 लाख बच्चों की मौतें होती थीं। हालांकि इलाज पर शोध चल रहा था, पर केवल एक ही कारगर इलाज उपलब्ध था-इंट्रावीनस पुनर्जलन (सलाइन चढ़ाना), यह तरीका महंगा था और गिने-चुने अस्पतालों में ही उपलब्ध होता था, खासकर गरीब और दूर-दराज के इलाकों के लिए तो यह नामुमकिन था। इस स्थिति में लोग गाजर का सूप, कैरब का आटा, सूखे केले और यहां तक कि भूखे रहने जैसे घरेलू इलाज आजमाते थे, लेकिन इनसे कोई खास फायदा नहीं होता था।

इनमें सबसे डरावना संक्रमण था ब्लू डेथ यानी हैजा। यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती थी और कुछ ही दिनों में पूरे गांव-शहर को तबाह कर सकती थी। 1971 के भारत-बांग्लादेश युद्ध के बाद, जब शरणार्थी शिविरों में साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं, तब वहां हैजा फैला। डॉक्टर दिलीप महलनोबीस उस समय सीमा के पास एक अस्थाई अस्पताल चला रहे थे।

बीमारी फैलने के पश्चात जल्दी ही अस्पताल में सलाइन (आईवी ड्रिप) खत्म हो गई। पर्याप्त उपकरण और प्रशिक्षित लोगों के अभाव में डॉ. महलनोबीस ने एक अलग रास्ता चुना। उनकी टीम ने नमक और ग्लूकोज के मिश्रण के पाउच बनाए और मरीजों को दिए। साथ ही उन्होंने मरीज के परिजनों को सिखाया कि इसे पानी में कैसे घोलना है और मरीज को पिलाना है। उन्होंने हैजा की चपेट में आए दूसरे इलाकों में भी यह विधि साझा की।

इसके परिणाम हैरतअंगेज थे, जहां पहले हैजा से 30 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती थी, वहीं इस साधारण घोल से यह दर घटकर 3.6 प्रतिशत रह गई। डॉ. महलनोबीस का छोटे स्तर पर किया गया यह प्रयोग, जल्दी ही दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया। इसने मौजूदा अनुसंधानों को नया जीवन दे दिया। दुनियाभर के डॉक्टरों ने इस विचार को अपनाया और 1978 में जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस (ORS) को विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा बना दिया गया। आज यूनिसेफ हर साल लगभग 10 करोड़ ओआरएस के पैकेट बांटता है।



### एक चमत्कारी उपाय

पचास साल बाद भी ओआरएस एक बेहतरीन जनस्वास्थ्य उपाय बना हुआ है। यह आसानी से उपलब्ध है, सस्ता है, इसे थोड़ा-सा प्रशिक्षण लेकर कोई भी इस्तेमाल कर सकता है और समुदाय में इसे आसानी से स्वीकार भी किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसका एक मानक फॉर्मूला बनाए रखता है और जरूरत के अनुसार उसमें बदलाव करता रहता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कम संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी सही दिशा-निर्देशों के साथ आसानी से बनाया और इस्तेमाल किया जा सकता है। महंगे इलाज की तुलना में ओआरएस बहुत सस्ता पड़ता है-यह मरीजों के लिए भी किफायती है और सरकारी स्वास्थ्य बजट पर भी कम बोझ डालता है।

प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्यकर्मी माता-पिता व देखभाल करने वालों को आसानी से इसकी जानकारी दे सकते हैं। घर पर देखभाल के जरिए, अगर शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो एक व्यवस्थित और जमीनी स्तर से स्वास्थ्य सेवा दी जा सकती है। ओआरएस का इस्तेमाल आसान है, जोखिम लगभग न के बराबर है, इसलिए आम लोगों के लिए यह बेहद उपयोगी और सहज उपाय है।

ओआरएस का असर साफ दिखाई देता है। शुरुआती आशंकाओं के बावजूद यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या का बेहद सरल और प्रभावी समाधान है। पांच वर्ष से छोटे बच्चों की मौतों में 32 प्रतिशत की कमी का श्रेय ओआरएस को जाता है। इसके साथ ही अतिसार की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मामलों में भी गिरावट देखी गई है। ओआरएस का उपयोग अचानक होने वाले अतिसार के इलाज के लिए तो सुस्थापित है ही, यह कुपोषण के इलाज में भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे समय तक अतिसार का कुपोषण से गहरा सम्बंध है। ऐसा माना जाता है कि ओआरएस ने दुनियाभर में 5 करोड़ बच्चों की जान बचाई है।

अगर ओआरएस का उपयोग सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंच जाए, तो अतिसार से होने वाली 93 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है।

### रुकावटें

ओआरएस एक असरदार इलाज है। देश में बढ़ते तापमान और ग्रीष्म लहरों के मद्देनजर इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, फिर भी इसके उपयोग में कई रुकावटें हैं। वर्ष 2012 में भारत में केवल 22 प्रतिशत लोगों तक ही ओआरएस की पहुंच थी। कई स्वास्थ्य अभियानों के बाद 2016 तक यह 48 प्रतिशत हो गई, लेकिन अभी भी मंजिल दूर है। दूसरी समस्या यह है कि लोग। चाहे डॉक्टर हों या मरीज, ओआरएस की प्रभावशीलता को कम आंकते हैं। इसलिए, जब केवल ओआरएस और जिंक से इलाज संभव होता है, तब भी कई बार गैर-जरूरी एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। इससे ना सिर्फ ओआरएस के फायदे अनदेखे रह जाते हैं, बल्कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया भी बढ़ते हैं, जो भविष्य में और बड़ी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ओआरएस को कैसे और कितनी मात्रा में इस्तेमाल करना है, इसकी जानकारी न होना एक और बड़ी चुनौती है। नतीजा यह होता है कि देखभाल करने वालों को अधूरी सलाह मिलती है। घर पर इलाज तभी सफल हो सकता है जब जानकारी सही और पूरी हो। इसके लिए केवल एक बार प्रशिक्षण देना काफी नहीं है, समय-समय पर पुनः प्रशिक्षण भी जरूरी होते हैं, ताकि समुदाय में एक सक्षम स्वास्थ्य कार्यकर्ता समूह बना रहे। ओआरएस के उपयोग में सरकारी और निजी स्वास्थ्य तंत्रों के बीच भी अंतर देखने को मिलता है। आंकड़े बताते हैं कि समय के साथ, निजी अस्पतालों में आने वाले मरीजों में ओआरएस का उपयोग घटा है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि भले ही निजी डॉक्टर ओआरएस लेने की सलाह देते हैं, लेकिन अक्सर वे अपने क्लीनिक या अस्पताल में इसे उपलब्ध नहीं कराते। साथ ही, जब आम लोग ओआरएस के फायदों को कम आंकते हैं, तो वे उसे लेना जरूरी नहीं समझते। इसके विपरीत, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अक्सर ओआरएस के पैकेट वहीं दे दिए जाते हैं, जिससे उनका उपयोग बढ़ता है। इसके अलावा, सरकार आम तौर पर बच्चों को ही ओआरएस देने पर ध्यान केंद्रित करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहले अतिसार से होने वाली मौतें ज्यादातर 5 साल से छोटे बच्चों में होती थीं, लेकिन अब जैसे-जैसे अतिसार से होने वाली मौतें कम हो रही हैं और लोगों की औसत उम्र बढ़ रही है, वैसे-वैसे बुजुर्गों में भी अतिसार से मृत्यु का खतरा बढ़ गया है। ऊपर से, जलवायु परिवर्तन और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के चलते अब ओआरएस सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी हो गया है।

**-राधिका शर्मा**
**(स्रोत फीचर्स)**

# हमें मित्र सोच-समझकर बनाने चाहिएं

**जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आग के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है।**

कुछ स्थानों पर लोग एक उच्च किस्म के गुलाब के साथ निम्नतर किस्म का गुलाब का पौधा लगा देते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का परागण अपने ही परागों से न हो जाए ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का वंश न चलता रहे। इस धारणा को यह रूपरेखा दी गई है ताकि परागण उच्चतर किस्म के गुलाबों से हो और निम्नतर किस्म के गुलाब का स्तर ऊंचा हो सके। यह सिद्धांत हमारे अपने जीवन में भी हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। यह कहा गया है कि कोई इंसान अपनी संगति से जाना जाता है। अगर हम अमीर बनना चाहते हैं तो हमें धनवान लोगों की सोहबत करनी चाहिए।

ऐसा करके हम उनके जैसे सोचने और उनके जैसे कार्य करने लगेंगे और हो सकता है, हम भी अमीर हो जाएं। अगर हम धावक बनना चाहते हैं तो हमें धावकों के साथ समय बिताना चाहिए। इस प्रकार हम उनके जैसा जीवन बिताने को प्रेरित होंगे। हम पाएंगे कि हम अधिक कसरत करेंगे, अपने आपको बलिष्ठ करेंगे, आहार पर ध्यान देंगे और दौड़ने का अभ्यास करेंगे। अगर हम लेखक बनना चाहते हैं तो हमें लेखकों की संगति में रहना चाहिए और उस कला का अनुसरण करने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी प्रकार अगर हम आध्यात्मिक रूप से विकसित होना चाहते हैं तो हमें ऐसे लोगों की संगति में रहना चाहिए जो स्वयं आध्यात्मिक रूप से विकसित हो चुके हैं। ऐसे लोगों के बीच में हम आत्मा-परमात्मा के सोच-विचार में अधिक समय व्यतीत करेंगे, आध्यात्मिक विषयों पर बातचीत करेंगे और आध्यात्मिक अभ्यासों में समय बिताएंगे। अगर हम किसी ऐसे के साथ समय व्यतीत करेंगे, जो ध्यान-अभ्यास करता हो, तो हो सकता है हम भी ध्यान-अभ्यास करने लगें। अगर हम उन लोगों की संगति में रहेंगे जो सदाचारी जीवन और सद्‌गुणों को महत्त्व देते हैं तो हम पाएंगे कि हम भी वैसा ही करने लगेंगे। हम अपनी संगति पर ध्यान दें। क्या हम ऐसे मित्र चुनते हैं जो कि हमारे व्यक्तिगत विकास के लिए हमें गलत विकल्पों की ओर ले जाते हैं या हम ऐसे दोस्त चुनते हैं जो हमें आध्यात्मिक जीवन जीने में मदद करते हैं? जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आगे के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है, जिसके द्वारा हम रूहानी तौर से जाग सकते हैं।

ऐसी हस्ती के नजदीक आकर हमारा ध्यान जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों की ओर जाता है। वहां का वातावरण सीधे हमारी आत्मा से संपर्क करता है। जो कोई अपनी आत्मा को जान लेता है, उसकी ओर हमारी आत्मा खिंची जाती है। उसकी चुंबकीय शक्ति हमें ऊपर खींच लेती है और हमारा ध्यान अंतर में मौजूद रूहानी खज़ानों की ओर टिक जाता है। अगर हम अपने ध्यान-अभ्यास में सुधार चाहते हैं तो हम सोचें कि हम अपना समय कैसे बिताते हैं। अगर हम समय आध्यात्मिक रूप से जागृत और अध्यात्म में रूचि रखने वाले व्यक्तियों के साथ बिताते हैं तो हम पाएंगे कि हमारा ध्यान अधिक एकाग्र रहेगा और हमारा ध्यान-अभ्यास अधिक फल देगा। अपनी संगति को समझदारी से चुनकर हमें आध्यात्मिक पथ पर तरक्की करने में मदद मिलेगी।



**...साभार प्रभा**

# अमेरिका की डिप्लोमैटिक चाल, लंच टेबल पर पेश हुआ ईरान



**अक्षत श्रोत्री**

पाकिस्तान के सोकोल्ड फिल्ड मार्शल आसीम मुनीर को डोनाल्ड ट्रंप ने लंच पर बुलाया। इससे पाकिस्तान में दिवाली जैसा माहौल बन गया, लेकिन पाकिस्तान भूल गया कि ट्रंप बिना मतलब के किसी को अपने पास बैठाता नहीं है तो लंच तो बहुत दूर की बात है। अब इस डिपलोमैटिक चाल का मतलब समझ में आने लगा है। पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने कहा है कि अमेरिकी सेनाओं को ईरान में प्रवेश कर उसके परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भी संभावना है कि युद्ध समाप्त होने के बाद पाकिस्तान को ईरान की परमाणु आपूर्ति मिल जाए। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान को सहयोग के लिए या ईरानी परमाणु-समृद्ध सामग्री प्राप्त करने के लिए भुगतान न करने का आह्वान किया। रुबिन ने ईरान और पाकिस्तान को प्रतिस्पर्धी कहा, जबकि दोनों देश कभी-कभी सहयोग करते हैं।



उनकी टिप्पणी इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के बीच आई है, जो गुरुवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बात पर जोर देते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। रुबिन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान को सहयोगी कहना वास्तविकता नहीं बल्कि कूटनीतिक बयानबाजी है और यहां तक कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पूर्व सोवियत संघ के प्रधानमंत्री जोसेफ स्टालिन को अपना करीबी सहयोगी बताया था। ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के प्रमुख की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें उन्होंने आतंकवाद से निपटने में पाकिस्तान को अमेरिका का करीबी सहयोगी घोषित किया था, रुबिन ने जवाब दिया, याद रखें कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने जोसेफ स्टालिन के बारे में एक करीबी सहयोगी के रूप में बात की थी। यह कूटनीतिक बयानबाजी है।

यह वास्तविकता नहीं है। हर कोई पाकिस्तान को वैसा ही देखता है जैसा वह है, सिवाय शायद डोनाल्ड ट्रम्प के। इसलिए जबकि डोनाल्ड ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर पाकिस्तान के कान में मीठी-मीठी बातें फुसफुसा सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वे पाकिस्तान से कुछ चाहते हैं। मैं जो तर्क दे रहा हूं वह यह है कि पाकिस्तान से हमें जो कुछ भी मिल सकता है वह पाकिस्तान को सहयोगी के रूप में रखने की कीमत के लायक नहीं है। पाकिस्तान के संदर्भ में अमेरिका द्वारा किए जा सकने वाले लाभ के बारे में आगे पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब बात इजरायल-ईरान संघर्ष की पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान से संपर्क साधने की आती है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका का वर्तमान रुख यह है कि ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से त्याग देना चाहिए।

एक तरफ, यह पाकिस्तान का हित हो सकता है। मैं 1998 के पाकिस्तान परमाणु परीक्षणों के तुरंत बाद ईरान में रहा था और उस समय अधिकांश ईरानियों ने सोचा था कि वे परीक्षण ईरान के खिलाफ ही थे। ईरान और पाकिस्तान प्रतिस्पर्धी हैं, भले ही कभी-कभी वे एक-दूसरे का सहयोग करते हुए पाए जाते हों, तो क्या ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ना पाकिस्तान के हित में है?

हां। राष्ट्रपति ट्रम्प शायद यही तर्क दे रहे हैं। हालांकि अगर यह पाकिस्तान के अपने हित में है, तो हमें पाकिस्तान को उसके हित में जो हासिल करना है, उसके लिए एक भी डॉलर नहीं देना चाहिए। साथ ही, अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है, तो इसके लिए अमेरिकी सेना, विशेष बलों की घुसपैठ की जरूरत हो सकती है, और हमें इसके लिए अनुमति मिल सकती है। अगर हम युद्ध समाप्त होने के बाद ईरान की परमाणु आपूर्ति को ट्रक से बाहर ले जाने जा रहे हैं, तो उन आपूर्तियों को कहीं न कहीं जाना होगा और इसलिए शायद इस बात पर कुछ चर्चा हो रही है कि पाकिस्तान को वे आपूर्तियां मिल सकती हैं। फिर से, परिस्थिति कक्ष या विदेश मंत्रालय के बोर्डरूम, कॉन्फ्रेंस रूम में जो अच्छा लगता है, वह वास्तव में जरूरी नहीं है। ऐसा कोई तरीका नहीं है कि पाकिस्तान को सहयोग के लिए भुगतान किया जाए या उसे ईरान की किसी भी परमाणु समृद्ध सामग्री का प्राप्तकर्ता बनाया जाए, उन्होंने आगे कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ लंच मीटिंग की।

उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि व्हाइट हाउस में हुई इस मीटिंग में उन्होंने असीम मुनीर के साथ ईरान के मुद्दे पर भी चर्चा की। मुनीर से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान ईरान को ष्बहुत अच्छी तरह से जानता है और वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ईरान पर चर्चा की, तो ट्रंप ने कहा, हां, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, ज्यादातर लोगों से बेहतर। वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि वे इजराइल के साथ बुरे हैं। वे दोनों को जानते हैं, वास्तव में, लेकिन वे शायद ईरान को बेहतर जानते हैं, लेकिन, वे देखते हैं कि क्या हो रहा है, और वे मुझसे सहमत हैं। जैसा कि ईरान और इजराइल ने हमले जारी रखे हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को अमेरिकी विकल्पों पर चर्चा करने के लिए एक सिचुएशन रूम मीटिंग की, सीएनएन ने बताया। गुरुवार को, इजराइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वायु सेना तेहरान और ईरान के अन्य हिस्सों में हमलों की एक श्रंखला को अंजाम दे रही है। इससे पहले, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा था कि तेहरान पर हवाई रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। 13 जून को, इजराइल ने ईरानी सैन्य और परमाणु स्थलों पर एक बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया, जिसे ऑपरेशन राइजिंग लॉयन नाम दिया गया। इससे पहले, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया है, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान है। उन्होंने कहा कि यह मिशन इस खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे उतने दिन तक जारी रहेगा। जवाब में, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स ने बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल ऑपरेशन ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू किया, जिसमें इजरायली लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन सुविधाओं और ऊर्जा आपूर्ति केंद्रों को निशाना बनाया गया, ईरानी समाचार एजेंसी IRNA ने बताया। यह हमले इजरायली आक्रामकता के खिलाफ सीधे जवाबी कार्रवाई में किए गए थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नोबेल की चाहत में पाक आर्मी चीफ के साथ ट्रम्प की गलबहियां

# ट्रम्प की मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल प्राइज मिलना चाहिए उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाया: आसिम मुनीर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है। यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है।

उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले आपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं। मुनीर की तारीफ में ट्रम्प बोले: संघर्ष रोकने में इनकी अहम भूमिका मुनीर से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस लान में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इस आदमी ने पाकिस्तान की तरफ से इसे (भारत-पाकिस्तान लड़ाई) रोकने में अहम भूमिका निभाई। ट्रम्प ने बताया कि मुनीर के साथ उनकी ईरान-इजरायल संघर्ष पर भी चर्चा हुई। मुनीर से मुलाकात से पहले भी ट्रम्प ने मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने कहा, श्मैंने उन्हें (मुनीर) यहां इसलिए बुलाया है क्योंकि मैं उन्हें भारत के साथ युद्ध में नहीं उतरने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कुछ दिन पहले ही यहां से गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। इन दो बहुत ही चतुर लोगों (पीएम मोदी और आसिम मुनीर) ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था।

पाकिस्तान और भारत दो बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। अमेरिका में मुनीर के खिलाफ पाकिस्तानियों ने नारेबाजी की इससे पहले मुनीर ने मंगलवार को वाशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा: भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं। मुनीर ने ईरान-इजरायल युद्ध खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। हालांकि पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया।

## ट्रम्प को नहीं है इतिहास की समझ

■ नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से हैं वशीभूत: रुबिन

**वाशिंगटन।** पेंटागन के पूर्व अधिक. ारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधार्थी माइकल रुबिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित करने के फैसले को गलत करार देते हुए कहा है कि ट्रम्प को इतिहास की समझ नहीं है और वह नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से वशीभूत होकर फैसले कर रहे हैं। रुबिन ने एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका का मतलब केवल अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं, बल्कि अमेरिकी कांग्रेस है जो द्विदलीय है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को जायज और राष्ट्रपति ट्रम्प के पाकिस्तान की प्रशंसा वाले बयान को निरर्थक बताया है। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकी संगठनों को पनाह और प्रायोजन तुरंत बंद करने की नसीहत भी दी।

रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान को मेरी सलाह है कि वह अपने आतंकवादी प्रायोजन को बंद कर दे। यह किसी भी विश्व नेता का लाभ उठाने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। वास्तव में हम इसे पाकिस्तान की अपनी आंतरिक कलह के साथ देखते हैं कि उसने इसकी बहुत कीमत चुकाई है।

## भारी बारिश...



**खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा में भारी बारिश के कारण बनई नदी पर बना पुल टूट गया जिस पर फंसा खड़ा एक ट्रक।**

## ईरानी हमले का निशाना सैन्य ठिकाने, अस्पताल नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि दक्षिण इजरायल पर किए गए ईरानी हमलों का निशाना इजरायली सैन्य खुफिया ठिकाने थे और अस्पताल को निशाना नहीं बनाया था। ईरान की सरकारी समाचार समिति इरना ने गुरुवार को बताया कि मीडिया की कुछ रिपोर्टों में इस प्रकार की गलत जानकारी दी जा रही है। ईरान के अनुसार, हमले इजरायली सेना के सी41 टेलीकम्युनिकेशन कॉर्प्स मुख्यालय और एक खुफिया इकाई पर किए गए थे। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि जिस अस्पताल की चर्चा हो रही है, वह धमाके के असर से प्रभावित हुआ। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ईरानी मिसाइल ने दक्षिण इजरायल के बेर्शेबा शहर में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस बीच इजरायली मीडिया ने टूटी हुई खिड़कियों और काले धुएं की तस्वीरें भी जारी की हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने लोग घायल हुए हैं। ईरानी सरकारी टेलीविज़न ने बताया कि इज़रायल ने जवाबी कार्रवाई में ईरान के अराक भारी जल (हेवी वॉटर) संयंत्र पर हमला किया।

## रूस ईरान के परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग का इच्छुक

■ अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस इजरायल की सुरक्षा चिंताओं का ध्यान रखते हुए ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग करने को तैयार है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यहां प्रमुख वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही।

रूसी राष्ट्रपति ने इस बारे में किसी भी प्रकार के ब्यौरे का खुलासा किए बिना पुष्टि की कि रूस ने इजरायल और अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की है और अपने ईरानी समकक्षों को इस आशय के प्रस्तावों से अवगत भी कराया है। उन्होंने कहा सामान्य तौर पर शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में ईरान के हितों को पूरा करना और साथ ही इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा संबधी चिंताओं का ध्यान रखना संभव है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस ने ईरान की परमाणु गतिविधियों पर 'आसपास' के क्षेत्रों में चल रहे तनावों के लिए 'संभावित समाधान' का प्रस्ताव दिया है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है। पुतिन ने कहा कि रूस और ईरान के बीच गहरा विश्वास कृषि और चिकित्सा सहित परमाणु प्रौद्योगिकियों के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की अनुमति देता है। पुतिन ने ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम में रूस की दीर्घकालिक भागीदारी को भी याद किया जिसमें बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का पूरा होना भी शामिल है। मूल रूप से जर्मन फर्मों द्वारा डिजाइन की गई इस परियोजना को बाद में रूस के राज्य परमाणु निगम, रोसाटॉम ने पूरा किया था।

## चार साल में 50 लाख शरणार्थी लौटे अफगानिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले चार वर्षों के दौरान 50 लाख से अधिक लोग शरणार्थी का दर्जा त्याग कर वतन वापस लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मुतालिब हक्कानी ने दी यह जानकारी दी है। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो एवं टेलीविजन (आरटीए) ने बुधवार रात हक्कानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान द्वारा सत्ता संभालने के बाद से 310000 परिवार, जिनकी संख्या कुल सदस्य संख्या 2848000 है, पाकिस्तान, ईरान और तुर्की से अपने वतन अफगानिस्तान लौट आए हैं।

# ईरान में इजरायल के लिए काम करने वाले 18 लोग गिरफ्तार



**तेहरान।** इजरायल के लिए जासूसी करने और कामिकेज़ ड्रोन के डिजाइन करने के आरोप में 18 लोगों को ईरान के पूर्वोत्तर प्रांत रज़ावी खोरासान के मशहद शहर में हिरासत में लिया गया है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

वहीं आईएसएनए समाचार एजेंसी ने अपनी बताया कि ईरान के खुफिया विभाग ने दक्षिण-पश्चिमी कोगिलुयेह और बोयर-अहमद प्रांत में इजरायल के लिए काम कर रहे एक संगठित समूह को मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समूह के सदस्यों ने ईरान के विभिन्न शहरों में हथियार और प्रचार पत्रक वितरित करने की योजना बनाई थी। गौरतलब है कि इजरायल ने 13 जून को तड़के ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया और ईरान पर एक गुप्त सैन्य परमाणु कार्यक्रम को लागू करने का आरोप लगाया गया। इजरायली वायु सेना ने तेहरान सहित पूरे ईरान में कई हमले किए थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस हमले को अपराध बताया और इजरायल को कड़े और और भयानक परिणाम भुगतने की धमकी दी।

ईरान ने 13 जून की शाम को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू करके जवाबी कार्रवाई की, जिसमें इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने 18 जून को कहा था कि एजेंसी ने इस बात के ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान के पास सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम है।

# भारत-क्रोएशिया का आतंकवाद के वित्त पोषण नेटवर्क को ध्वस्त करने का आह्वान

■ दोनों पक्षों ने की आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा

**जागरेब।** भारत और क्रोएशिया ने आतंकवाद वित्त पोषण नेटवर्क को बड़ा खतरा बताते हुए संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से इस पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों तथा बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवाद के दोषियों को शीघ्र न्याय के कठघरे में खड़ा करने का आह्वान किया है।

तीन देशों साइप्रस, कनाड़ा और क्रोएशिया की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बुधवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस वार्ता के बाद जारी वक्तव्य में दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए यह आह्वान किया। दोनों पक्षों ने चार समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। इनमें कृषि सहयोग पर समझौता ज्ञापन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम,सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और जागरेब विश्वविद्यालय में हिंदी चेयर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन शामिल है।

वक्तव्य में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की यात्रा ने द्विपक्षीय साझेदारी को नई गति दी है, जिससे पता चला है कि दोनों अर्थव्यवस्था विशेष रूप से पर्यटन, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में एक दूसरे की पूरक हैं। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री प्लेनकोविच और क्रोएशिया को धन्यवाद दिया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के दृष्टिकोण को दोहराया और इसके औचित्य को किसी भी परिस्थिति में सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराए जाने पर जोर देते हुए आतंकवादियों को 'प्रॉक्सी' के रूप में इस्तेमाल करने की निंदा की।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति, आतंकवाद से संबंधित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों ने संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने, आतंकवादी बुनियादी ढांचे को खत्म करने और आतंकवाद के अपराधियों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

## ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराया विमान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास का एक विमान बुधवार रात ब्रिस्बेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय मीडिया ब्रिस्बेन टाइम्स ने गुरुवार सुबह अपनी रिपोर्ट बताया कि बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6:40 बजे न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन से ब्रिस्बेन में उतरने के बाद फ्लाइट क्यूएफ 186 ने जेट ब्रिज को टक्कर मार दी। अखबार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित तस्वीरों से पता चलता है कि इस घटना में बो. इंग 737-800 की विडस्क्रीन टूट गई। किसी के घायल होने की खबर नहीं है और यात्री सीढ़ियों के रास्ते विमान से उतर गए।

# बाली हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा फिर से शुरू

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रिसॉर्ट द्वीप बाली के आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा गुरुवार को फिर से बहाल हो गई हैं। हवाई अड्डे और एक सरकारी संस्थान ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

दरअसल पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी पर ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम होने के कारण विमान सेवा को फिर से शुरु करने का फैसला किया गया। आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संचार और कानूनी प्रभाग के प्रमुख गेडे एका सैंडी असमादी ने इसकी पुष्टि की और उन्होंने कहा कि उड़ान सेवा फिर से बहाल कर दिई गई है। आज हवाई अड्डे की वेबसाइट पर अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कोई रिपोर्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी विस्फोट के कारण पहले रद्द की गई कई एयरलाइन उड़ानें धीरे-धीरे संचालन में वापस आ गई हैं। ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ने मंगलवार की गतिविधि के बाद धीरे-धीरे ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम हो गया है, जिससे राख का एक कॉलम आकाश में 10 किलोमीटर तक ऊपर तक फैल गया। केंद्र के अनुसार गुरुवार को विस्फोट जारी रहा लेकिन राख दिखाई नहीं दे रही थी।

## चीन की दुर्लभ खानिजों के निर्यात की समीक्षा प्रक्रिया में तेजी

**बीजिंग।** वैश्विक आपूर्ति शृंखला की स्थिरता को अहम मानते हुए, चीन में दुर्लभ खनिजों के निर्यात लाइसेंस की प्रक्रिया में तेजी आई है। यह काम देश के कानूनों और नियमों के मुताबिक किया जा रहा है। चीन ने कानूनी प्रकिया में कुछ निर्यात लाइसेंस आवेदनों को मंजूरी दी है और आगे भी ऐसे आवेदनों की समीक्षा और मंजूरी की प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता हे याडोंग ने गुरुवार को कहा कि चीन निर्यात नियंत्रण को लेकर संबंधित देशों के साथ संवाद बढ़ाने और नियमों के तहत व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार है। दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुरक्षा और भू-राजनी. तिक तनावों के बीच चीन पर अंतर्राष्ट्रीय नजर बढ़ी है।

## पाकिस्तान ने अरबों की ऊर्जा योजना को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के संघीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बिजली क्षेत्र में चक्रीय ऋण (सर्कुलर डेब्ट) से निपटने के लिए 1.275 खरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 4.6 अरब डॉलर) की योजना को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता और निवेशकों का विश्वास बहाल करना है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह योजना स्थाई सुधार लाने के साथ राजकोषीय बोझ को कम करेगी और राष्ट्रीय बजट पर दबाव डाले बिना देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। इस बीच देश के ऊर्जा मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा है कि छह वर्षीय इस योजना को घरेलू वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से तीन महीने के कराची इंटरबैंक ऑफ़र रेट (केआईबीओआर) से 0.9 प्रतिशत कम ब्याज दर पर वित्तपोषित किया जाएगा। इसका 24 त्रैमासिक किश्तों में पुनर्भुगतान किया जाएगा। लगभग 683 अरब रुपये का उपयोग पावर होल्डिग कंपनी की देनदारियों को पुनर्वित्त करने के लिए किया जाएगा जबकि शेष राशि स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के लंबे समय से बकाया चुकाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी।

# मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

## लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गई



■ आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया: धामाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का स्टारशिप-36 राकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ।

धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले राकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि राकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है। स्पेसएक्स ने इस हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है। कैमरन काउंटी के शेरिफ आफिस और स्थानीय पुलिस ने भी पुष्टि की कि कोई घायल नहीं हुआ। फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की, लेकिन राकेट और टेस्ट साइट को हुआ नुकसान इतना ज्यादा है कि स्पेसएक्स को अब अपनी 10वीं टेस्ट फ्लाइट की योजना पर फिर से काम करना पड़ेगा।

## ईराक ने किया अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान

**बगदाद।** इराक ने क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए इस्तांबुल में होने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) सम्मेलन के दौरान अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान किया है। इराकी विदेश मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने मिस्र के विद. ेश मंत्री बद्र अब्देलती के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह प्रस्ताव रखा। बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित बैठक का उद्देश्य तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर अरब देशों की स्थिति का समन्वय करना और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ मौजूदा चुनौतियों का समाधान निकालना है। इसे अलावा कि दोनों पक्षों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रमों, विशेष रूप से इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष और क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। एक अलग बयान के अनुसार, हुसैन को उनके तुर्की समकक्ष हकन फिदान ने कल फोन किया।